

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने बरता संयम
- 12



सोने की चमक बरकरार इस साल दिया 67 प्रतिशत रिटर्न
- 12



बेनिन में सैनिक विद्रोह तख्तापलट की भी कोशिश लेकिन विफल रहे
- 13



स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल ने रिश्ता खत्म करने की घोषणा की
- 14


आज का मौसम

$24.0^{0}$ अधिकतम तापमान

$11.0^{0}$ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.56 सूर्यास्त 05.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष चतुर्थी 04:03 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 8 दिसंबर 2025, वर्ष 6, अंक 251, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## प्रधानमंत्री आज वंदे मातरम् पर करेंगे चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे। इसमें राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना है। लोकसभा में 'राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा' सोमवार के लिए सूचीबद्ध है और इस पर बहस के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।



- राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना
- 150वीं वर्षगांठ पर बहस के लिए 10 घंटे का समय किया गया निर्धारित

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस चर्चा में दूसरे वक्ता होंगे। इस चर्चा में लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। संसद में यह चर्चा, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित और जदुनाथ भट्टाचार्य द्वारा संगीतबद्ध वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोह का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर 1937 में इस गीत से प्रमुख छंदों को हटाने और विभाजन के बीज बोने का आरोप लगाया था। सात नवंबर को, मोदी ने वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोहों की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच इस गीत के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे और स्वास्थ्य मंत्री एवं राज्यसभा के नेता जे पी नड्डा दूसरे वक्ता होंगे। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर भी चर्चा होगी।


## एनसीएमसी कार्ड एक, यात्रियों को फायदे अनेक

- एनसीएमसी कार्ड में अयोध्या काशीधाम दिखेगा
- ओपेन लूप सिस्टम से जुड़ी सभी प्रणालियों में हो सकेगा उपयोग

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** परिवहन निगम प्रबंधन का ड्रीम प्रोजेक्ट एनसीएमसी कार्ड (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड) जनवरी माह के अंत तक आ जाएगा।

परिवहन निगम प्रबंधन इसकी तैयारी पूरी कर चुका है। इस कार्ड का यात्री न केवल रोडवेज बसों में बल्कि मेट्रो व नगर बसों में भी इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। सिर्फ यूपी ही नहीं देश में जहां भी ओपेन लूप प्रणाली से सार्वजनिक परिवहन जुड़ा है, यह कार्ड वहां भी काम करेगा। कार्ड का प्रारूप आ गया है। एसबीआई की मदद से यह कार्ड विभिन्न सेवाओं में 'रन' करेगा। कार्ड में अयोध्या के राममंदिर और बाबा काशी विश्वनाथ के मंदिरों की झलक दिखाई देगी।




### कार्ड उपलब्ध कराएगा ये सहूलियतें

जिस सिस्टम पर चल रही होगी ओपेन लूप प्रणाली सभी में इस कार्ड का उपयोग हो सकेगा। इसके जरिए यात्री रोडवेज, नगर बसों, मेट्रो आदि में कैशलेस टिकट प्राप्त कर सफर कर सकेंगे। सिर्फ यही नहीं इसके माध्यम से दिल्ली मेट्रो समेत यूपी और देश के विभिन्न सार्वजनिक परिवहन वाहनों में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस कार्ड में यात्री अपनी आवश्यकतानुरूप पैसा भी भरवा सकेगा। अपनी जरूरत के मुताबिक पैसा रखकर इससे शॉपिंग भी की जा सकेगी।

### रोडवेज बसों में यात्री कर सकेंगे इसका उपयोग

प्रदेश परिवहन निगम के पास अनुबंधित और स्वयं बसों का बेड़ा करीब 13,000 से अधिक है। इन सभी में यात्रा के दौरान इस कार्ड का उपयोग किया जा सकेगा। टिकट मशीनों में इसका इस्तेमाल किया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से इसे लागू किया जाएगा। पहले चरण में लखनऊ और गाजियाबाद क्षेत्र में बतौर ट्रायल इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके बाद पूरे प्रदेश में इसे लागू कर दिया जाएगा।

यात्रियों के लिए परिवहन निगम का यह कैशलेस कार्ड काफी लाभप्रद होगा। इसका उपयोग यात्री मेट्रो, नगर बस, रोडवेज समेत तमाम अन्य सेवाओं में कर सकेंगे। खास बात यह है कि देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के जिन प्रांतों में ओपेन लूप सिस्टम लागू है, वहां भी इस कार्ड की उपयोगिता होगी।

**-यजुवेंद्र कुमार**, प्रधान प्रबंधक, आईटी एवं पीपीपी

परिवहन निगम प्रबंधन इस कार्ड को अंतिम रूप दे चुका है। प्रदेश सरकार जनवरी माह से यह तोहफा यात्रियों को उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री से समय मांगा जा रहा है। इस एक कार्ड से यात्री अनेक फायदे ले सकेगा।

**-दयाशंकर सिंह**, परिवहन मंत्री उप्र.

## ब्रीफ न्यूज

### बाला जी मंदिर में लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सद्भावनानगर की फ्लोरिडोल कॉलोनी में स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में रविवार को तड़के चोर लाखों रुपये के सोने चांदी के आभूषण और नकदी चुराकर ले गया। चोरों ने बालाजी की प्रतिमा से करीब सवा किलो चांदी के दो छत्रों को उखाड़ लिया। इसके अलावा मंदिर के अंदर कार्यालय में रखी लोहे की अलमारी को तोड़कर करीब नौ तोले सोने का एक हार, सोने का एक छत्र, चांदी के विभिन्न आकारों के कई छत्र, कुछ नकदी और बालाजी के दरबार में रखे दान-पात्र से चढ़ावा राशि चुरा ली। कुल मिलाकर इस चोरी का अनुमानित मूल्य 20 से 25 लाख बताया जा रहा है।

### डोडा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के घने जंगल में रविवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर एक राइफल और गोला-बारूद बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने थाथरी के भल्लारा वन क्षेत्र में संयुक्त रूप से अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जंगल के अंदर एक ठिकाने से एक राइफल, उसकी दो मैगजीन और 20 राउंड बरामद किए गए।

# गोवा के नाइट क्लब में आग, पांच पर्यटकों समेत 25 जिंदा जले

## डांस फ्लोर पर चल रहे थे इलेक्ट्रिक पटाखे, मृतकों में 4 उत्तराखंड के निवासी

- डांस फ्लोर पर थे 100 से ज्यादा पर्यटक मरने वालों में 20 क्लब के कर्मचारी
- क्लब के महाप्रबंधक समेत चार गिरफ्तार सीएम ने गठित की जांच कमेटी

पणजी, एजेंसी

गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन में शनिवार आधी रात के बाद अचानक लगी आग से 25 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में 5 पर्यटक और 20 क्लब के कर्मचारी हैं। छह लोगों की हालत नाजुक है। घटना उस समय हुई जब नाइट क्लब पर्यटकों से भरा हुआ था और डांस फ्लोर पर 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मरने वालों में चार लोग उत्तराखंड के शामिल हैं।



उत्तरी गोवा जिले में नाइट क्लब में जले हुए अवशेष मिले, जहां शनिवार आधीरात के बाद आग लग गई थी।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि अंदर इलेक्ट्रिक पटाखे फोड़े गए थे, जिससे आग लगी। क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोदक, महाप्रबंधक विवेक सिंह, बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया और द्वार प्रबंधक रियांशु ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव डॉ. वी. कैंडावेलू और डीजीपी आलोक कुमार को दोषी सरकारी अधिकारियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने नाइट क्लब अग्निकांड की जांच के लिए समिति गठित की है। ये समिति एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देगी।

यह नाइट क्लब राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में स्थित है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 5 पर्यटक और 20 कर्मचारी शामिल हैं। इसी बीच सीएम ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि कारण का पता लगाया जा सके और जिम्मेदारी तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग क्लब की पहली मंजिल पर लगी थी और भीड़भाड़ होने एवं छोटे दरवाजों के कारण ग्राहक बाहर नहीं निकल सके।

### राष्ट्रपति- प्रधानमंत्री ने अग्निकांड पर शोक जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने इस घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोष से प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को पांच लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### आतिशबाजी को बताया कारण

एक पर्यटक ने दावा किया कि नृत्य प्रस्तुति के दौरान आतिशबाजी की गई और वही आग लगने की असली वजह है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया था कि आग क्लब की पहली मंजिल पर लगी थी, जहां पर्यटक नाच रहे थे। दिल्ली की एक पर्यटक रिया ने दावा किया कि जब नृत्य प्रस्तुति दी जा रही थी, तो हर तरफ आतिशबाजी हो रही थी। हैदराबाद की रहने वाली फातिमा शेख ने बताया कि आग की लपटें उठते ही अफरा-तफरी मच गई। वीकेंड की वजह से नाइट क्लब खचाखच भरा हुआ था और 'डांस फ्लोर' पर कम से कम 100 लोग थे।

## प्रदेश में घने कोहरे की चेतावनी जारी



- लखनऊ, कानपुर इटावा, आगरा बाराबंकी व अयोध्या समेत कई जिलों में सुबह के समय छा सकता कोहरा सुबह या शाम चलने वाले वाहन चालक रहें सतर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई शहरों में 10, 11 और 12 दिसंबर को घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। इस दौरान लखनऊ, कानपुर, इटावा, आगरा, बाराबंकी और अयोध्या समेत कई जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छा सकता है। इस बीच मौसम तेजी से करवट ले रहा है।

मौसम विभाग ने का अलर्ट है कि देश के 10 बड़े शहरों में घने कोहरे से सुबह के समय वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ेंगी। इनमें कई शहर यूपी के भी हैं। लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, टुंडला में घना कोहरा पड़ने जा रहा है। खासकर एक्सप्रेस-वे और हाई-वे पर सुबह या शाम को चलने वाले वाहन चालकों को सतर्क रहने की हिदायत जारी की गई है। पहाड़ी राज्यों में भी बर्फबारी का अलर्ट है, जिससे यूपी में शीतलहर बरकरार रहेगी।

### बरेली में सामान्य से 3.5 डिग्री कम तापमान

हल्की हवा चलने की वजह से दो दिन से बरेली में ठंडक बढ़ गई है। रविवार की सुबह घने कोहरे से दिन की शुरुआत हुई। शहर में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री कम रहा। जो ठंडक बढ़ने का कारण रहा है। आंचलिक मौसम विज्ञान के अतुल कुमार के अनुसार न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## गले में फंसी टॉफी, दम घुटने से ढाई साल के बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार:** नहटौर क्षेत्र के ग्राम चक गोवर्धन में गले में टॉफी फंसने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। गांव के शमशाद का पुत्र शाफैज शनिवार दोपहर घर में खेल रहा था। इसी दौरान उसने टॉफी खा ली, जो गले में फंस गई। उस वक्त वहां कोई परिजन नहीं था। सांस रुकने से वह छटपटाते हुए बेहोश होकर गिर पड़ा। बच्चे के गिरने की आवाज पर परिजन उसे सीएचसी नहटौर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिंदगी की आस में परिजन उसे धामपुर के एक निजी अस्पताल भी ले गए, लेकिन वहां भी डॉक्टर ने निराशा जाहिर कर दी। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। शमशाद ने बताया कि घर पर काफी कोशिश के बाद भी टॉफी नहीं निकाली जा सकी तो अस्पताल ले गए।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार आर्य ने अभिभावकों से अपील की कि छोटे बच्चों को सख्त टॉफी, पॉपकॉर्न, च्यूइंग गम, मूंगफली, अंगूर तथा छोटे आकार वाले खाद्य पदार्थ बिना निगरानी के न दें।

## मां के आंचल में सो रहे चार माह के बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

**कैसरगंज(बहराइच)।** कैसरगंज थाना क्षेत्र में स्थित गोड़हिया नंबर 3 के मजरे मल्लाहनपुरवा में शनिवार देर रात एक बजे घर में घुसकर भेड़िया मां के आंचल में सो रहे चार माह के बच्चे सुभाष को उठा ले गया। वनविभाग की टीम ग्रामीणों के साथ मिलकर सर्च अभियान चला रहीं हैं।

परिवार और ग्रामीण बच्चे की तलाश में जुटे हुए हैं। लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में भेड़ियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने की मांग की जा रही है। वहीं बहराइच वन प्रभाग के डीएफओ राम प्रकाश यादव का कहना है कि घटना के बाद से ही वन विभाग की टीमें सर्च अभियान चला रही हैं पर अभी कोई सफलता नहीं मिली है। बता दें कि वन्यजीवों के हमले में अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और 32 लोग घायल हुए हैं।

## रविवार को 1650 पहुंची इंडिगो की उड़ानें

- तेजी से सामान्य हो रहे हालात इंडिगो ने अब तक 610 करोड़ रुपये का रिफंड पूरा किया

मुंबई, एजेंसी

इंडिगो ने रद्द या अत्यधिक विलंबित उड़ानों के लिए अब तक 610 करोड़ रुपये के रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली है और शनिवार तक 3,000 नग सामान यात्रियों तक पहुंचा दिया गया है। सरकार ने बताया कि विमानन नेटवर्क तेजी से सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है और परिचालन पूरी तरह स्थिर होने तक सभी सुधारात्मक कदम लागू रहेंगे।




नागर विमानन मंत्रालय ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि इंडिगो अब तक 610 करोड़ रुपये का रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। रद्द उड़ानों से प्रभावित यात्रियों के यात्रा पुनर्निर्धारण में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की सहायता के लिए विशेष सहायता केंद्र बनाए गए हैं, ताकि रिफंड और दोबारा बुकिंग से जुड़े मुद्दों का त्वरित समाधान हो सके। इंडिगो की उड़ानें शुक्रवार को 706 से बढ़कर शनिवार को 1,565 हो गईं और रविवार को उड़ानों की संख्या 1,650 तक पहुंच गयी।

### इंडिगो के बोर्ड ने संकट प्रबंधन समूह का गठन किया

**मुंबई।** इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के बोर्ड ने एक संकट प्रबंधन समूह का गठन किया है, जो हालात की निगरानी के लिए नियमित रूप से बैठक कर रहा है। एयरलाइन ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि कंपनी का निदेशक मंडल ग्राहकों को हो रही परेशानियों का समाधान करने और यात्रियों को रिफंड सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

## विद्युत बिल राहत योजना में बढ़ा लाभ का दायरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले बकाएदार भी होंगे लाभान्वित

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में विद्युत बिल राहत योजना में उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभ का दायरा और बढ़ा दिया गया है। ऐसे में अब 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले बकाएदार भी लाभान्वित होंगे। अधिकतम लोगों को राहत देने के मद्देनजर राज्य सरकार ने यह संवेदनशीलता दिखाई है।

दरअसल, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देशों के क्रम में अब 30 नवंबर 2025 तक भुगतान करने वाले ऐसे सभी उपभोक्ताओं को भी विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस निर्णय से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी। पहले 31 मार्च के बाद आंशिक भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था, जिससे अनेक उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। जिलों के दौरे और विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया कि अप्रैल, मई, जून आदि महीनों में उन्होंने कुछ न कुछ भुगतान अवश्य किया है, फिर भी उनका काफी बकाया शेष है।

वन्यजीव

जंगल में इन दिनों पर्यटक न सिर्फ हाथी, गैंडे और बारहसिंघे देख रहे हैं, बाघों की झलक भी बार-बार देखने को मिल रही है

## पर्यटकों को खूब भा रहे दुधवा-पीटीआर, हो रही बाघों की साइटिंग

संवाददाता, लखीमपुर/ पीलीभीत

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क और पीटीआर का नया पर्यटन सीजन शुरू होते ही बाघ प्रेमियों की किस्मत खूब चमक रही है। दुधवा पार्क के जंगल के हर कोने में इन दिनों पर्यटक न सिर्फ हाथी, गैंडे और बारहसिंघे देख रहे हैं, बल्कि खूबसूरत और ताकतवर बाघों की झलक भी बार-बार देखने को मिल रही है।

**अब तक दर्जनों बार दिखा बाघ :** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन के अनुसार, इस सीजन में अब तक दर्जनों बार बाघों, तेंदुओं और गैंडे जैसे दुर्लभ वन्यजीवों की साइटिंग हो चुकी है। वनकर्मी भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि पर्यटकों को रोमांचक अनुभव के साथ-साथ सुरक्षा का भी पूरा भरोसा मिल सके। दुधवा आने वाले सैलानियों के लिए यह बाघ दर्शन किसी जंगल सफारी बोनस से कम नहीं था। नजदीक से देखे गए इस शेर-ए-दुधवा की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे पर्यटकों में दुधवा घूमने का उत्साह और बढ़ गया है।



दुधवा पार्क की दक्षिण सोनारीपुर रेंज में दिखे बाघ।

### पीटीआर में शावकों संग अठखेलियां करती दिखी बाघिन



**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भी सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रकृति को करीब से निहारने एवं बाघों के दीदार करने के लिए सैलानी पहुंच रहे हैं। शनिवार शाम शावकों के साथ अठखेलिया करती बाघिन के दीदार होने पर सैलानी खासे उत्साहित दिखे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र बीते 1 नवंबर से शुरू किया गया था। बीते माह में 4500 से अधिक सैलानी पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे थे। वहीं 30 दिन के अंदर 70 से अधिक विदेशी सैलानियों ने भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व में दस्तक दी थी। रविवार को दिनभर में 300 से अधिक सैलानी टाइगर रिजर्व पहुंचे। महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव ने बताया कि रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण सैलानियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर घायल

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां संभल मार्ग पर कस्बा गवां के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मिलक निवासी राकेश और भाय सिंह घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### सज्जादनशीन ने मां व भांजे पर लिखाई रिपोर्ट

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के भैसोड़ी शरीफ स्थित दरगाह के सज्जादानशीन सूफी जावेद हुसैन ने पुलिस अधीक्षक के लिए शिकायत पत्र दिया। सज्जादा नशीन ने तहरीर में लिखा कि उनकी माता अफसरी बेगम साढ़े तीन वर्ष पूर्व उन्हें बताए बिना घर से चली गई थी। बरेली स्थित नवाबगंज निवासी अपने नवासे हस्सान के बहकावे में जाकर उनके खिलाफ पुलिस और अन्य अधिकारियों को झूठ आरोप लगाते हुए फर्जी प्रार्थना पत्र देती रहती हैं। जावेद हुसैन ने अपनी मां पर आरोप लगाया कि उनकी मां ने घर में घुसकर दरबान मंजूर खान के बाल खींचकर मारपीट की। मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने मां और नवासे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### अलग-अलग दुर्घटना में चार लोग घायल

**बिजनौर, अमृत विचार :** थाना चांदपुर क्षेत्र में शनिवार की देर रात तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी दुर्घटना चांदपुर धनोरा का मार्ग पर रात 10 :30 बजे के लगभग हुईं। पहला हादसा रात लगभग 9 :00 बजे गांव बागड़पुर के पास हुआ। गांव शिवपुरी मीणा निवासी देवेंद्र बाइक से चांदपुर से घर लौट रहे थे। अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दूसरे हादसे में भी बाइक सवार को किसी बड़े वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कंधौर निवासी मोहम्मद आसिफ और तस्लीम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों दिल्ली से घर लौट रहे थे। तीसरी दुर्घटना गांव मिर्जापुर बेला के पास हुई। दारानगर गंज निवासी अफजाल साइकिल से चांदपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। उन्हें वाहन ने टक्कर मार दी अफजल गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नौकरी का झांसा, 60 हजार ठगे

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- फर्जी व कूटरचित नियुक्ति पत्र भेजकर हड़पे जा रहे रुपये

**अमृत विचार :** फूड कंपनी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर रुपये हड़पने के आरोपी को साइबर सेल की टीम ने गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेजा गया।

रविवार को जनपदीय साइबर सैल प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, महाराष्ट्र छतीसगढ़ के लोगों से करीब 60 हजार की ठगी की गई है। टीम को प्रतिबिंब पॉर्टल से सूचना मिली कि कुछ लोग वाट्सएप कॉल के माध्यम से नामी फूड कंपनी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर सिक्योरिटी के नाम पर अलग-अलग बैंक खातो में पैसे ट्रांसफर करा रहे हैं। उसके बाद फर्जी व कूटरचित नियुक्ति पत्र भेजकर पैसे हड़प रहे हैं। उसके बाद प्राप्त की गई धनराशि एटीएम, चैक व यूपीआई के माध्यम से निकाल लेते हैं। पुलिस ने जांच करते हुए गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला घेर फतेहखान निवासी दानिश खान को नई तहसील के सामने पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। जहां तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 4 पासबुक, 4 चैक बुक, 2 पासपोर्ट, 2 क्यूआर कोड, 1 क्रेडिट कार्ड, 1 एटीएम कार्ड, 1 मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां जेल भेजा गया।

## शनिवार को तीन डॉक्टरों के पैनल को सीएमएस ने भेजा था जिला कारगार

# आजम खां ने रूटीन चेकअप कराने से किया इंकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला कारागार बंद में सपा नेता आजम खां का रूटीन चेकअप करने के लिए तीन डॉक्टरों का पैनल शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचा। जहां आजम खां ने चेकअप करने से इंकार कर दिया। उसके बाद डॉक्टरों का पैनल वापस आ गया। हालांकि आजम खां की तबीयत बिगड़ने की बात से जेल अधीक्षक ने इंकार किया है।



आजम खां।

दो पैन कार्ड मामले में 17 नवंबर को सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां को सात-सात साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद से दोनों जिला कारागार में सजा काट रहे हैं। सपा नेता आजम खां के रूटीन चेकअप के लिए जिला कारागार प्रशासन ने सीएमएस को पत्र लिखकर चेकअप करने की बात कहीं थी। उसके बाद शनिवार को जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. हसीब सिद्दकी, सर्जन डॉ. आरिफ रसूल और डॉ. शम्मी कपूर जिला कारागार पहुंच गए थे। उसके बाद आजम खां को चेकअप के लिए बुलाया गया, जहां उन्होंने चेकअप कराने से मना कर दिया। उसके बाद टीम ने जेल प्रशासन को मामले से अवगत कराया।

### जेल में व्यवहार से नाराज हैं आजम खां

17 नवंबर से सपा नेता आजम खां अपने बेटे के साथ जिला कारागार में बंद है। कुछ दिनों पहले आजम खां से मिलने के लिए उनके अधिवक्ता गए थे। उनसे मिलने से मना कर दिया गया था। उसके बाद से वह जेल प्रशासन पर गलत रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कह रहे है कि जेल में उनके साथ आम कैदी की तरह बर्ताव हो रहा है, इसके लिए सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर व करीबी आसिम राजा ने प्रेसवार्ता कर जेल प्रशासन पर खराब बर्ताव करने का आरोप लगाया था।

> शनिवार को टीम रूटीन चेकअप के लिए आई थी। आजम खां ने मना कर दिया। उनकी तबीयत खराब नहीं है।- राजेश यादव, जेल अधीक्षक

# डंपरों का कहर, दुर्घटनाओं में महिला सहित 4 की मौत

## रामपुर के टांडा, मिलक और शाहबाद थाना क्षेत्रों में हुए तीन सड़क हादसे

संवाददाता,रामपुर/टांडा

**अमृत विचार :** ठंड के बढ़ते प्रकोप के चलते सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। शनिवार और रविवार को 24 घंटे के अंदर डंपरों की टक्कर से जिले में तीन सड़क हादसों में महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। हादसे टांडा, मिलक और शाहबाद थाना क्षेत्रों में हुए हैं।

शनिवार देर रात टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर गांव सरखथल के चालक ने डंपर को विपरीत दिशा में दौड़ाकर अर्टिगा को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। डंपर भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गया। हादसे में कार सवार दो युवक की मौके पर मौत हो गई। टांडा नगर के मोहल्ला टंडोला निवासी शाहनूर दोस्त मुस्तकीम के साथ मोहल्ले के ही निवासी असद की टैक्सी में दिल्ली जाने के लिए निकला था। असद की शेयरिंग टैक्सी में कुछ सवारियां दढ़ियाल से भी थीं। इसलिए उन्हें लेने वह दढ़ियाल की ओर जा रहा था। आरोप है कि चेकिंग कर रहे एआरटीओ अधिकारियों ने डंपर का पीछा किया। इससे चालक तेजी से डंपर को चलाते हुए गलत दिशा में चला गया। इस दौरान सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। जिससे कार चालक असद(27) की मौके पर ही मौत हो गई। घायल शाहनूर और उसका साथी मुस्तकीम पुत्र यासीन को पुलिस और ग्रामीणों की मदद से टांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल में शाहनूर ने भी दम तोड़ दिया। मुस्तकीम को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। डंपर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों का सौंप दिया।



मृतक असद।



मृतक शाहनूर।

### केरल में नाई का काम करता था शाहनूर

परिजनों ने बताया कि शाहनूर केरल में नाई का काम करता था। अपने बीमार दोस्त अरमान को लेने नागालैंड जा रहा था। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक चालक असद टैक्सी चलाता था, उसके पिता और भाई विदेश में नौकरी करते हैं। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर तेज गति में था, जिस कारण से हादसा हुआ।



हादसे के बाद अस्पताल में मौजूद लोग। ● अमृत विचार



हादसे के बाद कार को ले जाती क्रेन। ● अमृत विचार

### आठ बजे के बाद दौड़ते हैं खनन के डंपर

8 बजते ही रेत-बजरी मिट्टी से भरे डंपरों का दबाव अचानक बढ़ जाता है। मुख्य सड़कों पर लंबा जाम लग जाता है। तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और गलत दिशा में दौड़ते ये वाहन कभी भी बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं। रात में बाजार बंद होने और सड़कों के सुनसान होने का फायदा उठाकर खनन वाहन खुलेआम दौड़ते हैं। कई बार एंबुलेंस और जरूरी काम से निकलने वाले लोग घंटों जाम में फंस जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि खाली वाहनों की रफ्तार नगर के बीचो बीच से बेहद अधिक रहती है।



हादसे के बाद पलटा डंपर। ● अमृत विचार

**डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली खंती में गिरी, दबकर अतीक ने दम तोड़ा: मिलक,अमृत विचार:** मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव उदयपुर जागीर निवासी अतीक अहमद (50) रामपुर जाने के लिए गांव के बाहर मोड़ पर आकर खड़ा हुआ। इस दौरान लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली रामपुर की ओर जा रही थी। रामपुर जाने के लिए वह ट्रैक्टर पर सवार हो गया। आगे जाकर किरा गांव के निकट डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर खंती में पलट गया। अतीक उसके नीचे दब गया। राहगीरों ने अतीक को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला। लेकिन जब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### डंपर ने बाइक को चपेट में लिया, आमना बेगम की गई जान

**शाहबाद/मिलक, अमृत विचार :** शाहबाद और मिलक में डंपर ने रविवार तड़के और दोपहर को मारी टक्कर के बाद हुए हादसे में महिला और अधेड़ की मौत हो गई। शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव मड़ैयान वदे निवासी आमना बेगम (55) अपने दामाद फरमान के साथ बाइक पर सवार होकर शाहबाद-बाजपुर स्टेट हाइवे स्थित रेवड़ी खुर्द गांव में रिश्तेदारी में दोपहर के समय जा रही थी। रास्ते में रेवड़ी खुर्द गांव के मोड़ पर उनकी बाइक को तेज रफ्तार से दौड़ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में आमना बुरी तरह जख्मी हो गई। सांसे बची होने की उम्मीद में दामाद फरमान उन्हें सीएचसी ले आया। जहां चिकित्सकों ने आमना को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।



# फर्जी दस्तावेजों से पंजीकरण 1.31 करोड़ की जीएसटी चोरी

संवाददाता, बबराला

- थाना बबराला में फर्म के स्वामी पर एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार :** नवीन मंडी स्थल बबराला के पते पर पंजीकृत एक फर्म द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर सरकार को 1.31 करोड़ का राजस्व नुकसान पहुंचाए जाने का मामला उजागर हुआ है। वाणिज्य कर विभाग की जांच में फर्म का व्यापारिक अस्तित्व न मिलने पर इसका पंजीकरण निरस्त कर 1.31 करोड़ की धनराशि कर एवं अर्थदंड के तौर पर निर्धारित की गई है।

विभाग के अनुसार गंगा ट्रेडिंग कंपनी ने पंजीकरण के समय मोबाइल नंबर, ई-मेल और कृषि उत्पादन मंडी समिति की रोकड़ रसीद को व्यापार स्थल के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया था। संयुक्त आयुक्त के निर्देश पर जांच कराई गई जिसमें कंपनी की कोई दुकान या गोदाम नहीं मिला और न ही किसी प्रकार की व्यापारिक गतिविधि पाई गई। मंडी समिति अधिकारियों ने बताया कि फर्म को लाइसेंस तो जारी किया गया था, लेकिन कभी दुकान आवंटित नहीं हुई और न ही फर्म ने मंडी में कारोबार किया। पंजीयन प्रपत्र में दर्ज मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने पर भी फर्म से संबंधित दावों पर संदेह की पुष्टि हुई। फर्म ने कूटरचित किरायेदारी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी पंजीकरण लिया और बिना व्यापार किए बोगस आईटीसी पास ऑन कर राजस्व को क्षति पहुंचाई। फर्म से जवाब न मिलने पर 25 फरवरी 2022 को फर्म का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। साथ ही धारा 74 के अंतर्गत वर्ष 2019-20 के लिए 1,30,98,104 कर एवं अर्थदंड तथा नियमानुसार ब्याज की मांग सृजित की गई है। राज्य कर अधिकारी अजय सिंह की तहरीर पर थाना बबराला में फर्म के स्वामी अशोक कुमार पुत्र उदयपाल सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जगवीर सिंह कर रहे हैं।

# वृद्धा की मौत, झोलाछाप पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

**मसवासी, अमृत विचार:** मसवासी के मोहल्ला चाऊपुरा निवासी नेमचंद की पत्नी सोमवती(60) काशीपुर मार्ग स्थित एक अस्पताल में शनिवार को बुखार की दवाई लेने गई थी। जहां झोलाछाप ने उन्हें इंजेक्शन लगा दिया था। जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई थी। परिजन घर ले गए थे। हालत बिगड़ने पर दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भनक लगते ही अस्पताल का झोलाछाप महिला के घर पहुंच गया था। उसने परिजनों से दवाई का पर्चा पहुंचकर फाड़ने का प्रयास किया था। जिससे हंगामा खड़ा हो गया था। हंगामा बढ़ता देख झोलाछाप बाइक से भाग गया। वृद्धा की रविवार को मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल व अस्पताल संचालक पर लापरवाही बरतनी का आरोप लगाया है। इस मामले में नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेश चौधरी ने बताया कि महिला के मौत की जानकारी मिली है। शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल में मृतका के गले से जेवर गायब, स्टाफ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देख आरोपी कर्मचारी को पकड़ा आभूषण बरामद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस के एक अस्पताल इलाज के दौरान एक महिला की मृत्यु के बाद उसके गले से सोने का मंगलसूत्र, चेन और हीरे का पेंडल गायब होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने स्टाफ पर आभूषण चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज आरोपी को अस्पताल से पकड़ कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।



आरोपी कर्मचारी।

अधिवक्ता संदीप भटनागर ने सिविल लाइन थाने दी तहरीर में बताया कि रविवार को उनकी बुआ सरोज भटनागर को हार्ट अटैक आया था। उन्हें गंभीर हालत में शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल कर्मचारियों ने उन्हें बेहोशी की हालत में स्ट्रेचर पर लिटाकर पर्दा कर दिया और कुछ देर बाद बताया कि मौत हो गई है। परिजन जब शव घर लेकर पहुंचे तो मृतका के गले में पहना हुआ मंगलसूत्र, सोने की चेन और हीरे का पेंडल गायब मिले। तभी उन्होंने अपने भाई अक्षत और विनय भटनागर को तत्काल अस्पताल भेजा, लेकिन स्टाफ ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके गले में कोई आभूषण नहीं था। संदीप ने कर्मचारियों द्वारा आभूषण चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन कोतवाली मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने अस्पताल में जाकर सीसीटीवी फुटेज से आरोपी कर्मचारी अजय कुमार पुत्र परमेश्वर निवासी नवाबपुरा थाना मूंढापांडे जनपद मुरादाबाद को पकड़ लिया और चोरी आभूषण बरामद कर लिए हैं।

# मल्टीपरपज कॉम्प्लेक्स, मैरिज हॉल, मॉल और लॉज में होगी फायर सेफ्टी की जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आग से सुरक्षा को लेकर बढ़ती लापरवाही पर अंकुश लगाने के लिए अग्निशमन विभाग अब सख्त रुख अपनाने जा रहा है। विभाग जल्द ही शहर के सभी मल्टीपरपज कॉम्प्लेक्स, मॉल, लॉज, मैरिज हॉल में फायर सेफ्टी उपकरणों की व्यापक जांच करेगा। अग्निशमन निदेशालय ने मंडलों और जिलों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि सभी प्रतिष्ठानों में फायर से संबंधित उपकरणों, सुरक्षा मानकों और फायर एनओसी( अनापत्ति प्रमाणपत्र ) की स्थिति की अनिवार्य रूप से जांच की जाए।

रविवार अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि जिले भर में मल्टीपरपज कॉम्प्लेक्स, मॉल, लॉज, मैरिज हॉल और बैंक्वेट हॉल में लगे फायर सेफ्टी उपकरणों की विस्तृत जांच होगी।जांच के दौरान विभागीय टीमें,फायर अलार्म,हाइड्रेंट सिस्टम,फायर एक्सटिंग्विशर,इमरजेंसी एग्जिट,स्प्रिंकलर सिस्टम,पानी की उपलब्धता जैसे उपकरणों एवं व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि कई आयोजनों,समारोहों और भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों के बढ़ते आयोजन को देखते हुए विभाग का यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बिना फायर एनआसी या खराब उपकरण मिलने पर कार्रवाई होना तय है।



- बिना फायर एनओसी और उपकरणों के चलते मिले तो प्रतिष्ठानों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- आग से सुरक्षा को लेकर लापरवाही पर अंकुश लगाने को अग्निशमन निदेशालय ने दिए निर्देश

### अभियान की सुगबुगाहट पर संचालकों में हड़कंप

पिछले दिनों कई स्थानों पर आग की घटनाओं में फायर सेफ्टी व्यवस्था की कमी उजागर होने के बाद यह कार्रवाई और भी अहम हो गई है। जांच की जानकारी मिलने पर कई बैंक्वेट हॉल, मैरिज लॉज और कॉम्प्लेक्स संचालकों में हड़कंप मच गया है। अग्निशमन अधिकारी शर्मा ने बताया कि लोगों की सुरक्षा विभाग की पहली प्राथमिकता है। बिना मानक उपकरणों के भीड़भाड़ वाले स्थानों का संचालन किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है इसलिए फायर नियमों का पालन कराना जरूरी है। अभियान चलाकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी ताकि किसी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे।

**सोशल मीडिया का असर** | 200 से 250 फिट ऊंची पानी टंकी पर चढ़कर स्टंट कर रील बना रहे युवा

# मशहूर होने का चक्कर ...जान की फिक्र नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार की दोपहर मोहल्ले के कुछ युवक बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के पानी की टंकी पर चढ़ गए। लगभग 200 से 250 फीट ऊंची इस टंकी पर पहुंचकर उन्होंने खतरनाक स्टंट, रेलिंग के किनारे बैठकर सेल्फी लेना, वीडियो बनाना और मोबाइल कैमरे के सामने जोखिम भरे पोज देना शुरू कर दिया।

आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार इन युवकों को नीचे उतरने के लिए चेताया, लेकिन युवक चेतावनी को नजरअंदाज कर सेल्फी और वीडियो शूट करने में लगे रहे।

युवाओं में सोशल मीडिया पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने की होड़ बढ़ रही है, जिसके कारण ऐसी खतरनाक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। चक्कर की मिलक निवासी अशोक कुमार ने बताया कि पिछले कुछ सप्ताह से शहर के अलग-अलग हिस्सों से लड़के यहां आते हैं और ऊंचाई पर चढ़कर वीडियो बनाते हैं। उन्होंने बताया कि इससे लोगों के घरों की गोपनीयता भी भंग हो रही है। कुछ युवकों ने तो टंकी के ऊपरी हिस्से तक पहुंचकर किनारे खड़े होकर स्टंट किए, जो किसी हादसे को न्योता देने जैसा है। मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों में रामेश्वर सिंह और महिलाओं ने चिंता जताते हुए कहा कि यह पानी की टंकी पेयजल व्यवस्था को बनी है, लेकिन युवाओं के लिए यह रोमांच का केंद्र बन गई है। लोगों का कहना है कि टंकी पर चढ़ने के रास्ते पर कोई सुरक्षा गेट या ताला नहीं लगा।



पानी की टंकी पर स्टंट कर रील बनाते युवा। ● अमृत विचार

- नगर निगम की पानी टंकी पर जाने का रास्ते असुरक्षित, कोई गेट नहीं होने से हादसे का डर

### बोले लोग, निगम और पुलिस करें कार्रवाई

उन्होंने नगर निगम और पुलिस प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है ताकि कोई बड़ा हादसा होने से रोका जा सके। टंकी पर चढ़ने वाली सीढ़ी को लॉक नहीं किया गया। आसपास चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाए। पुलिस द्वारा सप्ताहांत में निगरानी बढ़ाई जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कोई भी अनहोनी हो सकती है।

# ट्रक चालक ने बाइक सवार को रौंदा, जान गई

**स्वार, अमृत विचार:** बिजनौर के थाना रेहड़ कासमपुर निवासी अर्जुन(30) पुत्र अंग्रेज सिंह बहन से मिलने बिलासपुर गया था। रविवार शाम वह बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार गुरुद्वारे के निकट गांव बथुआखेड़ा मोड़ पर पहुंचा कि सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर बुरी तरह से रौंद दिया।

जिसमें बाइक सवार अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुन आसपास के लोग आ गए और सूचना पुलिस को दी। मौके पर कार्यवाहक कोतवाल जयपाल सिंह पहुंचे। लोगों की मदद से सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# खेत में खोदाई के दौरान मिला कंकाल

संवाददाता, मैनाठेर

- बाल, खोपड़ी सहित शरीर के अन्य हिस्से देख जानकारी ग्रामीणों और पुलिस को दी
- मसैवी गांव में गन्ने के खेत में काम कर रहा था ग्रामीण, क्षेत्र में दहशत का माहौल

**अमृत विचार :** मैनाठेर थाना क्षेत्र के मसैवी रसूलपुर गांव में रविवार को खेत में खोदाई के दौरान मानव शरीर के अवशेष बरामद हुए। गन्ने के खेत में काम कर रहे ग्रामीण जर्रार हुसैन पुत्र इरशाद ने जमीन से पहले बाल और फिर खोपड़ी सहित शरीर के अन्य हिस्से निकलते देख तुरंत इसकी जानकारी ग्रामीणों और पुलिस को दी। कुछ ही देर में गांव में सनसनी फैल गई और भारी भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर सीओ बिलारी अशोक सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मैनाठेर किरण पाल सिंह और थाना प्रभारी कुन्दरकी जसपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने खेत की घेराबंदी कर खोदाई शुरू कराई, ताकि कंकाल के शेष हिस्से भी सुरक्षित निकाले जा सकें। फॉरेंसिक टीम ने सैंपल एकत्र किए। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में अजीबोगरीब गंध महसूस हो रही थी, लेकिन किसी ने इस दिशा में ध्यान नहीं दिया। अब कंकाल मिलने से पूरे गांव में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं फैल गई हैं।

एसपी देहात आकाश कुमार ने बताया कि बरामद कंकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मृतक की उम्र, लिंग, पहचान और मौत की वास्तविक वजह का पता चल सकेगा। पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा होगा।



मैनठेर के मसैवी गांव में खेत में मिल नर कंकाल के बाद मौके मौजूद पुलिस कर्मी।

न्यूज ब्रीफ

## सत्यार्थ प्रकाश सत्य का सोपान है



मुरादाबाद,अमृत विचार : आर्य समाज स्टेशन रोड पर रविवार को साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग में पंडित वीरेंद्र आर्य ने निर्मल आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ कराया। इसके बाद शिवम आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया। डा. राममुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ करते हुए बताया कि सत्यार्थ प्रकाश में महर्षि दयानंद सरस्वती ने ईश्वरीय नामों की व्याख्या करते हुए बाल शिक्षा, नारी शिक्षा, आदर्श विवाह पद्धति, आदर्श राजा, सेनापति और के कर्तव्य और दायित्व,सृष्टि की सुंदर रचना का ज्ञान, धर्म की पुस्तकों के नाम पर अनेक पुस्तकों की सत्यताओ पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए सत्य उजागर करके इसको विश्व का ग्रन्थ बना दिया। वास्तविकता में सत्यार्थ प्रकाश सत्य का एक सोपान है। इस अवसर पर डा आलोक कुमार, वेद मुनि, राकेश आर्य, संदीप त्रिवेदी, रवीन्द्र आर्य, राकेश कुमार, निर्मल आर्य , दीपेन्द्र आर्य, अमित आर्य आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों पर पड़ रहा ठंडे मौसम का असर

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीर सिंह का कहना है कि इस मौसम में नवजात और बच्चों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। बताया कि तापमान में कमी के कारण बच्चों में श्वसन संक्रमण और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। नवजात मां के सीने से चिपक कर रहेगा तो उसे उचित गर्माहट मिलती रहती है। इस मौसम में खासकर ब्रोंकोलाइटिस जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा अधिक होता है, जो फेफड़ों में गंभीर संक्रमण का कारण बन सकती हैं। बाल रोग की ओपीडी में इससे ग्रसित बच्चों का बढ़ना इस बात का संकेत है कि स्थिति नाजुक है। बच्चों को हमेशा गर्म कपड़े पहनाएं और कमरे के अंदर ही रखें, लेकिन कमरे में हीटर का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे सूखी हवा बनती है जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। साथ ही बच्चों को गर्म भोजन देना चाहिए ताकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे। कान ढकना अत्यंत आवश्यक है।

# जिले में फल-फूल रहा ई-रिक्शा चार्जिंग का अवैध धंधा

## दो किलोवाट के कनेक्शन पर 24 घंटे बैटरी चार्जिंग ओवरलोडिंग से लगातार फॉल्ट, मोहल्लों में बढ़ रहा अंधेरा, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



चक्कर की मिलक में संचालित अवैध ई रिक्शा चार्जिंग कारखाना। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिले में बिजली विभाग के जेई और लाइनमैन की मिलीभगत से ई-रिक्शा बैटरी चार्जिंग का अवैध कारोबार चरम पर है। दो किलोवाट के घरेलू कनेक्शन लेकर 24 घंटे लगातार बैटरी चार्जिंग की जा रही है, जबकि इतना भारी लोड सामान्य कनेक्शन पर बिल्कुल भी अनुमन्य नहीं है। विभाग को धोखा देकर चल रहे इन चार्जिंग कारखानों ने कई मोहल्लों को फॉल्ट और ओवरलोडिंग का बड़ा कारण बने है। लोगों का आरोप है कि साइड से कटिया डालकर रिक्शा चार्जिंग करने का कारोबार चल रहा है।

रविवार को इन मोहल्ले नबाबपुरा, चक्कर की मिलक और असालतपुरा अवैध चार्जिंग के सबसे बड़े ठिकाने देखने को मिले।नबाबपुरा,घोसियों की पुलिस और छड़ियों वाले मैदान के बीच चार से पांच ठिकाने ई रिक्शा चार्जिंग अवैध रूप से संचालित है। चक्कर की मिलक बढ़ई वाली में डी आई जी कार्यालय से आगे दो चार्जिंग कारखाने और असालतपुरा क्षेत्रों में कई जगहों पर ई-रिक्शा चार्जिंग की बड़ी-बड़ी यूनिटें चल रही हैं। इनमें से ज्यादातर के पास घरेलू या दो किलोवाट का कनेक्शन है,लेकिन मशीनें और चार्जिंग बोर्ड 10-15 किलोवाट तक बिजली खींचते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कारखानों की जानकारी विभागीय कर्मचारियों को पहले से होती है, लेकिन सांठगांठ के कारण न तो जांच होती है और न ही किसी पर कार्रवाई।इन मोहल्लों में पिछले कई महीनों से बार-बार फाल्ट होने की स्थिति बनी हुई है। ट्रांसफॉर्मर गरम होना,लाइनों का ट्रिप होना जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। लगातार ओवरलोडिंग का दबाव झेल रही लाइनों में फॉल्ट आम हो गए हैं। कई बार तो सुबह से लेकर दोपहर तक या देर रात से सुबह तक बिजली पूरी तरह गायब रहती है।

● सामान्य कनेक्शन पर भारी लोड अनुमन्य नहीं

जल्द ही महानगर में चल रहे ई रिक्शा चार्जिंग के ठिकानों पर छापेमारी कार्रवाई की जाएगी। जो कर्मचारी इसमें लिप्त मिला उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
– अशोक कुमार चौरासिया, मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड मुरादाबाद

## ओवरलोडिंग से फॉल्ट, घंटों बिजली गुल

मुरादाबाद , अमृत विचार: इंदिरा चौक विद्युत उपकेंद्र में सुबह 4 बजे फॉल्ट होने से पीरगैब, इंदिरा चौक और आसपास के कई इलाकों की बिजली व्यवस्था ठप हो गई। सुबह 7 बजे सप्लाई बंद होते ही घरों, दुकानों और धार्मिक स्थलों में रोजमर्रा के काम ठप हो गए। उपभोक्ता फोन मिलाते रहे किसी ने फोन नहीं उठाया। लगातार 5 घंटे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

रविवार को दीवान के बाजार विद्युत केंद्र से इन क्षेत्रों को सप्लाई देने वाले लाइनों में नबावपुरा स्थित पॉइंट पर बड़ा फॉल्ट हो गया। वहीं के निवासी अरविंद अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में ई-रिक्शा बैटरी चार्जिंग की कई यूनिट चल रही हैं, जहां देर रात ओवरलोडिंग बढ़ जाती है। अत्यधिक लोड की वजह से लाइन में फॉल्ट आने की संभावना बनी रहती है। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक कहीं भी बिजली नहीं थी। मोटर बंद होने से परेशानी बढ़ गई। वहीं इंद्रा चौक केंद्र के बाहर तारों में फॉल्ट से पीरगैब और बरवलान मोहल्ले की बिजली सुबह 4 बजे से दोपहर दो बजे तक गुल रही। लोगों को घरेलू कामकाज में परेशानी को सामना करना पड़ा। अधीक्षण अभियंता नगरीय प्रशांत कुमार ने बताया कि बढ़ते लोड के कारण समस्या बढ़ रही है।

## वक्ताओं ने गीता के महत्व पर व्यक्त किए विचार

मुरादाबाद, अमृत विचार : सीनियर सिटीजन वैलफेयर एसोसिएशन की ओर से रविवार को गीता जयंती के अवसर पर मुरादाबाद क्लब में बैठक हुई। गायत्री मंत्र और ईश वंदना से शुरुआत हुई। सरिता अग्रवाल और विजय अग्रवाल ने गीता के महत्व पर विचार व्यक्त किए और गीत के माध्यम से उसकी व्याख्या की। आनंद और योगेश गुप्ता ने संगीत से सदस्यों का मनोरंजन किया।

राजकीय अस्पताल की स्वास्थ्य टीम ने रक्तचाप और रक्त शर्करा का परीक्षण किया। दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। एसपी सिंह ने गीता जयंती पर विस्तार से चर्चा की। संचालन सुभाषचंद्र वार्ष्णेय और विपिन अग्रवाल ने किया। बैठक में जेके गोयल, केके सक्सेना, राजीव सक्सेना। राष्ट्रगान के बाद स्व. मधु मिश्रा को दो मिनट मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। इससे पहले पदाधिकारियों ने जनवरी में युगल रूप में होने वाली बैठक की जानकारी दी।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता वरदान या अभिशाप पर रखे विचार



अतिथियों व शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता के प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● मानवाधिकार संघ संस्था की ओर से निबंध प्रतियोगिता आयोजित

अमृत विचार : मानवाधिकार संघ संस्था की ओर से रविवार को चंदौसी के हिंदी माध्यम के इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता मोहल्ला महाजन स्थित श्री सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने दो विषयों में से अपनी समझ के अनुसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता वरदान या अभिशाप और सोशल मीडिया का किशोरों पर प्रभाव विषयों पर लेखन के माध्यम से विचार व्यक्त किए।

प्रतियोगिता में रामप्यारी इंटर कॉलेज की 3 छात्राएं, सनातन धर्म इंटर कॉलेज की 3 छात्राएं, बीएमजी इंटर कॉलेज की 3 छात्राएं, एफआर इंटर कॉलेज से 2 छात्राएं और 1 छात्र, जगदीश सरन सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज से 3 छात्राएं, आरएस इंटर कॉलेज की 4 छात्राएं, बाबूराम इंटर कॉलेज से 1 छात्रा एवं 2 छात्र, राजेश कुमार विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से 3 छात्र, चंदौसी इंटर कॉलेज से 3 छात्र, अक्रूर जी इंटर कॉलेज से 2 छात्राओं नें हिस्सा लिया। प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को अपने विचारों को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करने का अच्छा मौका मिला। परीक्षा संयोजक डॉ. दीपचंद अग्रवाल रहे। कक्ष निरिक्षक का कार्यभार त्रिमोहन सिंह यादव, जगदीश राना, बृजगोपाल गुप्ता, जयशंकर दुबे नें संभाला। परीक्षा प्रमुख अश्वनी कुमार रहे। पवन गुप्ता, संजीव कुमार सिंह केंद्र पर्वेक्षण के रूप में तैनात रहे। कवेन्द्र गौड़, नीलेन्द्र सिंह, अविनाश गुप्ता, राजू बनर्जी, भावना गुप्ता, अनन्या, कंचन राघव आदि का सहयोग रहा।

## बालक में न्यू डेल्स व बालिका में सेंट मेरी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रामगंगा विहार स्थित आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में रविवार को आरएसडी एकेडमी द्वारा एक दिवसीय 5वीं इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन जिला ओलिंपिक संघ के अंतर्गत किया गया। इसमें जिले के 15 स्कूलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आरएसडी एकेडमी, न्यू डेल्स मांटेसरी स्कूल, शिरडी साईं विंग - 1, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, शिरडी साईं विंग - 2, क्रिप्टन पब्लिक स्कूल, समर वैली स्कूल, दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल, एस आर इंटरनेशनल स्कूल, वी. पैंथर स्कूल, सेंट मेरी स्कूल, गोया वर्ल्ड स्कूल, स्प्रिंग फील्ड कॉलेज आदि के खिलाड़ी शामिल हुए।

प्रतियोगिता की शुरुआत उत्तर प्रदेश ओलिंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने की। दो वर्गों में हुई प्रतियोगिता के बालक वर्ग में न्यू डेल्स मांटेसरी स्कूल ने प्रथम स्थान, वी पैंथर स्कूल ने दूसरा स्थान व शिरडी साईं विंग 1 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सेंट मेरी स्कूल ने प्रथम स्थान, आरएसडी एकेडमी ने दूसरा स्थान व शिरडी साईं विंग 2 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



विजेताओं को ट्रॉफी देते आरएसडी एकेडमी के डायरेक्टर व अन्य। ● अमृत विचार

● एक दिवसीय 5वीं इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में 15 स्कूलों के 300 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. अजय शर्मा व डॉ. गरिमा शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। डॉ. जी कुमार ने खिलाड़ियों की सराहना की। आयोजन मंडल में शाहवेज़ अली, संजय मेहरोत्रा, मोहित चौधरी, मयंक कश्यप, कुनाल सैनी रहे। निर्णायक मंडल में अफ़ज़ल हुसैन, सुरेश चिल्लर, खेतान सैनी, यश अग्रवाल, अक्षय, वरुण दीक्षित, हिना सैनी, हिमालय सैनी शामिल रहे।

## विज्ञान–संस्कृत के कठिन सवालों ने बढ़ा दीं परीक्षार्थियों की मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● आधे से ज्यादा ने छोड़ी स्नातक श्रेणी की परीक्षा

अमृत विचार: रविवार को आयोजित हुई विज्ञान विषय की स्नातक श्रेणी की परीक्षा में कठिन प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को खूब परेशान किया। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते समय छात्रों के चेहरों पर स्पष्ट नजर आ रहा था कि प्रश्न पत्र उम्मीद से अधिक कठिन था।

रविवार को परीक्षार्थियों ने बताया कि विज्ञान की परीक्षा में संस्कृत के प्रश्न भी शामिल थे, जिनको हल करने में काफी समय लग गया। इससे कई अभ्यर्थी प्रश्नपत्र में उलझ गए और समय कम पड़ गया। छात्रों का कहना था कि इस बार कठिनाई स्तर सामान्य से काफी अधिक रहा।परीक्षा में कुल 12,218 परीक्षार्थियों के पंजीकरण थे, जिनमें से 6,042 ही परीक्षा में बैठे, जबकि 6,176 ने परीक्षा छोड़ दी। सुबह की पहली पाली में केंद्रों के बाहर 8 बजे से ही लंबी कतारें लग गई थीं। दूसरी पाली की विज्ञान परीक्षा 7 केंद्रों पर आयोजित हुई, जिसमें 2,906 परीक्षार्थियों की व्यवस्था की गई थी। इनमें से 1,894 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1,012 ने परीक्षा छोड़ दी।



परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था

परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही। केंद्रों के बाहर तैनात पुलिस कर्मियों ने मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, नोट्स और सभी प्रतिबंधित सामग्री की गहन जांच की। केंद्र में प्रवेश से पहले और अंदर पहुंचने के बाद दो बार तलाशी ली गई। कई केंद्रों पर परीक्षार्थियों से जूते-मोजे तक उतरवाकर जांच की गई ताकि नकल की कोई संभावना न रहे।

## जरूरतमंदों को दिए लिहाफ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● आर्य समाज के माध्यम से लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा वितरण

अमृत विचार : नारायण कुमार लोहिया की स्मृति में लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा रविवार को आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में आर्य समाज के माध्यम से गरीबों को 10,000 लिहाफ का वितरण किया गया।

आयोजन के प्रारंभ में पं लाल किशोर शास्त्री, भूपेंद्र शास्त्री और वीरेंद्र आर्य के पुरोहित्य विनय लोहिया -भारती लोहिया की यजमानी में यज्ञ कराया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह रहे। राजेश भटनागर आर्किटेक्ट निर्यातक हेमंत जुनेजा, शताधिक रक्तदाता संजीव गोयल और लावारिश मरीजों के इलाज कराने की सेवा करने वाले नीरज कुमार को सम्मानित किया गया। विनय लोहिया ने कहा कि पिता नारायण कुमार लोहिया की प्रेरणा से ही आज हम सेवा में है। ज्ञानेंद्र गांधी ने आभार व्यक्त किया। संचालन रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने किया।

विभोर लोहिया राहुल रस्तोगी, मेजर योगेश गुलेरिया, नितिन रस्तोगी, डा. मंजू , जितेंद्र आर्य, प्रदीप विश्नोई, लोकेश आर्य, यशपाल आर्य, राकेश कुमार आर्य, प्रभा आदि मौजूद रहे।



गरीबों को लिहाफ वितरित करते समिति के लोग। ● अमृत विचार

## मेडिकल प्रीमियर लीग में अवेंजर्स जीता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट की रविवार को शुरुआत हुई। नौ दिनी टीएमपीएल का आरंभ डीएम अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल ने किया। पंद्रह ओवर के टीएमयू एयरवे अवेंजर्स और टीएमयू टोरेंडो के बीच हुए मैच में टीएमयू एयरवे अवेंजर्स के कप्तान डॉ. अंकुर सिंह ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। ओपनिंग मौके पर डीएम अनुज सिंह, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. शोभित जैन के अलावा कुलाधिपति सुरेश जैन,जीवीसी मनीष जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह मौजूद रहे।

अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर और ट्रॉफ़ी का अनावरण कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टीएमयू टोरेंडो ने छह विकेट गंवाकर 132 रनों का लक्ष्य दिया,लेकिन टीएमयू एयरवे अवेंजर्स टीम ने पांच विकेट खोकर तीन ओवर पहले ही 132 का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया। इस जीत का श्रेय एमएमबीएस के खिलाड़ी अभय प्रताप सिंह के सिर बंधा। अभय ने 22 बॉल पर 54 रन बनाकर अपनी टीम को विजयश्री दिला दी। उन्होंने उत्कृष्ट बल्लेबाजी कर दो चक्के और छह छक्के मारे और मैन ऑफ दी मैच घोषित किए गए। अंततः टीएमयू एयरवे अवेंजर्स टीम पांच विकेट से जीत गई।



खिलाड़ियों से परिचय लेते डीएम अनुज सिंह व एसएसपी सतपाल अंतिल।

● अभय प्रताप सिंह को चुना गया मैन ऑफ दी मैच

### डीएम और कप्तान ने जड़े शॉट

टीएमयू के क्रिकेट मैदान पर डीएम और एसएसपी ने भी खूब शॉट जड़कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीएम ने पहले बालिंग की, तो एसएसपी ने शॉट जड़े। इसके बाद विवि के जीवीसी मनीष जैन की बॉलिंग पर डीएम ने शानदार बैटिंग की।

## गाड़ी-गाड़ी खेल रहे हैं ...



मासिक काव्य गोष्ठी में मौजूद कवि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम की ओर से संस्था के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रचनाकार रामदत्त द्विवेदी के आवास पर मासिक काव्य-गोष्ठी आयोजित की गई।

राजीव प्रखर द्वारा मां शारदे की वंदना से शुरू कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी ने की। संचालन राजीव प्रखर ने किया। राजीव प्रखर ने - गाड़ी-गाड़ी खेल रहे हैं, कॉलोनी के बच्चे सारे, जैसे नभ में चमक रहे हों, नन्हें-नन्हें झिलमिल तारे। मनोज मनु ने खूबतर तो है मगर ये फैसला दोनों पे है, किस तरह की चाहिए आबो-हवा दोनों पे है। पंडित रवि चतुर्वेदी ने दुआ मां-बाप की जिसके खजाने में नहीं होती, उस इंसान की इज्जत जमाने में नहीं होती। योगेन्द्र वर्मा व्योम ने ये शज़र जाने क्या क्या कमाल रखता है, छांव में अपनी सौ-सौ सवाल रखता है। झूठ, मक्कारी, धोखा, फरेब शख़्स वो खुद में क्या क्या बवाल रखता है। ओंकार सिंह ओंकार ने कोई भी बलवंत नहीं है, होता जिसका अंत नहीं है। अध्यक्षता करते रामदत्त द्विवेदी ने कहा कि स्वप्न देखा है मैंने रात खुदा खैर करे। हो गए कष्ट के हालात, खुदा खैर करे।

## सुबह कोहरे में टहलना कर सकता है बीमार

मुरादाबाद, अमृत विचार: मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान अगले सप्ताह के बाद तीन डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क सकता है।

डॉक्टरों का कहना है कि सुबह के कोहरे में टहलने निकलना खतरनाक हो सकता है। ठंडी हवा और घने कोहरे के बीच लंबे समय तक बाहर रहने से सामान्य सर्दी-जुकाम, खांसी और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, सुबह और देर शाम की सैर सीमित समय के लिए करें और गर्म कपड़े पहनना जरूरी है। घर के बाहर अधिक समय बिताने से बचें और जरूरी होने पर ही बाहर जाएं। साथ ही, गर्म पेय पदार्थों और पोषक आहार पर जोर दिया गया है ताकि प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत रहे।

## गीत, युगल व एकल गायन में मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज (मुसांस)का एक मनोरंजक कार्यक्रम ख्याल हमारे अंदाज़ आपके रविवार की रात एमआई टी सभागार में हुआ।

सर्व प्रथम वाईपी गुप्ता, सुरेश चंद्र अग्रवाल, अनिता गुप्ता, ममता गर्ग और डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। सचिव डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने कहा कि आज का कार्यक्रम विशेष रूप से अपने सदस्यों के अंदर छिपे टैलेंट को बाहर लाने के लिए किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला संयोजिका रेनु गुप्ता ने आरंभ की। जिसमें सर्वप्रथम संगीता व कर्नल अतुल भटनागर का रोमांटिक युगल गायन हुआ, रेनु सक्सेना व अदिति अग्रवाल ने हास्य झलकी से गुदगुदाया। डॉ. विमिता अग्रवाल ने विशिष्ट अंदाज़ में बॉलीवुड गीत प्रस्तुत किया। अर्चना जैन ने एकल नृत्य ये गलियां ये चौबारा से धूम मचाई। कार्यक्रम में अलग अंदाज में तंबोला खिलाया गया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में सम्मान समारोह हुआ जिसमें सेवाभाव से कार्य करने वाले महानगर के पांच डॉक्टरों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले डॉक्टर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश अग्रवाल, महिला एवंप्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. बबीता गुप्ता, सर्जन डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. मुकेश अग्रवाल और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन अग्रवाल रहे। सम्मान स्वरूप पटका एवम शॉल पहनाकर सम्मान पत्र एवम सम्मान चिन्ह भेंट किए गए। अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने सम्मानित होने वाले डॉक्टर्स की विशेषताएं बताईं। कार्यक्रम में अनिता गुप्ता, ममता गर्ग, अभय पांडेय, अनूप मेहरोत्रा, प्रशांत गर्ग, सुबोध मेहरोत्रा, आशीष अग्रवाल, तनु मेहरोत्रा, नेहा अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।



मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज के कार्यक्रम में सम्मानित डॉक्टर व अन्य।

● मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज ने आयोजित किया मनोरंजक कार्यक्रम 'ख्याल हमारे अंदाज़ आपके'

## प्रदूषित हवा और ठंड से बुजुर्गों में संक्रमण का खतरा बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे 80 से ज्यादा रोगी

अमृत विचार : सर्दी और बढ़ता प्रदूषण बुजुर्गों की परेशानी का सबब बन रहा है। बुजुर्गों में संक्रमण फैलने के मामले बढ़ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार दिन और रात के तापमान में काफी अंतर है। वहीं, प्रदूषण का स्तर सेहत के लिहाज से सही नहीं है। इसका सबसे बुरा असर बुजुर्गों पर पड़ रहा है।

पिछले एक सप्ताह में बड़ी संख्या में बुजुर्ग इस परेशानी को लेकर अस्पताल आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में हर रोज 80 से अधिक मरीज आ रहे हैं। फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि बहुत से बुजुर्गों में टीएलसी (टोटल ल्यूकोसाइट काउंट) का स्तर 31 हजार से भी अधिक मिल रही हैं। जबकि, इसका स्तर 4 हजार से 11 हजार के बीच होना चाहिए। ऐसे में बुजुर्गों में सांस फूलने, लगातार खांसी होने, बुखार बने रहने, थकान, सर्दी लगना जैसे लक्षण मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ बुजुर्गों में संक्रमण को पूरी तरह से ठीक होने में दो सप्ताह से अधिक का समय लग रहा है। बताया कि ऐसे में सर्दी से खुद को बचाएं और मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें। पौष्टिक भोजन करें, शरीर में पानी की कमी न होने दें, धूप निकलने पर धूप में जरूर बैठें, समस्या होने पर लापरवाही न करें तुरंत डॉक्टर से मिलकर परामर्श लें।

अमृत विचार

मुरादाबाद , सोमवार,8 दिसंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कांठ, अमृत विचार** : थाना पुलिस ने महिला एवं एक व्यक्ति के सिर में डंडा मार कर घायल करने के मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। थाना कांठ के ग्राम सिरसा टाट निवासी बलराम सिंह एवं एक महिला को सर में डंडा मार कर संजय, सुनील पुत्र जगदीश ग्राम सिरसा टाट ने गंभीर रूप से घायल कर दिया था। थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत लिया था। 4 दिसंबर को हुई घटना के मामले में थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है।

### नाबालिग को भगाने में युवक नामजद

**भोजपुर अमृत विचार** : रविवार को पुलिस ने 17वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में संजु नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी गई तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि शनिवार को पत्नी के साथ खेत पर पशुओं का चारा लेने गया था। घर पर बेटी अकेली थी। संजू घर आया और बेटी को बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बनाई जाएंगी दो पुलिस चौकी

## क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कोतवाली के निरीक्षण में लोगों से किया संवाद

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत, विचार** : कोतवाली के निरीक्षण के दौरान एक गोष्ठी में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जल्द ही दो पुलिस चौकी बनाई जाएंगी। उन्होंने लोगों से भी जागरूक रहने की अपील की।

रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। दस्तावेजों का रख रखाव, मैस व असलहों का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक को लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए । बाद में संवाद गोष्ठी में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि ठंड का मौसम शुरू हो गया है । अक्सर देखा गया है कि ठंड के मौसम में अपराधिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। इन्हें रोकने के लिए क्षेत्र में दो पुलिस चौकियां ठाकुरद्वारा सुरजन नगर मार्ग पर स्थित शरीफ नगर व ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रोड पर सुल्तानपुर दोस्त के निकट बनवाने की कवायद शुरू कर दी है। ठाकुरद्वारा कमलापुरी रोड पर स्थित किशनपुर गावंडी के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर एक रात्रि पिकेट लगाई जाएगी ताकि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लग सके । इसी के साथ-साथ नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया जाएगा ।



कोतवाली में लोगों से संवाद करते पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह।

उन्होंने ग्राम पहरियो को निर्देश दिए कि वह हर गतिविधि पर ध्यान रखें । किसी भी तरह की कोई घटना होने पर इसकी तत्काल सूचना कोतवाली पुलिस को दें । किसी के साथ-साथ संबाद गोष्ठी में क्षेत्र से आए संभ्रात नागरिकों से कहा कि वह संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें । सधिकताकता पाए जाने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें । सावधान- सतर्क रहें और पुलिस का सहयोग करें ताकि अपराधी गतिविधियों पर अंकुश लग सके । इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ,समाजसेवी तहसीम रजा व अन्य वक्ताओं ने कहा कि वह जिस तरह से पहले से पुलिस का सहयोग करते आ रहे हैं उसी तरीके से सहयोग करें । संदिग्ध लोगों की आशंका होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें । बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार, क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार, उप निरीक्षक विजेंद्र पाल सिंह, बलराम दीक्षित , शहनवाज खान, अकील अहमद,सरताज अहमद, आदि मौजूद रहे ।

- प्रभारी निरीक्षक को लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निपटाने के दिए निर्देश
- ग्राम पहरियो से अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के को कहा

## गांव देवीपुरा के बीएलओ को पैरालिसिस अटैक

**भोजपुर,अमृत, विचार** : गांव देवीपुरा के बीएलओ को पैरालिसिस अटैक हो गया। शिक्षक का अमरोहा के अस्पताल में उपचार चल रहा है।

ब्लाक भगतपुर टांडा के गांव देवीपुरा के कंपोजिट स्कूल के सहायक अध्यापक अमरोहा निवासी संजीव कुमार प्राथमिक स्कूल देवीपुरा बूथ संख्या 3 पर बीएलओ हैं। इन दिनों शिक्षक की ड्यूटी एसआईआर में लगी है। रविवार को बीएलओ का रक्त चाप तेजी से बढ़ा और उनके शरीर की दाहिनी साइड ने काम करना बंद कर दिया। परिजन शिक्षक को उपचार के लिए अमरोहा में स्थित अस्पताल ले गए। चिकित्सकों के मुताबिक शिक्षक को पैरालिसिस हुआ है। फिलहाल बीएलओ को आइसीयू में भर्ती कराया गया है।



संजीव कुमार।

## नहरों में पानी आने से किसानों में खुशी



नहरों में छोड़ा गया पानी। ● अमृत विचार

संवाददाता,छजलैट

**अमृत विचार** : क्षेत्र में नहरें सूखी पड़ी थी, जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समाचार पत्रों ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। अब नहरों में पानी छोड़े जाने से किसान खुश हैं।

छजलैट विकास खंड के मथाना, मुंढाखेडी, ऊमरी, मधुवा, ढांकी आदि गांव के किसानों की खेती नहर के पानी पर ही निर्भर है। फसलों की सिंचाई के हमेशा आस लगाए रहते हैं, लेकिन अक्सर सिंचाई विभाग देर से किसानों को पानी देता है। जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पंपिंग सेट से खेतों की सिंचाई बहुत महंगी पड़ती है। नहरों में पानी न होने से किसान गेहूं की फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे थे, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा था। कुछ किसान पंपिंग सेट से पानी लगा रहे थे। किसान लेखराज सिह, उदित ,रामपाल, जयकारा आदि ने बताया कि काफी दिनों से नहर में पानी छोड़े जाने के इंतजार में थे। नहर में आते ही सभी किसान अपने खेतों की सिंचाई करने लगे हैं। किसानों ने कहा कि गेहूं की सिंचाई के लिए पानी की सख्त जरूरत थी।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को वितरित की पोषण किट



बच्चे के परिवार को किट देते नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार** : नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी ने कुपोषण प्रभावित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की। शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में विशेष रूप से चिन्हित कुपोषित बच्चों के परिवारों को पोषण किट का वितरण किया गया।

अध्यक्ष ने कहा कि शहर के बच्चों का स्वस्थ रहना उनकी प्राथमिकता है। पोषण किट में दालें, सोयाबीन, गुड़, विटामिन युक्त आटा, और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल थी, जो बच्चों के संपूर्ण विकास में मददगार होगी।

उन्होंने अभिभावकों से इसका पूरा लाभ उठाने और बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। यह कार्यक्रम स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर पालिका के सभासद व अधिकारी भी मौजूद रहे।

## कांठ में तेंदुए का जोड़ा दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव मुख्तियारपुर नवादा के पास स्वामी चमनऋषि महाराज के आश्रम के पास तेंदुए का जोड़ा दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई है।

मुख्यत्यारपुर नवादा से जा रही रसूलपुर मार्ग पर नहर के समीप अधिकांश स्वामी चमन ऋषि महाराज के आश्रम पर तेंदुए का जोड़ा दिखाई देता है। अनेक ग्रामीण बहुत तेंदुए को देख चुके हैं। किसान काफी भयभीत हैं और अपने खेतों में जाते हुए भी डर रहे हैं। खेतों में तेंदुए के पंजों के निशान भी किसानों को देखने को मिले हैं। अमरोहा रेलवे फाटक की मरम्मत के चलते यह मार्ग अत्यंत व्यस्त हो गया है। स्कूली बच्चे भी इधर से आज आवागमन करते हैं। कुछ जागरूक लोगों ने आश्रम में तेंदुए की वीडियो भी बनाई है। अनेक ग्रामीण वन विभाग से तेंदुए को पकड़वाये जाने की मांग कर रहे हैं। डर के कारण किसान खेतों पर भी नहीं जा रहे।

## जनता इंटर कॉलेज जाने वाली सड़क बनवाने की मांग

- 20 वर्ष से टूटी पड़ी है सड़क, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार** : गांव गोपीवाला के ग्रामीणों ने गांव से जनता इंटर कॉलेज को जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की गई है ।

इससे पूर्व ग्रामीणों ने एसडीएम प्रीती सिंह व खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान को शिकायती पत्र देकर स्कूल जाने वाली सड़क निर्माण की मांग की। बरसात के दिनों में उबड़-खाबड़ सड़क में पानी भर जाने के कारण बच्चों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है । बताते चले की 20 वर्ष पूर्व गांव से जनता इंटर कॉलेज तक खरंजा लगाकर एक सड़क का निर्माण किया गया था। अब सड़क सतिग्रस्त होनी शुरू हो गई जिससे बढ़ते बढ़ते सड़क का बुरा हाल हो गया स्थिति यह है किपैदल चलने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । कई बार शिकायतें देने के बावजूद सड़क का मरम्मत कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते से गोपीवाला, असलेमपुर, कालेवाला, माधोवाला और फौलादपुर सहित कई गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। गड्ढों और टूटे मार्ग के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सड़क निर्माण का कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ, तो वे बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में भू. प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र चौहान, महेंद्र सिंह वाल्मीकि, उपदेश सिंह, राजवीर सिंह, दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मढ़ी की भूमि को लेकर अफसरों का ढुलमुल रवैया, लोगों में रोष

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार** : ठाकुरद्वारा स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध शिव मढ़ी मंदिर मामले में ठाकुरद्वारा से लेकर मुरादाबाद तक के अधिकारियों का रवैया संदिग्ध नजर आता है। सत्यापन किए बिना ही अधिकारियों द्वारा मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण का प्रयास किया जा रहे है।

श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट के साथ मुरादाबाद मेयर विनोद अग्रवाल, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह , पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह, भाजपा नेता शिवेंद्र बंधु गुप्ता, ठाकुर अजय प्रताप सिंह आदि ने यह मामला एक सप्ताह पूर्व मुरादाबाद मंडल की समीक्षा बैठक के दौरान सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री अनिल कुमार के समक्ष उठाया था, तब प्रभारी मंत्री ने मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय न बनाने के निर्देश जिला अधिकारी अनुज कुमार सिंह को दिए थे। कुछ दिनों के लिए निर्माण कार्य को रोक दिया गया था किंतु शनिवार को निर्माण पुनः शुरू कर दिया गया। विरोध शुरू हुआ तो उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने निर्माण रुकवा दिया। ये मामला लंबे समय से चल रहा है। स्थानीय अधिकारी जनपद के अधिकारियों को गुमराह कर इसी स्थान पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए राजी कर लेते हैं।

सूत्र बताते हैं कि मढ़ी मंदिर से मेढ़ मिलान वाले कृषक भी रास्ता प्राप्त करने को इस षड्यंत्र में लगे हैं।उल्लेखनीय है कि मढ़ी मंदिर के पास फ्रंट पर करोड़ों की गाटा संख्या 595 मिनजुमला की भूमि है जिसका विधिक बंटवारा अभी तक राजस्व अभिलेखों में नहीं हुआ है।



निर्माण रुकवाने के बाद मौजूद प्रबंध समिति सदस्य व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- कई बार रोकने के बाद भी शुरू हो जाता है अस्पताल का निर्माण

## बीईओ को शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत

**छजलैट, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने संघ के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही के नेतृत्व में बीईओ शिवओम गुप्ता को शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने मानव संपदा पोर्टल पर कुछ शिक्षक शिक्षिकाओं के अवकाशों के विवरण को सही करने, डीए डिफरेंस 3% 3 माह व बोनस के बिल बनाकर कार्यालय वित्त एवं लेखा अधिकारी को अतिशीघ्र भेजने, बीएसए द्वारा स्वीकृत चयन वेतनमान वाले शिक्षक शिक्षिकाओं के वेतन निर्धारण कर अतिशीघ्र भेजने समेत कई मांगें की गईं। प्रतिनिधि मंडल में दुष्यंत यादव, हेतराम सिंह, जुबैर अहमद, रिजवान अहमद, मेघराज सिंह, गौरव चौधरी, लोकेन्द्र सिंह, विवेक कुमार,अनुज विश्नोई, प्रभास उज्जवल, जावेद आदि उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर प्रभावशाली मंचन ने किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : इनरव्हील क्लब मुरादाबाद ईस्ट की ओर से रविवार को दो कार्यक्रमों का आयोजन किया। पहला कार्यक्रम दिव्या सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शालिनी गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा ने क्लब के सामाजिक कार्यों की तारीफ की।

दिल्ली रोड स्थित होटल में आयोजित दूसरे कार्यक्रम की शुरुआत पुनीता और सविता के स्वागत से हुई। अतिथियों का फूलों की छांव से स्वागत किया गया, जो अलका विश्नोई, सुषभ सिंह, नीति मेहरोत्रा और दीपमाला ने दिया। समारोह में मनोरंजक और सामाजिक जागरुकता से भरपूर प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा। डॉ. लता चंद्रा और उनकी टीम ने ऑरेंज द वर्ल्ड थीम पर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर प्रभावशाली मंचन किया। जिसने सभी को मुग्ध कर दिया। सरिता लाल ने डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन के सम्मान में कविता पढ़ी। क्लब अध्यक्ष वीना रस्तोगी, सीमा आरसी अग्रवाल, प्राची दीक्षित, क्षमा गोयल, सपना अग्रवाल, चित्रा अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।



इनर व्हील क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

- इनरव्हील क्लब मुरादाबाद ईस्ट ने किया स्वेटर वितरण, शाम को रंगारंग कार्यक्रम

## स्कूल गईं दो छात्राएं लापता रिपोर्ट दर्ज

**चौधरपुर ,अमृत विचार:** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया में शनिवार को स्कूल गई दो नाबालिग छात्राएं लापता हो गईं। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज का छात्राओं की तलाश शुरू कर दी है।

छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री शनिवार की सुबह अपनी सहेली के साथ स्कूल गई थी। स्कूल की छुट्टी के बाद जब छात्राएं घर नहीं पहुंची तो तलाश करते हुए स्कूल पहुंचे । स्कूल में उन्हें बताया गया कि दोनों छात्राएं आज स्कूल नहीं आईं। काफी तलाश करने पर भी छात्राओं का कहीं पता नहीं चल सका । एक छात्रा की छोटी बहन के बैग में पत्र मिला है। छात्रा के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छात्रों की तलाश शुरू कर दी है।

## गवाही से पहले युवती के अपहरण का आरोप

- पिता ने कहा, मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हैं आरोपी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** पाक्सो एक्ट के एक गंभीर प्रकरण में गवाही से ठीक पहले पीड़ित पक्ष की दूसरी पुत्री के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कई लोगों पर अपहरण व जान से मारने की आशंका जताई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरजननगर निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में वर्ष 2024 में अनुज पुत्र नेतराम सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। विवेचना के दौरान मामले में पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं और आरोपी अनुज जेल जा चुका है। मामला वर्तमान में न्यायालय मुरादाबाद में विचाराधीन है। पीड़ित का कहना है कि जेल जाने के बाद से ही आरोपी पक्ष के लोग मुकदमा वापस लेने का लगातार दबाव बना रहे थे। इनकार करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दी जाती थीं। 6 दिसंबर की रात उसकी दूसरी पुत्री को अनुज, उसके पिता नेतराम, ताऊ कृपाल, हर्ष, सौरी, पोलीन और सोनू सहित कई लोग घर से उठा ले गए। उसी दिन पॉक्सो मामले की गवाही निर्धारित थी। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिल पाया। ग्रामीण ने आशंका जताई है कि आरोपी उसकी पुत्री को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने और पुत्री की शीघ्र तलाश की मांग की है।

## नगर में बैटरी चोरी की वारदातें बढ़ीं

**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार** : ठाकुरद्वारा नगर में बीते एक सप्ताह में एक ट्रक, एक बस और अख़बार के कार्यालय से बैटरियों की चोरी हो गई।

एक सप्ताह पहले नसभासद राजेंद्र कुमार के घर के बाहर उनकी बस खड़ी थी। देर रात चोर बस से दो बैटरियां चुरा ले गए और फरार हो गए। एक अन्य घटना 6 दिसंबर की रात की है। मोहल्ला बहेड़ावाला वार्ड 18 निवासी सलमान पुत्र हबीब ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बिलाल मस्जिद के निकट उनके बहनोई का ट्रकखड़ा था, जिस पर पेंट का काम चल रहा था। इसी दौरान सफेद स्विफ्ट कार से आए चोर ट्रक से बैटरी चुरा ले गए। इसके अलावा नगर के एक अख़बार कार्यालय से भी बैटरी चोरी होने की घटना सामने आई है। पीड़ितों का कहना है कि पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

मो. 7906815587

सूचना

मैं No. 2700856K(Ex) GDR धीर सिंह S/o चन्द्रपाल सिंह ग्राम पो. शाहपुर बडौली बागपत (उ.प्र.) घोषणा करता हूँ कि मेरी माताजी (VIMLA DEVI विमला देवी) जन्मतिथि 01.07.1958 मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज है जोकि गलत है। सही नाम (BIMLA बिमला देवी) जन्मतिथि 10.07.1970 है। जोकि उनके अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। अत: मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में उनका नाम सही किया जाये। **गलत नाम**-(VIMLA DEVI विमला देवी) **गलत जन्मतिथि**-01.07.1958, **सही नाम**-विमला **सही जन्मतिथि**-10.07.1970

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष बने पवन



समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

**कांठ, अमृत विचार** : संत शिरोमणि गुरु रविदास जन्मोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष हेतु रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से पवन कुमार एडवोकेट को समिति का अध्यक्ष चुना गया तथा धर्मपाल सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्षता बलवंत सिंह एवं संचालन पारितोष भारती एडवोकेट ने किया। दिद्दन सिंह, रामचंद्र सिंह, राजकुमार, विजयपाल सिंह, भगवान सिंह, संजय कुमार, दौलत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## श्री राम ने दीन हीनों को गौरव प्रदान किया

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार** : कुमार कार्तिकेय सभागार में चल रही श्री राम कथा के छठवें दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा संसार में लोग उन्हीं लोगों से संबंध बनाते हैं जिनसे संबंध बनाकर उनका गौरव बढे जबकि प्रभु राम ने सदैव दीन हीनों से संबंध बनाकर उन्हें गौरव प्रदान किया ।

बताया कि रामायण में प्रभु राम ने सबरी और गीधराज जटायु को वह सम्मान और गौरव प्रदान किया जो सम्मान माता कौशल्या और महाराज दशरथ को भी प्राप्त नहीं हुआ। इसी प्रकार हमारी संस्कृति में बड़े पुत्र के हाथों पिता के अंतिम संस्कार का विधान है पर यह सौभाग्य महाराज दशरथ को नहीं मिला क्योंकि श्री राम उनके पास नहीं थे उनका अंतिम संस्कार श्री भरत ने किया ,जबकि जटायु का अंतिम संस्कार प्रभु राम ने अपने हाथों से किया । बताया कि इतना ही नहीं जब प्रभु राम वन से लौट कर के आए और उनके मित्रों ने उनके संस्मरण पूछे तो भगवान राम ने किसी ऋषि मुनि का नाम नहीं लिया बल्कि बार-बार गीधराज जटायू और माता सबरी का स्मरण किया । अपनी इसी विशेषता के कारण श्री राम लोगों के हृदय में भगवान के रूप में विराजमान हो गए। श्री राम कथा के प्रारंभ में व्यास पीठ का पूजन एवं प्रसाद की व्यवस्था विजेंद्र चौहान एवं सुधीर कुमार गुप्ता के द्वारा की गई । कथा में संजय जैन ,शिव ओम गुप्ता, दुष्यंत चौहान, अखिलेश श्रीवास्तव ,सुरेश कुमार गुप्ता, सुरेंद्र चुग, नरेश कुमार गुप्ता ,अलंकार गुप्ता ,विजेंद्र चौहान, राकेश कुमार गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, पंकज चौहान आदि का सहयोग रहा।



श्री राम कथा में आरती करते श्रद्धालु । ● अमृत विचार

## अतिवृष्टि से नष्ट फसल का अब तक नहीं मिला मुआवजा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र में 41 ग्रामों के सैकड़ों किसानों की बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के नुकसान का मुआवजा तहसील प्रशासन द्वारा नहीं दिया गया है। सपा के जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने किसानों की फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र में पिछले दिनों बाढ़ आने से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया था जिसमें डेढ़ दर्जन ग्रामों को बाढ़ ग्रस्त घोषित तहसील प्रशासन द्वारा किया गया था। तहसील क्षेत्र में कुल 201 गांव हैं, जिनमें से 18 गांव बाढ़ ग्रस्त घोषित है इन गांवों के 950 किसने की 130 हेक्टर फसल गाना धान सब्जी आदि की नष्ट हो चुकी है। इसके साथ ही 23 और गांव तहसील प्रशासन राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित किए गए हैं। इन 23 ग्रामों में किसानों की बारिश के अधिक पानी अतिवृष्टि से फसल नष्ट हुई है। ऐसे 170 किसान इन 23 ग्रामों के चिन्हित किए गए हैं। 23 हेक्टर फसल इनकी नष्ट हो गई है। एसडीएम संत दास पवार, तहसीलदार राजकुमार ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों से फसलों के नुकसान के आंकलन भी कराए थे। लेखपालों ने रिपोर्ट बनाकर तहसील कार्यालय पर उपलब्ध कर दी थी। सपा के जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग सरकार से की है।

# 6 जनवरी 2026 को होगा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता 1 नवंबर 2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 दिसंबर को आलेख्य प्रकाशन किया जा चुका है।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण 1960 के नियम 12 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 2 से 16 दिसंबर तक जनपद के सभी पदाभिहित स्थलों पर दावे और आपत्तियां दाखिल कर सकता है। यदि कोई भी अर्ह शिक्षक निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से वंचित रह गया है तो दावे और आपत्ति की अवधि में फार्म-19 भरकर अपना नाम बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करवा सकता है, फार्म-8 भरकर अपने दावे में हुई त्रुटियों को सही करा सकता है। 6 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# रजा डिग्री कॉलेज में युवा उत्सव आज

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में युवा उत्सव होगा। इस दौरान कॉलेज में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी लगेगी। कॉलेज प्राचार्य प्रो. जागृति मदान धींगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में निपुण युवा बालक-बालिकाएं, पुरुष-महिलाएं एवं टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतिभागी अपने साथ अपना बायोडाटा एवं जन्मतिथि का प्रमाण साथ लेकर आयेंगे। साज-बाज, वाध यंत्र, साइंस मेले से संबंधित प्रोजेक्ट एवं सामग्री इत्यादि प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा।

## एसआईआर मामले में मुकदमा दर्ज होने वालों के घर पहुंचे आप सांसद संजय सिंह बोले-

# बिहार के बाद यूपी में एसआईआर से वोट काटने की साजिश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


नूर जहां से मुलाकात करते सांसद संजय सिंह और फैसल लाला।

**अमृत विचार :** एसआईआर मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद रविवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ज्वालानगर स्थित नूर जहां के घर पहुंचे और उनकी बात सुनी। उन्होंने सांसद ने कुवैत में रह रहे उनके बेटे आमिर और दानिश से फोन पर बात की। सांसद ने कहा कि बिहार के बाद यूपी में एसआईआर के बहाने वोट काटने की साजिश है।

उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। कहा कि सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है। वोटों पर डकैती डाल रही है। कहा कि एसआईआर का मखौल उड़ाया जा रहा है। एक बूढ़ी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई। महिला ने विदेश में रह रहे बेटे का एसआईआर फार्म भर दिया। कहा कि नियम में है कि कोई भी प्रवासी भारतीय भारत का मतदाता बन सकता है। परिवार का कोई सदस्य एसआईआर फार्म पर हस्ताक्षर कर सकता है। हस्ताक्षर कर उन्होंने लिख दिया माता। कहा कि एसआईआर के तहत बिहार में जो घोटाला हुआ है वहीं किया जा रहा है। मुसलमान, यादव, पासी और वर्मा के वोट काटे जा रहे हैं। कहा कि कोई महिला को गिरफ्तार करने आता है तो आप के कार्यकर्ताओं समेत वह भी गिरफ्तारी देंगे। इस मौके पर आप नेता फैसल लाला, सभासद फहीम अंसारी, आरिफ सिकंदर, राजू, हबीब अहमद, गुड्डू महफूज, यासीन गुड्डू, मोहम्मद जफर, सरफरोज गुड्डू समेत कई मौजूद रहे।

### कोई भी प्रवासी भारतीय अपने देश में हो सकता है मतदाता

सांसद ने कहा कि कोई भी प्रवासी भारतीय अपने देश में मतदाता हो सकता है। कुवैत में रह रहे दानिश और आमिर की मां का नाम एसआईआर फार्म में दर्ज है। प्रशासन ने उन लोगों के खिलाफ गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया है। वह इस मामले को संसद में उठाएंगे और दुनिया को बताएंगे कि किस तरह वोटों की डकैती की जा रही है। जबकि संविधान भी विदेशों में रहे भारतीयों को भारत का मतदाता होने पर कोई रोक नहीं लगाता है। सांसद ने नूरजहां को भरोसा दिलाया कि वह उनको इंसाफ दिलाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मदरसे के लिए निकला किशोर लापता

**रामपुर,अमृत विचार :** सिविल लाइंस के अजीतपुर निवासी रहमानी का बेटा अल्तमश( 14) 6 दिसंबर की रात 8 बजे मदरसे में पढ़ाई करने गया था। जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा। मस्जिद के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में नमाज से पहले टहलता हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद से उसका कुछ पता नहीं लग सका। बड़े भाई मोहम्मद रेहान ने थाना सिविल लाइंस में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस जिसके बाद छात्र को तलाश रही है।



### झगड़े में चार लोगों का शांतिभंग में चालान

**स्वार,अमृत विचार :** पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर अलग-अलग जगहों पर गाली-गलौज कर मारपीट कर रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है। कोतवाली के गांव फाजलपुर निवासी चाचा मोहन और भतीजा अरुण की किसी बात को लेकर आपस में शनिवार रात कहासुनी के बाद गाली गलौज के साथ ही मारपीट होने लगी थी। ग्रामीणों व परिजनों ने दोनों को काफी समझाने का प्रयास किया। मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। चाचा व भतीजे को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। वहीं दूसरी और मधुपुरा निवासी फारूख और चाऊपुरा निवासी इस्लाम अपने परिजनों से गाली-गलौज कर रहे थे। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शांति भंग में चालान किया है।

# दूसरों का हित करने से बड़ा कोई धर्म नहीं

## भारत विकास परिषद मुख्य शाखा की रजत जयंती में बोले रजा लाइब्रेरी के निदेशक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को कोसी मार्ग स्थित एक पैलेस में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा की रजत जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि दूसरों का हित करने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, जबकि दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाला सबसे बड़ा अधर्मी होता है।

- स्मारिका रजत किरण का विमोचन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

मुख्य अतिथि डॉ. पुष्कर मिश्र और भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू, डॉ. नितिन डालभ ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। स्मारिका रजत किरण का विमोचन किया। महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि भारत विकास परिषद ने जिले में सेवा, संस्कार और राष्ट्रीयता की जो धारा प्रवाहित की है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श है। रजत किरण केवल एक स्मारिका नहीं, बल्कि परिषद की आत्मा, उसके संघर्ष और उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत केवल भू-भाग नहीं बल्कि वह तत्व है जो मानव जाति को संवेदना से सींचता है। उन्होंने छह बिंदुओं पर विस्तार से बताया। अध्यक्ष विकास पांडेय ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में रामपुर शाखा ने छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में बड़ा परिवर्तन लाने की कोशिश की है। उन्होंने संस्थापक सदस्यों, वरिष्ठ मार्गदर्शकों, सभी पूर्व अध्यक्षों व वर्तमान कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रजत किरण इसी नई ऊर्जा और नए संकल्प का प्रतीक है।

माधव गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, अजय अग्रवाल,रविंद्र गुप्ता, विनोद कुमार, शालिनी चावला पांडेय,अशोक कुमार, अभय शंकर अग्रवाल, संजय रस्तोगी, संजीव अग्रवाल, रविंद्र पाल सिंह, दीपक पुंडीर विपुल गुप्ता, संजीव दयाल सक्सेना, समीर वात्सल्य, महेश जुनेजा, आरके जैन, उमेश रस्तोगी, गिरीश गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार वैष्णव, सतीश कुमार सक्सेना, राजीव अग्रवाल, ललित अग्रवाल,अभय कुमार, शिव कुमार, गुप्ता प्रदीप अग्रवाल, रमेश पाठक, सुनील कुमार, आशु गुप्ता, अश्विनी बाबा, सचिन वर्मा, विवेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल सरकड़े वाले, संजीव सक्सेना, सचिन मोहन, सत्यनारायण, ठाकुर अजय सिंह, राजीव मांगलिक, भारत भूषण गुप्ता, श्री नरेंद्र कुमार अरोड़ा, अजय कुमार, जगन्नाथ चावला, कविता खुराना और अजय कुमार कट्टा उपस्थित रहे।


पत्रिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारी। • अमृत विचार

### जिस सच से समाज को क्षति पहुंचे उससे परहेज करो

परिषद के राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू ने कहा कि परिषद की टीम भावना, सेवा के प्रति निष्ठा और 25 वर्षों की लंबी यात्रा को अविराम सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। कहा कि सदा सच बोलो, लेकिन जिस सच से समाज को क्षति पहुंचे उस सच से परहेज करो। जो सच झगड़ा कराए उसे ना बोलें। वहीं विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में परिषद के जनहित कार्यों में चिकित्सा शिविर, रक्तदान, शिक्षा सहायता, संस्कार शाला, प्रतिभा सम्मान, आपदा राहत, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण की सराहना की।

### परिषद की उपलब्धियों का प्रतिबिंब है पत्रिका

मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने स्मारिका के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पत्रिका परिषद की 25 वर्ष की सेवायात्रा, जनहित कार्यों, उपलब्धियों और अनुभवों का जीवंत प्रतिबिंब है। स्मारिका में शाखा के स्थापना काल से लेकर वर्तमान तक की यात्रा, विभिन्न सेवा परियोजनाएं, वार्षिक गतिविधियां, प्रमुख उपलब्धियां, वरिष्ठ सदस्यों के संस्मरण, आगामी योजनाएं विस्तार से संकलित की गई हैं। इस अवसर पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों में रजत किरण, स्मारिका का विमोचन परिषद की सेवायात्रा पर आधारित वीडियो प्रस्तुति वरिष्ठ सदस्यों एवं समाजसेवियों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम व राष्ट्रभक्ति गीत, आगामी सेवा परियोजनाओं की घोषणा वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


भारत विकास परिषद मुख्य शाखा की रजत जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग।

# पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी मैदानों में ठिठुरने लगे लोग


रविवार की रात हाईवे पर कोहरे के बीच से गुजरते वाहन। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर बर्फबारी होने से ठिठुरन बढ़ गई है। न्यूनतम पारा 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। मौसम वैज्ञानिक की माने तो रात्रि में और सर्दी बढ़ेगी। हालांकि, दिन में धूप निकली लेकिन, 8 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली सर्द हवा ने सर्दी का अहसास बढ़ा दिया।

सर्दी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ती सर्दी के चलते लोग गरम कपड़े पहन कर निकले। सर्दी बढ़ने के कारण शाम को बाजारों में कम संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि रात्रि में सर्दी और बढ़ने का अनुमान है। रात्रि में पारा 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और नीचे जा सकता है। रविवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि अधिकतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार की तड़के सड़कों पर कोहरे की चादर उतर आई जिसके चलते वाहनों की रफ्तार में ब्रेक लग गए। सुबह करीब 7:45 बजे सूरज की किरणें कोहरे को काटकर धरती तक पहुंची इसके बाद वाहनों ने रफ्तार पकड़ी। धूप निकलने से लोगों को भी सर्दी से कुछ राहत मिली लेकिन, सर्द हवा के कारण लोग गर्म कपड़ों में लिपटे रहे।

### हाल-ए-मौसम

- अधिकतम तापमान- 19 डिग्री सेल्सियस। • न्यूनतम तापमान- 10 डिग्री सेल्सियस। • आर्द्रता- 52 प्रतिशत। • वायु वेग- 8 किमी. प्रति घंटा

"10 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। दिन व रात्रि के तापमान में औसतन 2 से 3 डिग्री गिरावट होने के आसार हैं। 10 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री तक गिर सकता है।
- डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक

# तुरैहा समाज की मांगों को पूरा करे सरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को सराय गेट स्थित बाबा तुरैहा रामस्वरूप की समाधि स्थित माता संतोषी के मंदिर पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि समाज में पिछड़ेपन का प्रमुख कारण केवल अशिक्षा है जो अपने बच्चों को शिक्षा से दूर कर रहे है, वही आज परेशान भी है।

उन्होंने कहा कि जब तक समाज का प्रत्येक परिवार शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा। तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। इसलिए अब समय की यही पुकार है समाज का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करें। चाहे इसके लिए एक रोटी कम खाना पड़े, अन्य खर्चे कम करना पड़े लेकिन शत-प्रतिशत शिक्षा दिलाएं। देश को उन्नतिशील व शक्तिशाली बनाने में केवल भाजपा सरकार ही एक मात्र विकल्प है। जल्द समाज के युवा वर्ग को संगठन में लाकर विस्तार करेगी। बैठक में रामसिंह तुरैहा, कामरेड मेवीराम तुरैहा, रमेश चन्द्र, कुमार, धर्म सिंह, अर्जुन सिंह, राजेश कुमार तुरैहा, भुवनेश चंद्र, तोमर एडवोकेट, नरेश, रामकिशोर तुरैहा, मुरारी लाल, पुनीत कुमार, प्रीतम सिंह, अशोक कुमार, पप्पू सिंह, रमेश कुमार, विनोद कुमार, दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार, रवि कुमार, दिलीप कुमार, अरविंद कुमार, प्रीतम, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने किया।


बैठक के दौरान मौजूद लोग। • अमृत विचार

- रविवार को संतोषी माता मंदिर में हुई बैठक

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी दिवस मनाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा नवाबगंज स्थित हरगोविंद साहिब में साढ़े 300 साल पूरे होने पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी दिवस मनाया। जिसमें दूर दराज से आई सिख संगत ने गुरुद्वारे में माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

संगत ने गुरुद्वारे में लंगर की अटूट सेवा की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जयपाल सिंह व्यस्त, हरि सिंह ढिल्लों, चित्रक मित्तल, देवकरण गंगवार, सुनीता सैनी पहुंची। प्रबंधक कमेटी की ओर से सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर वीर अनूप सिंह,लखविंदर सिंह, दलबारा सिंह, वीर खालसा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, निर्मल सिंह, परमजीत सिंह, मलकीत सिंह बाजवा, जयपाल सिंह,सुनीता सैनी मौजूद रहे।


गुरुद्वारे में मत्था टेकने पहुंची संगत। • अमृत विचार

# अधिकारियों को झंडे का बैज लगा सशस्त्र सेनाओं के प्रति व्यक्त किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल पंकज नैथानी ने की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र सहित अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों को झंडे का बैज लगा सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

पंकज नैथानी ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के तहत प्राप्त धनराशि का उपयोग सशस्त्र सेनाओं में सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों के कल्याण एवं सहायता कार्यों में किया जाता है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल पंकज नैथानी ने जनपद के सभी नागरिकों से स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण में प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण है। यह राष्ट्र सेवा के प्रति सम्मान प्रकट करने का प्रभावी माध्यम है। इच्छुक नागरिक अपनी सहयोग राशि पंजाब नेशनल बैंक के खाता संख्या- 03302010004340 में जमा कर सकते हैं। जनपदवासियों से अनुरोध है कि सशस्त्र सेनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए उदारतापूर्वक सहयोग प्रदान कर समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन करें।


सीडीओ के झंडा लगाते पुनर्वास अधिकारी कर्नल पंकज नैथानी।


एसपी को किताब देते पुनर्वास अधिकारी।

- सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास की ओर से कार्यक्रम

# एसपी ने गंज थाने का निरीक्षण किया, अभिलेख देख दिए निर्देश


पुलिसकर्मी से जानकारी लेते एसपी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रविवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ शनिवार रात गंज थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध, त्यौहार, मालखाना, विवेचना रजिस्टर को चेक किया। इसके साथ ही फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया। थाना परिसर में बने कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर सेल आदि की साफ- सफाई का जायजा लेकर दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक के साथ थाना गंज क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था व भीड-भाड़ वाले स्थानों में बल के साथ गश्त किया।

**खेल**

## महात्मा गांधी स्टेडियम पर हो रहा रामपुर ट्रॉफी लीग सीजन 2

# एकता क्लब ने 86, बाबा इलेविन ने 2 रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर रामपुर ट्रॉफी लीग सीजन 2 का रविवार को पहला मैच सेवा फार्मेसी और एकता क्लब के बीच खेला गया। एकता क्रिकेट क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाए। बल्लेबाज मोहसिन ने 37 रन और उस्मान ख्वाजा ने 15 रन का योगदान दिया। एकता क्लब की टीम ने 86 रन से मैच जीत लिया।

स्टेडियम पर सेवा क्लब की ओर से शाहनवाज राणा और अब्दुल मतीन ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में 130 रन का पीछा करने उतरी सेवा फार्मेसी की टीम 6 ओवर 3 गेंद में 43 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और एकता क्रिकेट क्लब ने 86 रन से यह जीत हासिल कर ली। दूसरा मैच सनराइज क्लब और बाबा इलेविन की टीमों के बीच खेला गया। बाबा इलेविन के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में बाबा इलेविन की टीम ने 155 बनाए। कप्तान सऊद खां ने 48 रन बनाए। सनराइज की टीम ने 19 ओवर 4 गेंद में 2 रन से मैच जीत लिया। बाबा इलेविन के बल्लेबाज मोहित कटारिया ने 30 गेंदों में शानदार 67 रन बनाए जबकि, कामिल ने 26 गेंदों में 38 रन बनाए।

मैन ऑफ द मैच मोहित कटारिया रहे और गेम चेंजर कामिल हुसैन को दिया गया। इस अवसर पर मिलक-बिलासपुर के पूर्व विधायक संजय कपूर ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बाबू खान, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष निक्कू पंडित, हारून अली खां, शरीफ अली खां, बाकर अली खां, अकबर खां, इंतखाब आलम, आमिर सैफी आदि मौजूद रहे। आयोजक सैयद आदिल मियां और आमिर कुरैशी ने सभी का आभार जताया।



महात्मा गांधी स्टेडियम में विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। • अमृत विचार

- मैन ऑफ द मैच मोहित कटारिया और कामिल हुसैन को मिला गेम चेंजर का खिताब

# डॉक्टरों की टीम ने जांचा पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य


पुलिस कर्मियों का चेकअप करते डॉक्टर। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** वामा सारथी अध्यक्ष पूनम मिश्र पत्नी विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जनपदीय पुलिस की ओर से पुलिस लाइन में निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। यह सराहनीय पहल पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं कल्याण की दिशा में एक कदम है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और एएसपी अनुराग सिंह मौजूद रहे।

# आधुनिक खेती से बढ़ाएं पैदावार, मेले का यही उद्देश्य

## मुख्य अतिथि कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने मेले में प्रदर्शनी का अवलोकन कर किसानों को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पनवड़िया स्थित नुमाइश ग्राउंड में चल रहे किसान मेले में दूसरे दिन रविवार को कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेती से किसान फसल की पैदावार बढाएं, इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और मेले का उद्देश्य भी यही है।

उन्होंने कहा कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसानों को कृषि व अन्य विभागों से कोई सरकारी लाभ नहीं मिलेगा इसलिए ये अनिवार्य है। 78 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूरी होने पर जनपद की सराहना की। पंकज त्रिपाठी ने बताया कि 9 एग्रोक्लाइमेटिक जोन में बांटा गया है। एग्रोक्लाइमेटिक जोन-1 भावर एवं तराई क्षेत्र है। यह जोन अधिक फसल उत्पादन देता है। मेले का उद्देश्य कृषि के क्षेत्र में नए-नए शोध, नई-नई तकनीक आदि से किसानों को अवगत कराना और फसलोत्पादन में वृद्धि के लिए सलाह देना है। मनुष्य के शरीर की जांच की तर्ज पर ही किसानों से खेत की मिट्टी की जांच, परीक्षण कराने पर जोर देते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड में उल्लिखित संस्तुत मात्रा के अनुसार फसल में उर्वरक व सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रयोग करने हेतु आह्वान किया। कृषि निदेशक द्वारा लाभार्थी किसान राजेंद्र स्वरूप भटनागर के खेत पर भूमि संरक्षण की खेत तालाब परियोजना ताशका मिलक एवं तालाब में किसान द्वारा कराए जा रहे मोती पालन का निरीक्षण किया गया।



किसानों को संबोधित करते मुख्य अतिथि व मंच पर मौजूद अन्य मेहमान। ● अमृत विचार



स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी। ● अमृत विचार

● **8 जनपदों के लगभग 1300 किसानों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया प्रतिभाग**

इस दौरान जीवन प्रकाश, डीवी सिंह, नीरजा सिंह, राम किशन सिंह, डॉ. घनश्याम वर्मा, संतोष कुमार द्विवेदी, अरुण कुमार त्रिपाठी, कुलदीप सिंह राणा, डॉ. भगवत सरन, प्रबोध मिश्रा, राजेंद्र कुमार, हर्षित चौहान, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. अविनाश चौहान, डॉ. शिव शंकर वर्मा, डॉ.दीपक कुमार, डॉ.आशीष कुमार के अलावा मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच एवं श्रावस्ती 8 जनपदों के लगभग 1300 किसानों, अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### किसानों को सोलर पंप के बारे में दी जानकारी

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह द्वारा विराट किसान मेले की रूपरेखा एवं कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उनमें देय सुविधाओं की जानकारी दी। कहा कि इच्छुक किसान 15 दिसंबर तक 60 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध सोलर पंप की बुकिंग करा सकते हैं। किसान मेला में कृषि, उद्यान, गन्ना, मत्स्य, पशुपालन, रेशम, दुग्ध विकास, सहकारिता, बैंक, वन, पंचायती राज, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार आदि विभागों तथा विभिन्न निजी कम्पनियों यथा-खाद, बीज, कीटनाशी, एफपीओ आदि के लगभग 65 स्टॉलों तथा संगीतकार, कलाकारों द्वारा कृषि पर आधारित कठपुतली, जादू, कृषि गीत के माध्यम से उन्नत तकनीक की जानकारी दी। सोमवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि मेरठ के तहत कृषि विज्ञान केंद्र संभल के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों डॉ. महावीर सिंह, डॉ. अरविंद कुमार, ज्योति स्वरूप, डॉ. पंकज कुमार द्वारा रबी फसलों, औद्यानिक फसलों तथा उनमें प्रयोग किए जाने वाले उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, लगने वाले कीट, रोगों व उनके नियंत्रण, उपचार, पशु प्रबंधन, सिंचाई इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## डांस एवं सिंगिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



डांस करती छात्रा।

**रामपुर, अमृत विचारः** साईं विहार स्थित फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को डांस एवं सिंगिंग प्रतियोगिता हुई।

विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साह एवं जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल वंदना दिमरी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। हार-जीत को जीवन का हिस्सा बताते हुए समझाया कि किसी भी प्रतियोगिता से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। इस दौरान निदेशक ठाकुर अतुल कुमार सिंह, सीनियर हेड मुस्कान खान, हेड कुमकुम राजपूत, चंचल प्रजापति, आकांक्षा मौर्य, शैली श्रीवास्तव, खुशबू, तान्या सहित सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। संचालन वैशाली बिश्नोई और प्रियांशी लोधी ने सुचारू रूप से किया।

## मिलक के डिग्री कॉलेज में कल लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जनपद के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला 9 दिसम्बर को डॉ. राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज बिलासपुर रोड मिलक में प्रातः 10:30 बजे से लगेगा।

मेले में निजी क्षेत्र की कई कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। कंपनियों में साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा, जिसमें हाई स्कूल, इंटर, स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में रोजगार संगम पोर्टल पर जाकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सेवायोजित हो सकते है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है। मेले में प्रतिभाग के लिए अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन अवश्य कराएं तथा मेले में प्रतिभाग करने वाली किसी भी कम्पनी पर आवेदन कर सकते हैं।

## सफाई कर्मियों का शोषण नहीं करेंगे बर्दाश्त



राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रविवार को मोहल्ला डूंगरपुर स्थित पुलिस लाइन के पास राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की बैठक हुई। मुरादाबाद से आए प्रदेश अध्यक्ष करन वाल्मीकि, बिलासपुर से प्रेम नरेश वाल्मीकि एवं अमरनाथ वाल्मीकि का माला पहनाकर एवं पगड़ी बांधकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष करन वाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का शोषण किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

● **राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की बैठक**

वहीं प्रदेश अध्यक्ष करन वाल्मीकि ने अमरनाथ वाल्मीकि को प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रेम नरेश वाल्मीकि को प्रदेश संगठन मंत्री, राकेश सिंधवासी को प्रदेश सचिव, धर्म कुमार वाल्मीकि को प्रदेश महामंत्री आनन्द प्रकाश वाल्मीकि को प्रदेश मिडिया प्रभारी बनाया। परवेश वाल्मीकि को रामपुर का जिला प्रभारी बनाया गया। नवनिर्वाचित प्रदेश संगठन मंत्री प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन जल्द ही सरकार से सफाई कर्मचारियों को सफाई सैनिक का दर्जा दिया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल राज, नवीन कुमार सोनू, महेश राजा बाबू, गोपाल, मनोज कुमार, मोहित, सुभान, राजू नरेश वाल्मीकि, सईद खान, जोगिंदर, राहुल, अविनाश, टिकेराज, पप्पू, विपिन, गुड्डू, सनी, मुकेश, धीरज, अतुल भारती एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला महासचिव नवीन कुमार सोनू ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## मुद्दों को लेकर मुख्यालय पर होगा जल्द बड़ा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत ग्राम शंकर की पेठ में हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि सभी मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन जिला मुख्यालय पर किया जा एगा। कार्यकर्ता अपनी अपनी तहसीलों में धान क्रय केंद्रों का दौरा करें।

हनीफ वारसी ने कहा कि नहर की सफाई की जांच मौके पर जाकर करें। जर्जर सड़कों की सूची बनाएं। ताकि उच्चधिकारियों को अवगत कराया जा सके। अधिकारियों का रवैया उच्चधिकारियों को बताया जाएगा। किसान व मजदूर तमाम समस्याओं से जूझ रहा है और कुछ अधिकारी दफ्तर में बैठकर मजा ले रहे हैं। गन्ना किसान का बजट बिगड़ गया है। छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति भी खराब है। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाएं, जो पदाधिकारी जितने ज्यादा सदस्य सम्मानित किया जाएगा। पंचायत में सैयद जमाल, जाकिर अली, आरिफ अली, शाकिर अहमद, मोहम्मद अली, इकरार अहमद, लोकेश पांडे, रोशन लाल, नरेश कुमार, इलियास अहमद, डॉ. शाहिद अली, नन्हे राम, गुफरान अली, मुराद खान, इमरान खान आदि शामिल रहे।



पंचायत को संबोधित करते किसान। ● अमृत विचार

## बैंक किसानों को नहीं देता लाभ, सहकारी समिति में किसानों को बनाएं शेयर धारक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व किसान एकत्रित होकर तहसील मिलक संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। जिसमें किसानों को शेयरधारक बनाने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा जिले में 64 पैक्स समितियां कार्यरत हैं। इनके माध्यम से समय-समय पर बीज, नकद वसूली आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ऋण लेने से पहले किसान को 10 प्रतिशत नकद हिस्सा यानी आधी राशि जमा करानी होती है। सहकारी समिति द्वारा यह नियम 1980 से लागू है। जिले में विभिन्न समितियों द्वारा अलग-अलग ऋण सीमा राशि निर्धारित की गई है। जिले की 64 पैक्स समितियों की औसत ऋण सीमा 10 करोड़ है, तो

● **समस्याओं को लेकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

64 समितियों की कुल ऋण सीमा 640 करोड़ हो जाती है। इस प्रकार जिला सहकारी बैंक की मुख्य शाखा की कुल ऋण सीमा 1000 करोड़ से अधिक हो जाती है। यह किसान ऋण है। इसके अलावा भी ऋण वितरण चीनी मिलों, अन्य संस्थाओं, डेयरियों आदि को किया जाता है। किसानों से प्राप्त 100 करोड़ रुपये की नकद राशि 10 प्रतिशत पर 1000 रुपये प्रति शेयर किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए है। जबकि आज तक किसी भी किसान शेयरधारक को कोई हिस्सा नहीं दिया गया है। किसानों की जमा पूंजी को जिला सहकारी बैंक के निदेशक मंडल और अध्यक्ष, बैंक अध्यक्ष द्वारा ली जा रही है। किसानों का शोषण किया गया है, उन्हें धोखा दिया गया है। यह बैंक किसानों को कोई लाभ नहीं देता। प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें, किसानों को सहकारी समिति में शेयरधारक बनाया जाए। इस मौके पर सुनील कुमार मौर्य, विजयपाल कश्यप, रामपाल पटेल, वीरेंद्र गंगवार समेत अधिक संख्या में किसान मौजूद रहे।

### आज बिजली घर का घेराव करेंगे

मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक खान ने बताया कि पहाड़ी गेट जई अभिषेक ठाकुर द्वारा गरीब महिला से अभद्र व्यवहार और पैसे न देने पर फर्जी बिजली चोरी की दर्ज करा दी है। इसी के विरोध में पहाड़ी गेट बिजली घर का किसान आज घेराव करेंगे। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता 1 बजे नैनीताल रोड बिलासपुर गेट स्थित जिला कार्यालय पहुंचें। उसके बाद जिला महासचिव बाबर खां कुछ समस्याओं को लेकर एसडीओ वकार अहमद से भी वार्ता करेंगे।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जीएसटी आधार शिला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मोहम्मद अली जौहर विवि में रविवार को जीएसटी विषय पर कार्यक्रम हुआ। कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा कि जीएसटी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वह आधार शिला है, जिस पर आधुनिक और मजबूत कर ढांचा निर्मित होता है।

मुख्य वक्ता सीए सागर अग्रवाल ने वस्तु एवं सेवा कर की पृष्ठभूमि, इसके संवैधानिक आधार व 1 जुलाई 2017 से लागू भारत की नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में इसकी भूमिका पर जानकारी दी। मुख्य वक्ता ने कहा कि जीएसटी एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार"की अवधारणा पर आधारित है। जिसका उद्देश्य कर संरचना को सरल, पारदर्शी एवं एकीकृत बनाना है। उन्होंने छात्रों को वर्तमान कर प्रणाली में जीएसटी की भूमिका, पारदर्शिता एवं सरलता से जुड़े सुधारों के बारे में भी जागरूक किया। कर एवं लेखांकन क्षेत्र में उभरते करियर अवसरों के बारे में बताया। कहा कि छात्र-छात्राओं ने इनपुट टैक्स क्रेडिट की अवधारणा हो, जीएसटी रिटर्न की प्रक्रिया हो, या व्यवसायों पर इसके व्यापक प्रभाव को जरूर सीखा होगा। कार्यक्रम में डॉ. उनेजा नूर, डॉ. नाजिम फरीद, जमीर अहमद, अलीशा, सहल आदि मौजूद रहे।

● **मोहम्मद अली जौहर विवि में जीएसटी पर हुआ व्याख्यान**

## टेट के खिलाफ सांसद से मिले शिक्षक

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचारः** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय आह्वान पर रविवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल संत शिरोमणि गेस्ट हाउस पहुंचे। टेट की अनिवार्यता के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को सौंपा।

सांसद नेको दिए ज्ञापनइ में बताया कि टेट की अनिवार्यता को लेकर 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के आए निर्णय से देश भर के 25 लाख प्रदेश के लगभग 2 लाख शिक्षक प्रभावित हुए हैं। शिक्षक के साथ परिवार भी आर्थिक और मानसिक तौर पर परेशान हैं। संसद में शिक्षकों के टेट की अनिवार्यता से संबंधित मामले को उठाएं, हल कराएं। सांसद ने भरोसा दिलाया कि लाखों शिक्षकों की जिंदगी का सवाल है। इस मसले को पुरजोर तरीके से संसद में बताऊंगा ताकि शिक्षकों के हित सुरक्षित हो सके और अनवरत रूप से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते रहे। इस मौके पर चरन सिंह, डॉ. सरफराज अहमद, नरेंद्र सैनी, मनोज कुमार, प्रसन्न प्रकाश, राजेंद्र सिंह, अमितेश झा, राम प्रसाद, दिनेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सलीम अहमद, विपिन कुमार, अशोक रावत, रामकिशोर, बाबूराम पदाधिकारी अन्य मौजूद रहे।



सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को ज्ञापन देते शिक्षक।

● **प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद को सौंपा**

## न्यूज डायरी

### हजरत बैरंग शाह के उर्स का कुल शरीफ के साथ समापन



**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के खौदकला में हजरत बैरंग शाह के उर्स के चौथे दिन दरगाह पर जायरीन की भारी भीड़ रही। उर्स के आखिरी दिन कुल शरीफ के बाद लंगर का वितरण किया गया। फज्र की नमाज के बाद दरगाह पर कुरान ख्वानी की गई। उर्स के आखिरी दिन सुबह से ही दरगाह पर चादरपोशी और मन्नत मांगने का सिलसिला जारी रहा। दूर दराज जिसे जायरीन यहां पहुंचे और दरगाह पर हाजिरी देकर दुआएं मांगी। कुछ लोगों ने दरगाह पर आज भी अपनी ओर से चादर पेश की। दरगाह पर कुरान की तिलावत की। रविवार सुबह 11 बजे कुल शरीफ का आगाज हुआ। तमाम उलेमा ने कुल शरीफ में शिरकत की। इस दौरान मुफ्ती फिराग अहमद नईमी, सज्जादा नशीन हबीब शाह मियां हाफिज फरहान मियां, मौलाना खुर्शीद आलम अहमद जान सेठ नक्शे अली, तहसीन आलम खान शामिल रहे। उर्स के समापन के बाद लंगर तकसीम किया गया।दुआएं मांगी गई। दरगाह को दुल्हन की तरह सजाया गया है। उर्स के मौके पर लगे मेले में लोगों की भीड़ रही।

### गरीबों को बांटे गए कंबल



**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को मैत्री वेलफेयर सोसाइटी की बैठक मुख्यालय पर आहूत की। जिसमें संस्था के अध्यक्ष संजीव यादव एडवोकेट द्वारा एनजीओ की तरफ से की जा रही समाज सेवा के बारे में बताया। भविष्य में की जाने वाली सेवा पर विचार विमर्श किया। बैठक के बाद गरीब परिवार, मजदूर एवं असहाय व्यक्तियों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से राहत बचाव के लिए कंबल वितरण किया। संरक्षक देवेंद्र सैनी, जगदीश शर्मा, निशांत गुप्ता, रविंद्र यादव, लक्ष्मी सैनी, श्याम यादव, रोहित सैनी, राजीव, सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रेनिंग से लौटे जवान का स्वागत



**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव हसनपुर उत्तरी में अरुण कुमार पुत्र विजय सिंह का इंडियन आर्मी में सैनिक के पद पर चयन हुआ था। वह रविवार को ट्रेनिंग कर गांव लौटा तो ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ उसका स्वागत किया। माथे पर तिलक कर दीर्घायु की कामना की। ग्रामीणों के स्वागत को देखते हुए परिजनों में भी खुशी का माहौल है। परिजनों ने भी उसका तिलक किया। मसवासी क्षेत्र से कई युवक अब तक,सीआरपीएफ,बीएसएफ और यूपी पुलिस में पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

### शिविर में जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म कपड़े




**रामपुर, अमृत विचार :** हकीकत माइनॉरिटी वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने रविवार को शाहबाद गेट पर सर्दी में जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। शहर के लोगों ने सोसायटी के संग्रह केंद्रों पर कपड़े दिए, जिन्हें जरूरतमंद लोगों में वितरित किया। शाहबाद गेट के निकट रविवार को सुबह 10 बजे से शिविर में लोगों को दोपहर 1 बजे तक कपड़ों का वितरण किया गया। शहर में खारी कुआं और ज्वाला नगर में कपड़े एकत्रित करने के लिए केंद्र बनाए थे। लोगों ने जरूरत के मुताबिक कपड़े, मोजे और जूते लिए। सोसाइटी के उप- सचिव जनाब अब्दुल माजिद ने बताया कि हमारे प्यारे नबी ने गरीबों-जरूरतमंदों की खिदमत को सबसे बड़ा पुण्य बताया है। इस अवसर पर आशिक अली, फहद खान, अमान खान, मुजम्मिल खान, मोहम्मद रजा, अबरार, जुल्फिकार, अब्दुल मजीद सहित सोसायटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## क्रीड़ा समारोह में बच्चों ने लगाई आग के गोलों में छलांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को 51वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह में बच्चों ने खेल-खेल में हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। आग के गोले के बीच से बच्चों ने छलांग लगा सभी को अचंभित किया। कक्षा 10 और 12 के बच्चों ने हाथों में जलती मशालें लेकर पीटी का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक नवेद बहार ने कहा कि पढ़ाई के साथ बच्चे खेलों में भी प्रतिभाग करें। स्कूल की फाउंडर नवाब खान, डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, प्रधानाचार्य एनके तिवारी, उप प्रधानाचार्य शकील अहमद और हेडमिस्ट्रेस परवीन खान ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। स्कूल संसद ने मुख्य अतिथि को गॉड आफ ऑनर दिया। हेड ब्वॉय अबू हमजा, वाइज हेड ब्वॉय जकी हसनैन, डिसिप्लिन कैप्टन अर्जुन सिंह रावल, वाइज डिसिप्लिन कैप्टन मोहम्मद साकिब, साहिल नूर, समीर अली, अब्दुल मन्नान खान, अल्हम्द फैयाज खान, राघव अग्रवाल के नेतृत्व में नेहरू हाउस, सरोजनी हाउस, गांधी हाउस तथा टैगोर हाउस के विद्यार्थियों ने कदमताल कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कक्षा 2 के बच्चों ने हूला हूप ड्रिल प्रस्तुत की लगभग 300 बच्चों ने आकर्षक मुद्राओं में सुंदर प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम में एहतेराम अली, मुर्तुजा खान, उबैद खान, सुष्मिता आदित्य, फिरोज हैदर, फैज़ान खान, शादाब खान, मनदीप सिंह, मुदित शर्मा, अमीन अली, विनय केवट, तारिक खान, विक्रांत गुप्ता, मोहम्मद सादिक, आसिम उर रहमान, तुषार अग्रवाल, शकील अंसारी, सुमित राय आदि मौजूद रहे।




प्रमाण पत्रों के साथ उत्साहित बच्चे व साथ में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

● **ग्रीनवुड स्कूल में रविवार को हुआ वार्षिक क्रीड़ा समारोह**

### इंटर हाउस स्कूल खेलकूद में चैंपियन टीमें

जूनियर क्रिकेट- नेहरू हाउस, सीनियर क्रिकेट- टैगोर हाउस, जूनियर फुटबाल- सरोजिनी हाउस, सीनियर फुटबॉल- नेहरू हाउस , सीनियर वॉलीबॉल- नेहरू हाउस, जूनियर बैडमिंटन एकल नेहरू हाउस, जूनियर बैडमिंटन डबल्स- नेहरू हाउस, सीनियर बैडमिंटन एकल- गांधी हाउस, सीनियर बैडमिंटन डबल्स-गांधी हाउस, जूनियर हॉकी- नेहरू हाउस, सीनियर हॉकी- नेहरू हाउस, जूनियर कैरम-गांधी हाउस, सीनियर कैरम-गांधी हाउस, जूनियर कैरम- सिंगल नेहरू हाउस, जूनियर कैरम- डबल सरोजिनी हाउस, सीनियर कैरम सिंगल- टैगोर हाउस, सीनियर कैरम डबल-टैगोर हाउस हाउस। चैंपियन हाउस का खिताब नेहरू हाउस को दिया गया। वहीं जिमनास्टिक में कुंज कौशिक, शयान अहमद, आरव शुक्ला, अली रहमान खां, अफ्फान खां, मो. अजान, अरहाम सैफी, मो .वजीह, मो .अलमान, मो. हादी, लक्ष्य यादव, रजब तैयब, सामर्थ सिंह, मो .फैसल, अदनान खां, मोहम्मद हसन, प्रत्यक्ष, अरकाम खां, भदौरिया, दावर मियां, अजलान अखलाक, अब्दुल करीम, विश्व चरन सम्मानित हुए।

## ब्रीफ न्यूज

### रोटरी क्लब आस्था ने लगवाया स्वास्थ्य कैंप

**हसनपुर, अमृत विचार :** रोटरी क्लब आस्था के तत्वाधान में एक नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काफी संख्या में क्षेत्र वासियों ने पहुंचकर लाभ उठाया। रविवार को रोटरी क्लब आस्था के तत्वावधान में ऊझारी के बुरावली मार्ग स्थित होरीलाल पेट्रोल पंप पर नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सकों के द्वारा काफी संख्या में क्षेत्र वासियों की आंखों की जांच की और उन्हें मुफ्त परामर्श दिया। कैंप में कुशल चिकित्सकों के द्वारा जांच के बाद मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन हेतु गाजियाबाद ले जाने के लिए नि :शुल्क व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष तीर सिंह सिरोही, दिनेश कुमार अग्रवाल, ब्रह्मदत्त त्यागी, मौजूद रहे।

### महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित एक अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत होने के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी छैनी सिंह की पत्नी भगवती की शुक्रवार को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उपचार के लिए उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शनिवार को भाग्यवती की मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद परिजन अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। अस्पताल के बाहर भीड़ एकत्र होने लगी। कुछ लोगों ने पीड़ित एवं अस्पताल संचालक को बैठाकर समझौता करा दिया। कोतवाली पुलिस ने ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने से इनकार कर रही है।

### बस पुलिया से गिरी, दो दर्जन यात्री घायल

**बिजनौर, अमृत विचार :** अफजलगढ़ क्षेत्र में रविवार सुबह काशीपुर से नगीना जा रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। बस में सवार करीब दो दर्जन यात्री घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल यात्रियों को अफजलगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रमें भर्ती कराया गया। गंभीर घायलों को निजी अस्पतालों में भी भेजा गया। सीएचसी चिकित्सकों ने कई घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। अफजलगढ़ थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### पुल की रेलिंग से टकराई वैन, तीन भाई घायल

**बिजनौर,अमृत विचार :** एक ओमनी वैन अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से जा टकराई। तीन भाई घायल हो गए। नहटौर क्षेत्र के गांव नसीरपुर कलाली निवासी हेमंत , खानचंद और जतिन नहटौर की ओर ओमनी वैन में आ रहे थे। धामपुर मार्ग पर स्थित गांगन पुल पर उनकी वैन अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से जा टकराई। वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों भाई घायल हो गए। तीनों घायलों को तुरंत सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# हाईवे पर खुले अवैध कट ले रहे लोगों की जान

## कोहरे में बढ़ गया खतरा, नहीं दिखाई देते कट से अचानक आते वाहन

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार:** कोहरे के चलते हाईवे पर सफर जोखिम भरा हो गया है। नेशनल हाईवे पर जगह-जगह बने अवैध कट दुर्घटना का खतरा बढ़ा रहे हैं। कोहरे में कट से अचानक निकलते वाहन नहीं दिखाई देते। ऐसे में दुर्घटना हो जाए तो जानमाल का भारी नुकसान होगा। ढाबा, होटल संचालकों व अन्य लोगों अपनी सुविधा के लिए डिवाइडर तोड़कर कट बना लिए हैं। जिससे तेज रफ्तार वाहनों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है। इससे अनियंत्रित होकर वाहन हादसे का शिकार हो जाते हैं।

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे सिक्सलेन होने के बाद से वाहनों की रफ्तार में खासी बढ़ोत्तरी हुई है।



अवैध कट से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

सरपट दौड़ने वाले वाहनों के लिए हाईवे किनारे बने अवैध कट हादसे का कारण बन रहे हैं। बात अगर बृजघाट से गजरौला तक करें तो दस से ज्यादा स्थानों पर अवैध कट बने हैं। खास बात यह है कि पुलिस इन अवैध कटों को कई बार बंद करा चुकी है लेकिन लोग अपने लालच में अवैध कट फर बना लेते हैं। सबसे ज्यादा अवैध कट होटल, ढाबों व अन्य प्रतिष्ठानों के सामने बनाए गए हैं। होटल संचालक डिवाइडर के दोनों तरफ मिट्टी डालकर कट बना लेते हैं। ठंड का मौसम शुरू हो गया है। कोहरा भी आने लगा है। यही हालात रहे तो सरपट दौड़ने वाले वाहन अवैध कटों की वजह से हादसे का शिकार होंगे। कोहरे के समय दृश्यता सामान्य दिनों की तुलना में 50 से 70 प्रतिशत तक कम हो जाती है। ऐसे में अवैध कट वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनेंगे। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस-प्रशासन से इस ओर कार्रवाई करने की मांग की है।

● **बृजघाट से गजरौला तक दस से ज्यादा अवैध कट**

> कोहरे से बचाव के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। हाईवे पर बने अवैध कटों को बंद करवाने के लिए फिर से अभियान चलाया जाएगा। सभी अवैध कट पूरी तरह बंद कराए जाएंगे। - **अनुज मलिक**, टीएसआई

### बैलगाड़ी की टक्कर से तीन दोस्त घायल

**हसनपुर,अमृत विचार:** मोबाइल ठीक कराने आ रहे तीन दोस्तों की बाइक अलीगढ़ मार्ग पर बैलगाड़ी से टकरा गई। हादसे में तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रहरा गांव निवासी प्रेम सिंह, कपिल व अंकित के मोबाइल खराब हो गए थे। तीनों दोस्त मोबाइल ठीक कराने के लिए शुक्रवार शाम बाइक से हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा आ रहे थे। जैसे उनकी बाइक अलीगढ़ मार्ग पर रहना थाना क्षेत्र के दौरारा गांव के नजदीक पहुंची कि आगे चल रही बैलगाड़ी से टकरा गई। हादसे में तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उपचार जारी है। अभी इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।

## अभिनेता धर्मेंद्र को जाट समाज ने अर्पित की श्रद्धांजलि


अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार:** अभिनेता धर्मेंद्र के सम्मान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जाट समाज द्वारा आयोजित किया गया। लोगों ने धर्मेंद्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व, सरल व्यवहार और यादगार अभिनय करियर को याद किया गया। अंत में, सभी उपस्थित लोगों ने अभिनेता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए मौन धारण किया। सपा विधायक समरपाल सिंह, नगर पालिका अमरोहा की चेयरमैन शशि जैन, सपा नेता चौधरी भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह उर्फ मल्लू भाई, कविता चौधरी, सुरेंद्र सिंह ढिल्लों, देवराज सिंह, आदित्य सिंह, सुमित चिकारा, विखिल चौधरी, सुरेंद्र सिंह, संदीप चिकारा, मनप्रीत, पुष्पेंद्र राना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# खुले में सर्द रातें काटने को मजबूर मुसाफिर

## दिसंबर का पहला सप्ताह बीता, रैन बसेरों और अलाव जलाने का अब तक नहीं हो सका इंतजाम

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार :** ठंड अपना असर दिखाने लगी है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री तो न्यूनतम पारा 10 डिग्री तक पहुंचने लगा है। रातें सर्द होने लगी हैं, लेकिन जिम्मेदार अब तक रैन बसेरे का इंतजाम नहीं कर पाए। बाहर से आने वाले मुसाफिरों को इधर-उधर रात काटनी पड़ रही है। रविवार को पड़ताल में हकीकत सामने आई।

जिले में अस्थायी रैन बसेरे के लिए हर साल नवंबर की शुरूआत में ही प्रक्रिया शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार नवंबर बीत गया है, दिसंबर के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी रैन बसेरों में कोई व्यवस्थित इंतजाम नहीं है। दूरदराज से आने वाले लोगों को



गजरौला में रात को फुटपाथ पर कंबल के सहारे सोता व्यक्ति। ● अमृत विचार

रात गुजारने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर राहगीर अपने स्तर से व्यवस्थाएं करके रात गुजार रहे हैं। रेलवे स्टेशन व रोडवेज पर रात को कंबल के सहारे रात गुजारते लोग देखे जा सकते हैं।नीचे से फर्श ठंडी और ऊपर से सर्द हवाएं रात में कई बार जगने को मजबूर कर देती हैं। कई जगहो पर तो रैन बसेरे चलते हुए नहीं मिले। नगर पालिका द्वारा रोडवेज के पीछे महिला और पुरुषों के लिए अलग रुकने की व्यवस्था कराती है। लेकिन वहां भी व्यवस्था कुछ ठीक नहीं है।

### ठंड बढ़ती जा रही है, शहर में अभी तक नहीं बना रैन-बसेरा

**गजरौला, अमृत विचार:** कोहरे की घनी चादर के साथ ठंड बढ़ती जा रही है। ठिठुरन बढ़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त होने लगा है। इस बीच रैन बसेरों का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। रविवार सुबह आसमान में घना कोहरा छाया रहा। ठंडी हवा चलने पर लोग ठिठुरते दिखाई दिए। चालकों को वाहनों की हेडलाइट जलानी पड़ी। धूप निकलने के बाद कोहरा छंटने पर वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में ही मौसम ने करवट बदली है। कोहरा छाने से दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के अलावा अन्य सड़कों पर यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं शाम के बाद बाहर से आने वाले लोग और बसों, टैक्सियों से उतरने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। रैन बसेरे की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। फुटपाथ पर सो रहे बेसहारा लोग भी ठंड में ठिठुर रहे हैं। ईओ ललित कुमार आर्य ने बताया कि रैन बसेरे की सभी तैयारियां पूरी हैं। शासन से आदेश मिलते ही संचालन शुरू कर दिया जाएगा।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद बहजोई जनपद-सम्भल

पत्रांक : 744/न.पा.परि.बह./25-26/2025 दिनांक : 5.12.2025

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद बहजोई में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म/अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न आपूर्ति हेतु दरें सीलबन्द लिफाफा में दिनांक 16.12.2025 को सायं 04 बजे तक आमंत्रित की जाती है। फर्म को जी.एस.टी. में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा, दरें के लिफाफे दिनांक 19.12.2025 को प्रात: 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपस्थिति में खोला जायेगी। लिफाफे खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त कोई भी निविदा Submission हेतु स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। निर्धारित समय के उपरान्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | आपूर्ति/कार्य विवरण | खरीद मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | अलाव हेतु सूखी लकड़ी | आवश्यकतानुसार |

**सामान्य शर्ते :-**
1. पैन कार्ड की स्व प्रमाणित छायाप्रति।
2. जी.एस.टी. पंजीयन का प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. अनुबन्ध हेतु 100/- का स्टाम्प।

**डिप्टी कलेक्टर/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहजोई** — **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बहजोई**


### रैली की सफलता को सुभासपाइयों ने किया डोर टू डोर जनसम्पर्क

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार:** सुभासपा की 14 दिसंबर को मोती स्मृति कॉलेज में प्रस्तावित रैली को लेकर जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर व प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया राम प्रजापति ने कैलसा,हादीपुर,पछदिया समेत दर्जनों गाँव में डोर-टू-डोर जनसम्पर्क कर में रैली में शामिल होने की अपील की।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि 1 सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर रैली को संबोधित करेंगे। सुहेलदेव की गौरव गाथा को घर-घर पहुंचाने और हमारे समाज के अधिकारों को सुनिश्चित कराने के लिए यह रैली ऐतिहासिक बनेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारी रैली समाज के सम्मान, अधिकार और उत्थान के लिए है। समाज जाग चुका है और यह जागरण अब एक बड़े आंदोलन में बदलेगा। गांव हादीपुर में विनीत चौहान को धनौरा विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। आदेश अमरोही, जिला कोषाध्यक्ष सुमित चौधरी, जिला महासचिव डॉ. जगत सिंह गुर्जर व सुरेंद्र सिंह प्रधान, जिला उपाध्यक्ष, समरपाल सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष नौगांवा, प्रीत चौधरी आदि को जिम्मेदारी दी है।

### छोटे भाई को फाबड़ा मार कर किया घायल, दी तहरीर

**हसनपुर,अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव में मां के नाम की जमीन बेचने से मना करने पर बड़े भाइयों ने छोटे भाई के सिर पर फाबड़ा मार कर घायल कर दिया। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी भाइयों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी प्रदीप पुत्र मुकुंदराम का उसके भाइयों के साथ झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान दोनों बड़े भाइयों ने प्रदीप के सिर पर फाफड़ा मार दिया। जिससे प्रदीप घायल हो गया। घायल प्रदीप ने बताया कि उसके दोनों बड़े भाई कर्ज उतारने के लिए मां के नाम दर्ज जमीन बेचने की बात कह रहे थे। उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल प्रदीप ने दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ तहरीर दी है।

### किसान नेताओं पर मुकदमे बर्दाश्त नहीं : दिमाग सिंह


बैठक को संबोधित करते दिमाग सिंह। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन इंडिया की बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी किसान नेता के खिलाफ फर्जी मुकदमा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रविवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर स्थित राष्ट्रीय सचिव श्याम सिंह के आवास पर भारतीय किसान यूनियन इंडिया की एक बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिमाग सिंह ने कहा कि प्रशासन द्वारा जो किसान नेताओं पर फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हैं। वह सरासर गलत है। उन्होंने भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की। संचालन मलखान सिंह ने किया। रमेश सिंह,प्रवीण कुमार, लल्लू,लोकेश विधुडी, मलखान सिंह, सुरेंद्र सिंह,जयकरन, श्याम सिंह रहे।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद बहजोई (सम्भल)

पत्रांक : 745/न.पा.परि.बह./2025-26/2025 दिनांक : 5.12.2025

**दर आमंत्रित सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म/एन.जी.ओ./संस्थाओं आदि को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 में नगर क्षेत्र में बने पार्को का वेस्ट टू बन्डर पार्क,पार्को की सुन्दरता पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण कबाड से जुगाड ग्रीन जोन विकसित करना व नगर के विभिन्न स्थानों पर सेल्फी प्लवाइन्ट बनवाना अथवा कृत्रित झरने व अन्य नगर क्षेत्र को सुन्दर बनाये जाने के लिए आई.ई.सी. एक्टिविटी व कैपीसिटी बिल्डिंग प्रचार-प्रसार जनमानस को जागरूक करने तथा स्वच्छता सर्वेक्षण के लक्ष्य व बेहतर रैकिंग को पाने हेतु कार्य को कराये जाने के लिए सील बन्द दरें दिनांक 16.12.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। जो तदैव दिनांक 18.12.2025 को शाम 05:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद में अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर प्राप्त की जा सकती है। वित्तीय प्रस्ताव खोले जाने वाले दिन अवकाश होने की दशा में अगला कार्य प्रभावी होगा। दरों से स्वीकृति एवं अस्वीकृति करने का अधिकार में निहित होगा। शर्ते दरें स्वीकार नहीं कि जायेगी बिना कारण बताये ही दरो को निरस्त किया जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | वर्ष 2025-26 में नगर क्षेत्र में बने वेस्ट टू बन्डर पार्को की सुन्दरता, पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण हेतु वृक्षारोपण कबाड़ से जुगाड़ कूड़ा जमा करने वाले सेकेण्ड्री प्वाइंट को समाप्त करना, ग्रीन जाने विकसित करना व नगर के विभिन्न स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनवाना अथवा कृत्रिम झरने व आई.ई.सी. एक्टिविटी कैपीसिटी बिल्डिंग द्वारा कार्य प्रचार-प्रसार तथा मौ. चौपाल लगाना, स्वच्छता सर्वेक्षण के लक्ष्य व बेहतर रैकिंग आदि को प्राप्त करने का कार्य | 9 दिवस |

**नोट :** 1. कार्यदायी संस्था/फर्म आदि को पालिका द्वारा दिये गये आदेशों के फर्म में कार्य कराना होगा।
2. प्रत्येक कार्य के दरों को अलग-अलग दर्शाना अनिवार्य होगा।
3. कुटेशन प्रपत्र में आधार कार्ड में पैन कार्ड लगाना अनिवार्य होगा।

**डिप्टी कलैक्टर/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहजोई** — **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बहजोई**


## सिटी डायरी





### विद्यार्थी परिषद ने सामाजिक समरसता दिवस मनाया

**सैदनगली,अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सैदनगली द्वारा सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा नेयुवाओं को सामाजिक एकता एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संगठन मंत्री दिवाकर बाबरा ने की। जबकि विभाग संयोजक विकास शर्मा, जिला प्रमुख पंकज शर्मा, व प्रधानाचार्य दिवाकर पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय कर्तव्य, युवाओं की भागीदारी तथा एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए।



### इंटर स्कूल टग-ऑफ-वार चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**हसनपुर, अमृत विचार :** गोल्डन पेटल्स इंटरनेशनल स्कूल ने इंटर स्कूल टग-ऑफ-वार चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता डिस्ट्रिक्ट टग-ऑफ़-वार एसोसिएशन मुरादाबाद द्वारा 6 दिसम्बर 2025 को कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई। विद्यालय के चेयरमैन खुर्रम आज़ाद खान तथा प्रधानाचार्य अफ़ज़ल सिद्दीकी ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी। विद्यालय के पीटीआई द्वारा खिलाड़ियों को दिया गया प्रशिक्षण टीम की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय आगे भी विद्यार्थियों को खेल एवं शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करता रहेगा, ताकि वे भविष्य में और भी बड़ी सफलताएँ प्राप्त कर सकें।



### बाबा साहब को अर्पित की श्रद्धांजलि

**हसनपुर,अमृत विचार :** गौतम बुद्ध जन्मोत्सव समिति हसनपुर के बैनर तले बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब के पास ज्ञान का भंडार था। इसलिए उन्हें अमेरिका ने सिंबल ऑफ नॉलेज की उपाधि से नवाजा । गौतम बुद्ध जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहब के जागरण के जीवन संघर्ष, संवैधानिक मूल्य, सामाजिक समरसता, शिक्षा के महत्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। पूर्व सभासद अरविंद कुमार अन्ना, लवी सागर, पवन राज जाटव, शिवम कुमार, विनोद कुमार गौतम, डॉक्टर अशोक कुमार, आदि मौजूद रहे।

### लग्न के दौरान पहुंच गई प्रेमिका, थाने में सुलझा मामला

**बिजनौर, अमृत विचार :** नहटौर में रविवार को एक लग्न कार्यक्रम उस समय हाई-वोल्टेज ड्रामा में बदल गया, जब युवक की प्रेमिका पहुंच गई और जमकर हंगामा कर दिया। प्रेमिका ने युवक पर शादी का झांसा देकर तीन साल तक यौन शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया। रेलवे में स्टेनो युवक की शादी नजीबाबाद क्षेत्र की युवती से 10 दिसंबर को होनी है। रविवार को सगाई हो रही थी इसी बीच शेरकोट निवासी युवक की प्रेमिका पहुंच गई। कहा कि तीन वर्षों से उसका युवक से प्रेम संबंध था। युवक ने उससे शादी का वादा किया, और उसका शोषण करता रहा। उसने शेरकोट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में युवक ने शादी करने का भरोसा दिया, जिस पर उसने बयान बदल दिया था। लेकि युवक वादे से मुकरता रहा तो 4 दिसंबर को कोर्ट के आदेश पर नहटौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। लग्न कार्यक्रम में कुछ ही देर में माहौल अफरातफरी में बदल गया। पुलिस तीनों पक्षों को थाने ले गई।

# प्रेमी सिपाही के धोखे से आहत युवती ने खाया जहर

**बिजनौर, अमृत विचार:** एक युवती ने अपने प्रेमी के घर के पास जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। ग्रामीणों ने युवती को अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा उसे गंभीर हालत में नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मामले की जांच में सामने आया कि युवती का प्रेम प्रसंग एक सिपाही से चल रहा था। सिपाही ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। जब सिपाही ने शादी से इनकार किया, तो युवती ने उसके खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हुआ और युवती ने अदालत में बयान देकर सिपाही को क्लीन चिट दे दी।समझौते के बावजूद सिपाही के परिजनों ने उसकी शादी किसी दूसरी जगह तय कर दी। रविवार को जब युवती को सिपाही की गोद भराई होने की खबर मिली, तो वह पहुंच गई और घर के पास ही जहरीला पदार्थ खा लिया। एसपी अभिषेक झा और एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह अस्पताल पहुंचे और पीड़िता से बात की।। एसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

## स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की ओटी सील की

**संवाददाता, हसनपुर,अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में अस्पताल की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ओटी सील कर दी। संचालक को नोटिस दिया है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा माफी निवासी सतपाल ने अपनी पत्नी अंजलि का एक माह पहले गांव शाहपुर कला स्थित संजीवनी अस्पताल में ऑपरेशन कराया था। पीड़ित की पत्नी की बेटी हुई थी लेकिन वह कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। सतपाल की पत्नी की हालत खराब होता देख अस्पताल संचालक ने मेरठ के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया । इसके बाद पीड़ित सतपाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर संजीवनी अस्पताल की शिकायत की थी। शनिवार की देर शाम सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह टीम के साथ अस्पताल में जांच करने पहुंचे तो आरोप सही पाए गए। उनके द्वारा अस्पताल की ओटी सील कर दी गई और संचालक को नोटिस दिया।


### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

पत्रांक :- 3184/ई0 निविदा/2025-26 दिनांक :-02.12.2025

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा क्र0सं0-01 से 04 पर अंकित कार्यो के लिए ए, बी श्रेणी (रोड़ साईनेज श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | 2024 में चिन्हित बिजनौर नूरपुर छजलैट मार्ग (राज्य मार्ग) पर ब्लैक स्पॉट डाडी महमुदपुर का अल्पकालिक सुधार कार्य | 3.90 | 0.39 | 2 माह | 150+500+27= 677 |
| 2 | मुरादाबाद | 2024 में चिन्हित पुराना एन0एच0-24 मार्ग पर ब्लैक स्पॉट प्रेम वण्डर लैण्ड पर अल्पकालिक सुधार कार्य | 2.38 | 0.24 | 2 माह | 75+500+14= 589 |
| 3 | मुरादाबाद | 2025 में चिन्हित पण्डित नगंला बाईपास मार्ग पर ब्लैक स्पॉट पर अल्पकालिक सुधार कार्य | 3.55 | 0.36 | 2 माह | 150+500+27= 677 |
| 4 | मुरादाबाद | 2025 में चिन्हित बहसूमा-चादंपुर-ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर ब्लैक स्पॉट सूरजननगर पर अल्पकालिक सुधार कार्य | 5.50 | 0.55 | 2 माह | 225+500+41= 766 |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.12.2025 से 16.12.2025 है जो कि दिनांक 16.12.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 16.12.2025 को समय दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4650/4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP - 241977 दिनांक: 05/12/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

## न्यूज ब्रीफ

### किसी एक जाति के नेता नहीं थे आंबेडकर

**संभल,अमृत विचार :** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति उत्तर प्रदेश ने रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर किसी एक जाति के नेता नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के मसीहा थे। उन्होंने संविधान बनाते समय समाज के हर व्यक्ति को समानता का अधिकार प्रदान किया। महासचिव कुसुम ने कहा कि बाबा साहेब दलितों के अभिमन्यु, संविधान के वास्तुकार और युग निर्माता थे। चिंकी दिवाकर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारत के सबसे अधिक शिक्षित व्यक्तित्वों में थे। महाप्रबंधक रूबी, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, उप परीक्षा सचिव चांदनी खान, मन्तशा तौफिक, आसिया, जूही, प्रदीप कुमार गुप्ताआदि मौजूद रहे।

### अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता आयोजित

**चंदौसी,अमृत विचार :** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज, चंदौसी में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा प्रायोजित अंतर महाविद्यालय महिला एवं पुरुष बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अमोल कंचन और राजकुमार गोयल रहे। पर्यवेक्षक डॉ. दीप श्रीवास्तव, विषय विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार जुत्शी और आयोजन सचिव चौधरी ज्ञान सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता की शुरुआत पर्यवेक्षक डॉ. दीप श्रीवास्तव द्वारा टॉस उछालकर की गई। प्रतियोगिता में कुल छह महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु किया गया।

### दुर्धटना में बाइक सवार किशोर की मौत

**संभल, अमृत विचार :** बदायूं–बबराला रोड पर रविवार शाम सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक (14) पुत्र फतेह सिंह निवासी कल्लू नगर, थाना बबराला के रूप में हुई। घायल अवस्था में उसे 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी गुन्नौर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर डॉ. अजहर अली ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस भी सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गई। करीब एक घंटे बाद किशोर की शिनाख्त हो पाई। बताया गया कि उसका गांव सिरौरा काजी की नागलिया इसी थाना क्षेत्र में है। थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि हादसे के जिम्मेदार वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रामभद्राचार्य की हुंकार, नहीं बनेगी भारत में बाबर के नाम पर मस्जिद

## पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद को लेकर किया तीखा प्रहार, कहा- इस बार ममता बनर्जी की सरकार नहीं बचेगी

कार्यालय संवाददाता, संभल


श्री कल्कि पुराण कथा प्रवचन करते रामभद्राचार्य महाराज। ● अमृत विचार


ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में श्री कल्कि पुराण कथा पंडाल में मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कल्कि धाम में चल रही कल्कि पुराण कथा के अंतिम दिन जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा प्रहार किया। कहा कि ममता बनर्जी ने विष वमन किया है। ममता 300 नहीं 3 हजार करोड़ दे दें तब भी देश में आक्रांता के नाम पर मस्जिद नहीं बनेगी। इस बार पश्चिम बंगाल में ममता की सरकार नहीं बचेगी।

स्वामी रामभद्राचार्य ने कठोर शब्दों में कहा कि ममता बनर्जी को वह अपनी बहन नहीं कह सकते। उन्होंने उन्हें जयचंद, मोहम्मद गौरी और मोहम्मद गजनी जैसों की विचारधारा से प्रेरित बताते हुए उनकी बहन बताया। कहा कि ममता बनर्जी का 300 करोड़ रुपये से बाबरी मस्जिद बनाने का बयान महज वोट बटोरने का नाटक है। यह भी कहा कि अब ममता बनर्जी और उनके बीच सीधी टक्कर हो गई है। ममता को राष्ट्रविरोधियों पर ममता है, जबकि उन्हें भारत माता पर।

रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि संविधान सबको अपने धर्म का पालन करने का अधिकार देता है, इसलिए मस्जिद बनाने पर आपत्ति नहीं है, लेकिन किसी आक्रांता

- ममता को जयचंद, मोहम्मद गौरी और मोहम्मद गजनी की विचारधारा से प्रेरित बताया

के नाम से कोई धार्मिक स्थल नहीं बन सकता। कहा कि बाबरी मस्जिद तो 1992 में ढहा दी गई थी, वह अब लौटकर नहीं आएगी। मस्जिद बनानी है तो अब्दुल रहीम खानखाना या एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तित्वों के नाम पर बनाई जाए, इससे किसी को आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत में रहकर, भारत का भोजन और पानी ग्रहण कर, पाकिस्तान या किसी विदेशी विचारधारा का गुणगान करना सहन नहीं किया जाएगा। रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि भगवान कल्कि का संदेश है-अन्याय और राष्ट्र


श्री कल्कि पुराण कथा के विश्राम पर संख ध्वनि करते पुरोहित। ● अमृत विचार

विरोध के खिलाफ खड़े होइए। स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे प्राचीन समय में संभल से भगवान कल्कि का क्रांति घोड़ा मलेच्छों के वध के लिए चला था, वैसे ही आज भी भारत विरोधी शक्तियों के दमन का बिगुल संभल से ही बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर कुछ कहें या न कहें, पर वे स्वयं स्पष्ट घोषणा करते हैं, बाबर के नाम से मस्जिद नहीं बनने देंगे।

### 2028 में होगी श्री कल्कि की प्राण प्रतिष्ठा

**संभल, अमृत विचार :** रामभद्राचार्य महाराज ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से कहा कि सभी के सहयोग से कल्कि धाम का निर्माण पूरा होगा। उन्होंने अभी 11 लाख दिया है लेकिन आगे भी आवश्यकता होगी तो वह देंगे। उन्होंने कल्कि धाम में भगवान श्री कल्कि की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि की घोषणा करते हुए कहा कि 2028 में वैशाख मास की शुक्ल प्रतिपदा की 26, 27 व 28 तारीख को भगवान श्री कल्कि की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने पूछा कि वह उनके इस संकल्प को पूरा कर पायेंगे। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने हामी भरी तो रामभद्राचार्य ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर वह कल्कि पुराण कथा करेंगे और आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे।


कल्कि धाम में शिला पूजन करते रामभद्राचार्य महाराज।

### संत ही उठा सकते हैं राष्ट्र के उद्धार का दायित्व

**संभल, अमृत विचार :** जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि मंडलेश्वर या महामंडलेश्वर होना संतत्व की परिभाषा नहीं है, संत वही है जो समाज को दिशा देता है और चरित्र निर्माण करता है। कहा कि कुछ लोग कहते हैं संत राजनीति में क्यों आते हैं। यदि राजनीति में संत नहीं आएंगे तो क्या पापियों और अत्याचारियों को आना चाहिए? संत राजनीति में रहें, मार्गदर्शन दें, पर पद पाने की आकांक्षा नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, "हम तो परमात्मा के प्रतिनिधि हैं, जीवन भर वही रहेंगे। हम पद लेने वाले नहीं, किंगमेकर हैं। चरित्र को समाज का मूल तत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि आज भारतवासी अपना चरित्र संभाल नहीं पा रहा है। उन्होंने लव जिहाद के मामलों पर चिंता जताई। कन्याओं को संदेश देते हुए कहा कि वे झांसी की रानी जैसी साहसी बनें और किसी की भी गलत दृष्टि का प्रतिकार करने की क्षमता अपने भीतर जगाएं। आपातकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया कदम संविधान की सीमाओं से परे था, जबकि आज के समय में हर निर्णय संवैधानिक ढांचे में होकर ही होता है। उन्होंने कहा कि सेकुलरिज्म का अर्थ कभी भी धर्मनिरपेक्षता नहीं रहा।

# तिथि तय: वैशाख शुक्ल द्वादशी को ही होगा श्री कल्कि का अवतार

कार्यालय संवाददाता,संभल

- स्वामी रामभद्राचार्य ने नाग पंचमी पर कल्कि जयंती मनाने को बताया मूर्खता
- गीता प्रेस के पंचांग में लंबे समय से नाग पंचमी पर कल्कि जयंती के उल्लेख पर किया तंज

**अमृत विचार:** संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में श्री कल्कि पुराण कथा में कल्कि जयंती तिथि की घोषणा करने के बाद कुछ लोगों के विरोध के बीच जगद्गुरु रामभद्राचार्य अपनी बात पर कायम हैं। रविवार को कल्कि अवतार की तिथि को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वैशाख शुक्ल द्वादशी को ही कल्कि अवतार होगा। नाग पंचमी पर कल्कि जयंती मनाने के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर कोई मूर्खता करता है तो वह क्या कर सकते हैं।

कल्कि कथा का वर्णन करते हुए और अवतरण की घोषित तिथि पर प्रतिक्रिया देने के लिए पूछे गए सवाल पर जगद्गुरु ने कहा कि उन्होंने पहले जो कहा था वही सच है। उन्होंने कल्कि पुराण के प्रथम अंश के द्वितीय अध्याय के 15वें श्लोक का उल्लेख किया- द्वादशी शुक्ल पक्षस्य माधवे मासि माधवम्,जातम् ददृशतुः पुत्रम् पितरौ हृष्टमानसौ। इस श्लोक का अर्थ समझाते हुए बताया कि वैशाख शुक्ल पक्ष की द्वादशी को अभिजित मुहूर्त में दोपहर 12 बजे सुमति माता और विष्णु यश पिता ने कल्कि भगवान के दर्शन किए अथवा करेंगे। उन्होंने कहा कि जब पुराण में स्पष्ट लिखा है, तो नाग पंचमी को कल्कि जन्मोत्सव मनाना मूर्खता है। गीता प्रेस के पंचांग में लंबे समय से नाग पंचमी पर कल्कि जयंती का उल्लेख होने के सवाल पर उन्होंने दोहराया कि अगर कोई मूर्खता करता है तो वह कुछ नहीं कर सकते। कहा कि जब मैं प्रमाण दे रहा हूं कल्कि पुराण का तो जनता निर्णय करेगी। रामभद्राचार्य महाराज ने आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि शास्त्र नहीं मानोगे तो तुम्हारा अस्तित्व क्या रह जायेगा।

### किसानों की समस्याओं का नहीं हुआ समाधान तो आंदोलन

**बहजोई, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की बैठक में जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि पदाधिकारी गुटबाजी करने के बजाय अवगत कराएं।

उन्होंने कहा कि इस सीजन में जनपद में बाजरा का उत्पादन अधिक हुआ। अभी 50 ही खरीद हुई है। संगठन ने डीएम से धान खरीद की सीमा 31 जनवरी करने की मांग की । चीनी मिलों द्वारा अवैध गन्ना खरीद, घटतोली, पर्याप्त पर्ची न दिए जाने पर भी नाराजगी जताई। कहा समाधान नहीं हुआ तो 17 दिसंबर को आंदोलन किया जाएगा। जिला महासचिव शिशुपाल सिंह, वीरेश यादव, सतवीर सिंह, दिनेश एडवोकेट, पंकज यादव, सचिन त्यागी, शंकर सिंह आर्य, मुलायम सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# जहां संघर्ष न हो, वहां आनंद नहीं

- कल्कि धाम में महायज्ञ में पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने दीं आहुतियां

कार्यालय संवाददाता,संभल


ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में महायज्ञ में आहुति देते बृजभूषण सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना ऐंचौड़ा कंबोह क्षेत्र स्थित श्री कल्कि धाम में रविवार को महायज्ञ में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने आहुति दी। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने उनका स्वागत किया। बृजभूषण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई आधारशिला वाले स्थान के भी दर्शन किए।

कल्कि धाम निर्माण को लेकर पूर्व सांसद ने कहा कि यह किसी बनावटी बात पर आधारित नहीं है, बल्कि आस्था पर टिका है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पहले वर्णित कथाओं को छोड़ भी दें, तो विश्वास की अपनी शक्ति होती है। प्रह्लाद के विश्वास ने भगवान को खंभे से प्रकट होने पर विवश कर दिया था। हमारे गुरुदेव का विश्वास और प्रधानमंत्री जी द्वारा रखी गई आधारशिला अपने आप में पर्याप्त है। बोले, जिस उद्देश्य के पीछे संघर्ष न हो, उसमें आनंद नहीं आता। संघर्ष ही निखारता है। मंदिरों के निर्माण में विरोध नई बात नहीं। राम मंदिर का भी विरोध हुआ, लेकिन वह बन गया। विरोध करना उनका फर्ज है, बनाना हमारा। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में टीएमसी से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद निर्माण संबंधी बयान पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। कहा, एक परंपरा बन गई है कि विवादित बयान देकर नाम और सुरक्षा हासिल कर लो। जिन बयानों से समाज में पीड़ा और संप्रदायों में टकराव हो, ऐसे लोगों को सरकार सुरक्षा देने से पहले विचार करे।

# एसआईआर को गति देने के लिए कुंडी खटखटाओ अभियान


कुंडी खटखटाओ अभियान में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी ने 'कुंडी खटखटाओ जन-जागरण अभियान' चलाकर घर-घर संपर्क साधना शुरू कर दिया है।

रविवार को गुन्नौर में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने नगर पंचायत चेयरमैन खुशबू प्रजापति के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक में अभियान आरंभ किया। इसके बाद दोनों नेता घर-घर पहुंचे, कुंडी खट खटाकर मतदाताओं से संवाद कर प्रपत्र भरने की जानकारी ली। कहा गया कि बिना विलंब गणना प्रपत्र भरकर जमा करें। कठिनाई की स्थिति में बीएलओ या भाजपा कार्यकर्ताओं से सहयोग लें। चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, महामंत्री सोनू चहल,पप्पू यादव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। चेयरमैन के पति धर्मेंद्र प्रजापति ने पटका ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत किया।

# श्रद्धालुओं ने की 24 कोसीय परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** 24 कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वावधान में रविवार प्रातः 7 बजे श्री वंशगोपाल धाम से परंपरागत परिक्रमा में विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। स्कूली बच्चों ने भी परिक्रमा में प्रतिभाग कर संभल का आधात्मिक महत्व जाना।

सर्वप्रथम श्रद्धालुओं ने संभलेश्वर महादेव पर जलाभिषेक किया, जिसके बाद पौराणिक कदम्ब वृक्ष की परिक्रमा की गई। महंत भगवद प्रिय ने भगवा ध्वज दिखाकर परिक्रमा का विधिवत शुभारंभ कराया। श्री भुवनेश्वर तीर्थ पर रुद्राष्टकम पाठ और दर्शन के पश्चात परिक्रमा दल पवित्र नैमिषारण्य स्थित तीर्थ पहुंचा। यहां महंत बालयोगी दीनानाथ महाराज ने श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान, हल्लू सराय


24 कोसीय परिक्रमा के दौरान मौजूद स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

- स्कूली बच्चों ने भी मासिक परिक्रमा में किया प्रतिभाग

के छात्र-छात्राओं और श्रद्धालुओं को संभल के दिव्य महात्म्य तथा उसकी पौराणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया। इसके बाद परिक्रमा दल भवानीपुर शिव मंदिर होते हुए चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। मिति अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, रामकिशन ठकराल, शौरभ गुप्ता, अमित शुक्ला, राकेश वार्ष्णेय, सुनीता यादव, नितिन गुप्ता, सरिता गुप्ता, अंकित अग्रवाल, शिवओम शुक्ला, विद्यालय प्रबंधक दीपक शर्मा, प्रधानाचार्य विकास कुमार वर्मा, डॉ. आमिया सरकार, डॉ. आशीष विश्वास, कैलाश सैनी, प्रदीप शर्मा, चेतन अग्रवाल, शाकुंभरी देवी, निम्मो गुप्ता, ममता गुप्ता, चारु गुप्ता, हेम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी



### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 2505 को मिला उपचार

**संभल,अमृत विचार :** संभल के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को 230 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 36 चिकित्सकों और 128 पैरा–मेडिकल स्टाफ ने 2505 मरीजों का परीक्षण किया। 195 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 179 लाभार्थियों की आभा आईडी बनाई गई। मेले में 202 बुखार, 307 चर्म रोग, 252 दमा, 67 मधुमेह, 16 नेत्र रोग और 58 उच्च रक्तचाप समेत अन्य बीमारियों के मरीज उपचार के लिए पहुंचे। 35 मरीजों की मलेरिया तथा 23 मरीजों की डेंगू जांच की गई, जिसमें सभी रिपोर्ट नेगेटिव रहीं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन से संबंधित परामर्श और सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अलग काउंटर बनाए गए।



### लायंस क्लब ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**संभल, अमृत विचार :** लायंस क्लब नेसे रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विकास नेगी, जनरल फिजिशियन डॉ. अवनीश यादव ने रोगियों की जांच की। वहीं ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच डॉक्टर अवी द्वारा की गई। फेफड़ों एवं हड्डियों से संबंधित जांच डॉ. बजरंगी ने की। क्लब अध्यक्ष दीपक गुप्ता, सचिव नितिन गर्ग, कोषाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता सहित अरविंद वार्ष्णेय, राकेश अग्रवाल, डॉ. एएच रजा, डॉ. शहजाद आलम, सुरेंद्र गोयल, नीरज अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, गौरव गर्ग, विपिन रस्तोगी, रोहित गुप्ता, मनोज वार्ष्णेय, शालिनी वार्ष्णेय, नीलिमा वार्ष्णेय, डॉ. मोहसिना, शहजाद, नाहिद रजा, रुचि गर्ग, सोनी गर्ग सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



### छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

**बहजोई,अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय के रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के तहत बेटी बेटों से काम नहीं होती से समान शिक्षा का संदेश दिया। द बहजोई एजुकेशनल डेवलपमेंट ट्रस्ट के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। आरंभ मुख्य अतिथि चैतन्य स्वरूप व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन राजेश शंकर राजू, प्रबंध समिति के अध्यक्ष लव कुमार सर्राफ, उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, सचिव अजय कुमार आयरन, प्राचार्य डा. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। राम आएंगे गाने पर छात्राओं ने प्रस्तुति दी तो माहौल भक्ति मय हो गया। पदाधिकारियों को शपथ एडवोकेट लव मोहन वाष्र्णेय और एडवोकेट योगेश चंद्र वाष्र्णेय ने दिलाई। संजय कुमार वार्ष्णेय, गौरव वाष्र्णेय, मेघा मल्होत्रा, पूजा, प्रीति शर्मा, डॉ गीता, गीता रानी, नेमपाल सिंह यादव, राम तीरथ, डॉ विष्णु दत्त शर्मा, यशपाल सिंह यादव, भगवान सिंह चौहान, भुवनेश कुमार, राजीव कुमार आदि ने सहयोग किया।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक के केबिन में लगी आग



**संभल/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र में भूडी चौराहे पर शनिवार की रात साढ़े नौ बजे खड़े एक ट्रक में अचानक आग लग गई। केबिन में आग की लपटें उठती देख होटल पर खाना खा रहे चालक परिचालक व अन्य लोग दौड़ कर आये और सबमर्सिबल चलाकर आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र कुमार त्यागी भी पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी घटना स्थल पर पहुंच गई। ट्रक चालक सूबे सिंह निवासी अलबर राजस्थान तथा परिचालक अरुण निवासी सीकर राजस्थान ट्रक नम्बर आरजे 32 जीबी 8676 में कीकर की कुट्टी भरकर भूडी चौराहे के निकट ईंट भट्टों पर बेचने के लिए लाये थे। कुट्टी नहीं बिकने पर बहजोई जा रहे थे। ढाबा के निकट ट्रक खड़ा करके दोनों ढाबा पर खाना खाने लगे। अचानक वायरिंग में शार्ट सर्किट से ट्रक के केबिन में आग लग गई।

# तीन दिन की नवजात की मौत पर हंगामा

- परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप

संवाददाता,चंदौसी


बच्ची की मौत के बाद पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिसौली गेट स्थित कुम्हार गली में रविवार दोपहर तीन दिन की नवजात बच्ची की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। आरोप है कि इलाज में लापरवाही के चलते बच्ची की मौत हुई, जबकि अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है।

कुम्हार गली निवासी सौरभ की पत्नी लक्ष्मी ने चार दिसंबर की सुबह एक बच्ची को जन्म दिया था। छह दिसंबर की दोपहर मां और बच्ची को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। परिजनों का कहना है कि रविवार को बच्ची को इंजेक्शन लगाया गया था। इंजेक्शन लगवाने के बाद बच्ची को घर ले आए। घर पहुंचकर बच्ची सो गई, लेकिन कुछ देर बाद जब उसे उठाने की कोशिश की तो वह नहीं उठी। घबराए परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नाराज स्वजन ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

अस्पताल के डॉक्टर ने कहा कि लापरवाही का आरोप तथ्यहीन है। बच्ची का वजन बहुत कम था, जिससे उसकी स्थिति शुरू से ही अत्यंत गंभीर थी। सौरभ के छोटे भाई की शादी 11 दिसंबर को है। नवजात की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

# सैनिक के घर का ताला तोड़ 7 लाख रुपये व जेवर चोरी

**चंदौसी, अमृत विचार:** चोरों ने सेना में जवान के मकान के ताले तोड़कर घर से सात लाख नकद, जेवर और घरेलू सामान उड़ा लिया।

धन्यावली निवासी मेहनबान खान वर्तमान में गुजरात में तैनात हैं। उनकी पत्नी सहमवर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए यहीं रहती हैं। वह हर शनिवार को गांव चली जाती हैं। इस बार भी शनिवार दोपहर ताला लगाकर गांव गई थी। रविवार सुबह मेहरबान के पिता बाबूखान दवाई लेने के लिए चंदौसी आए। घर के सामने से गुजरे तो टूटे ताले देखकर सन्न रह गए। उन्होंने तुरंत सहमवर और छोटे बेटे खालिद खान को घटना की जानकारी दी। सहमवर ने बताया कि घर का सौदा चुका है। बयाने के रूप में मिले 7 लाख रुपये रखे थे, जो चोर ले गए। इसके अलावा सोने की चेन, पेंडल, नथनी, हार, अंगूठी, पाजेब तथा एक गैस चूल्हा-सिलेंडर समेत लगभग पांच लाख रुपये मूल्य का अन्य सामान भी चोरी हुआ है। सूचना पाकर चंदौसी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजन से पूछताछ के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांचनी शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी मोहित बालियान ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जो भी तथ्य हाथ आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश के परिवहन ढांचे में आएगा बड़ा बदलाव

## सरकार का 'सुरक्षित सड़क मिशन' तेज, हाई रिस्क जिलों में इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रॉनिक निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार ने अब जमीनी बदलाव की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय ने अत्याधुनिक तकनीक आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की तैयारियों को हरी झंडी दे दी है। मुख्य सचिव की बैठक में कई महत्वपूर्ण पूंजीगत और राजस्व योजनाओं को मंजूरी मिल गई है।

इस कवायद से प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी और ट्रैफिक अनुशासन में बड़े सुधार की उम्मीद की जा रही है। राजधानी सहित अन्य प्रमुख शहरों में ट्रैफिक मॉनिटरिंग को डिजिटल रूप देने के प्रयास तेज हैं। लखनऊ के महत्वपूर्ण चौराहों पर इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 4.96 करोड़ रुपये, जबकि मुरादाबाद और बलिया में 3.10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इन कैमरों से न केवल नियम उल्लंघन की निगरानी होगी, बल्कि शहरों में रीयल-टाइम ट्रैफिक कंट्रोल, दुर्घटनाओं में त्वरित प्रतिक्रिया और अपराध रोकथाम में भी मदद मिलेगी।


### नियम उल्लंघन पर स्वत: ई-चालान



सड़क हादसों पर नियंत्रण योगी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। इसी लक्ष्य से डीआरएससी मॉडल पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइस लगाने के लिए 25 हाई रिस्क जिलों को 1-1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। शेष जनपदों के लिए 50 लाख रुपये प्रति जिले की दर से अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इन उपकरणों के जरिए ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रेड लाइट जंपिंग और गलत दिशा में वाहन चलाना जैसे नियम उल्लंघन पर स्वत: ई-चालान जारी होंगे।

### इंटरसेप्टर वाहनों से बढ़ी सख्ती

परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में स्वीकृत 19.95 करोड़ रुपये में से 70 इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद हो चुकी है। ये वाहन अब हाईवे और शहरों के प्रमुख मार्गों पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, 18 के-इन-मोशन सेंसरों की स्थापना के लिए 14.05 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं, जिससे ट्रकों की ओवरलोडिंग पर सटीक कार्रवाई होगी।



लखनऊ : जय नारायण पीजी कॉलेज से क्लैट की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

# 11 जिलों में 17 केंद्रों पर हुई क्लैट परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधि स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) का आयोजन देश भर में रविवार को किया गया। जबकि यूपी के लखनऊ समेत कुल 11 जिलों में इस परीक्षा का आयोजन किया। लखनऊ में कुल 6 परीक्षा केंद्रों पर क्लैट की परीक्षा सम्पन्न हुई। सर्वाधिक अभ्यर्थी डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में मौजूद रहे। परीक्षा केंद्रों में जाने के लिए लंबी लाइनें लगीं, जिसमें घंटों तक परीक्षार्थी प्रतीक्षा के बाद चेकिंग के बाद गए। परीक्षा का आयोजन कन्सोर्टियम ऑफ एनएलयू द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया है।

देशभर में कुल 173 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 92,344 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। यूपी के 11 जिलों में 17 केंद्रों पर परीक्षा हुई, जिसमें 14,578 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। लखनऊ क्षेत्र में कुल 5365 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 5212 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 153 अनुपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण बैंक के मैनेजर व चपरासी पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई की एंटी करप्शन ब्यूरो ने ग्रामीण यूपी बड़ौदा बैंक के प्रबंधक व चपरासी के खिलाफ रिश्वत मांगने की रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में आजमगढ़ के गहाजी निवासी किसान ने शिकायत की थी। जांच में आरोप सही पाये जाने के बाद सीबीआई ने कार्रवाई की है। सीबीआई अधिकारी के मुताबिक आजमगढ़ के गहाजी निवासी विशाल कुमार ने शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया कि आजमगढ़ स्थित ग्रामीण यूपी बड़ौदा बैंक की दुर्वाषा शाखा से उन्होंने 2.52 लाख रुपये का केसीसी सीमा का आवेदन किया था। इसे मंजूरी दे दी गई। इसकी पहली किस्त उनके खाते में आ गई। इसके बाद बैंक के शाखा प्रबंधक ने अपने चपरासी विश्राम के माध्यम से ऋण राशि के 10 प्रतिशत की दर से 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। पीड़ित ने इसकी शिकायत की तो जांच में सामने आया कि बैंक के शाखा प्रबंधक के चपरासी द्वारा मांगे जाने वाली रिश्वत की पुष्टि हुई।

### प्रोग्रेसिव खेती के टिप्स देंगे मास्टर ट्रेनर्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार अब किसानों को आय का साधन और प्रोग्रेसिव खेती की टिप्स देने को मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने जा रही है। ये मास्टर ट्रेनर्स किसानों के बीच से ही विकसित किए जाएंगे। इसके लिए बकायदा अभियान चलेगा, जिसमें कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार को अपनाकर मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कम लागत में अधिक लाभ कमाने का हुनर सिखाया जाएगा। अभियान सोमवार से ही शुरू हो जाएगा, जिसके तहत मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी। बाद में जिलास्तरीय ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम 9 से 10 दिसंबर के बीच चलेगा। इसी कड़ी में आगे भी कार्यक्रम चलेंगे। अभियानों के आयोजन के लिए पैक्स सोसायटी, किसान कल्याण केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र और प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया जा रहा है।

### जिलाधिकारियों को पेंशनर्स देंगे ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेंशनर्स दिवस (17 दिसंबर) को प्रदेशभर के पेंशनर्स जिला मुख्यालयों पर एकजुट होकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। इस ज्ञापन में आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की शर्तों में पेंशन पुनरीक्षण को कर्मचारियों के वेतन-भत्तों की तर्ज पर शामिल किए जाने की मांग प्रमुख रूप से रखी जाएगी। यह घोषणा संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश ने की है । समिति के संयोजक एनपी त्रिपाठी और सह संयोजक क्षमा नाथ दुबे ने रविवार को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 3 नवंबर 2025 को जारी अधिसूचना में आठवें वेतन आयोग के विचार-बिन्दुओं में पेंशनरों की पेंशन बढ़ोतरी से संबंधित मुद्दा शामिल नहीं है। चूंकि प्रदेश सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र के समान आधार पर ही सुविधाएं स्वीकृत होती हैं, इसलिए आयोग में यह बिंदु शामिल न होने से पेंशनरों में स्वाभाविक रूप से असंतोष व्याप्त है।

### यहियागंज गुरुद्वारे का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग राजधानी स्थित ऐतिहासिक यहियागंज गुरुद्वारे का पर्यटन विकास करने जा रहा है। गुरुद्वारे के धार्मिक महत्व, सामुदायिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए दो करोड़ रुपये से इसके कायाकल्प की योजना तैयार की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को जारी बयान में बताया कि सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर और दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह की स्मृतियों से जुड़े इस गुरुद्वारे का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता में है।

# अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर में सबसे अधिक फर्जी वोट : मुख्यमंत्री

## एसआईआर में देरी पर जताई नाराजगी, संगठनात्मक बैठक से दूर रखे गए अधिकारी



अलीगढ़ में जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य पार्टी नेता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अलीगढ़ में एसआईआर (वृहद मतदाता पुनरीक्षण) की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए साफ कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक फर्जी वोट अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर जिलों में मिले हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन जिलों में मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं दिख रही हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए और अंतिम समय सीमा नजदीक होने के कारण किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री की यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जहां उन्होंने मंडलभर के भाजपा नेताओं और प्रमुख पदाधिकारियों के साथ रणनीतिक चर्चा की। खास बात यह रही कि बैठक पूरी तरह संगठन के लिए रखी गई थी और इसमें किसी भी सरकारी अधिकारी को शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि इस अभियान को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि विवाह जैसे व्यक्तिगत कार्यक्रम हों, तब भी एसआईआर का काम नहीं रुकना चाहिए। मुख्यमंत्री विशेष रूप से अलीगढ़ शहर और कोल विधानसभा क्षेत्रों में देरी को लेकर नाराज दिखे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि दोनों क्षेत्रों में बोगस वोटों की संख्या अधिक होने के कारण विशेष निगरानी जरूरत है।

बैठक समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री छेरत पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मंत्री और बरौली विधायक ठाकुर जयवीर सिंह के पुत्र के तिलक समारोह में शामिल होकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद वे छेरत से ही कोटद्वार के लिए उड़ान भर गए।

### चर्चा में रहा योगी का हेलीकॉप्टर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वेलिंगडन क्रिकेट पवेलियन में उतरा। शहर में इस बात की खूब चर्चा रही कि हाल ही में जहां स्ट्रीट लाइटों से मुख्यमंत्री की तस्वीरें हटाए जाने पर विवाद हुआ था, वहीं उसी परिसर में मुख्यमंत्री का आगमन हुआ। विश्वविद्यालय क्षेत्र में विद्यार्थियों की मांगों को लेकर आंदोलन की पृष्ठभूमि में छात्र नेता मोहम्मद मोहसिन मेवाती को पुलिस ने पहले ही नजरबंद कर लिया था।

### सहारनपुर में भी की एसआईआर की समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सहारनपुर में अलीगढ़ की तर्ज पर संगठनात्मक व प्रशासनिक समीक्षा करते हुए एसआईआर (मतदाता पुनरीक्षण) कार्य की प्रगति को गंभीरता से परखा। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बंद-द्वार बैठक की, जिसमें किसी सरकारी अधिकारी को शामिल होने की अनुमति नहीं थी। बैठक में मुख्यमंत्री ने एसआईआर अभियान में तेजी लाने और मतदाता सूची में बोगस प्रविष्टियों को प्राथमिकता से हटाने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान जिले की कानून-व्यवस्था, विकास परियोजनाओं और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि सहारनपुर की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा।

# यूपी की पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने को महाराष्ट्र में मिलेगा गुरुमंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 29 जिलों से चुने प्रतिनिधि जाएंगे महाराष्ट्र, सीखेंगे पंचायतों में नई तकनीक से विकास
- प्रति ग्राम पंचायत लगेगी किसान पाठशाला, 80 से 100 किसान होंगे शामिल

**अमृत विचार :** उप्र. की पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने का गुरुमंत्र महाराष्ट्र से मिलेगा। राज्य के 23 जिलों से कुल 29 ऐसे प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जो महाराष्ट्र रवाना हो चुके हैं और वहां 11 दिसंबर तक पंचायतों में नई तकनीक के साथ विकास करने की बारीकियां सीखेंगे।

नवाचार मॉडल की बारीकियां सीखने के बाद ये प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश लौटेंगे और फिर प्रति ग्राम पंचायत किसान पाठशाला लगेगी। इस पाठशाला में 80 से 100 किसान प्रतिभाग करेंगे, जिनके बीच प्रतिनिधि सीखे गए मॉडल्स को उनके गांवों में लागू करने के उपाय और रास्ते सुझाएंगे।

महाराष्ट्र में ऐसे हजारों गांव हैं, जहां उनके सफल मॉडलों के कारण ग्रामीणों ने अपने बल पर गांवों को नई दिशा दी है। पंचायती राज विभाग की इस पहल का मूल उद्देश्य उत्तर प्रदेश की पंचायतों को अधिक सक्षम, आत्मनिर्भर और नवाचारी बनाने का है।

महाराष्ट्र दौरे में यूपी के चुनिंदा विजिटर्स को उन पंचायतों में ले जाया जाएगा, जहां स्वच्छता प्रबंधन, अपने बूते आय के संसाधन बनाना, सामाजिक उद्यमिता, बायोगैस-आधारित ऊर्जा मॉडल और सामुदायिक सहभागिता जैसी एडवांस कार्यसंस्कृति विकसित है। ऐसे में यूपी विजिटर्स वहां के ग्राम पंचायतों में हो रहे उत्कृष्ट व सफल मॉडल्स को अपने क्षेत्रों में लागू कर सकेंगे।

> विश्वास है कि महाराष्ट्र का अनुभव हमारे युवाओं, प्रतिनिधियों और अधिकारियों की सोच को व्यापक बनाएगा। ऐसे में यूपी की पंचायतें नवाचार आधारित विकास की ओर और तेज़ी से अग्रसर होंगी।
> **- ओमप्रकाश राजभर, पंचायती राज मंत्री**

> हमारे लोगों के लिए सीख, अनुभव और नेतृत्व विकास का अनोखा अवसर है। वहां से मिली जानकारी को वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे और वहीं से एक नई विकास यात्रा आगे बढ़ेगी।
> **-अमित कुमार सिंह, निदेशक पंचायती राज विभाग**

# 33 जिलों में 14 से चलेगा सघन पोलियो अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के 33 प्राथमिकता वाले जिलों में 14 से 22 दिसंबर तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत शून्य से पांच वर्ष तक के 1.33 करोड़ बच्चों को पोलियोरोधी खुराक दी जाएगी। अभियान के पहले दिन 44,726 बूथ स्थापित होंगे, जबकि इसके बाद 29,360 टीमें घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगी। वहीं, लखनऊ में 7.03 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है।

राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि उप्र. को पोलियो मुक्त हुए 15 वर्ष हो चुके हैं और राज्य में आखिरी पोलियो का मामला 21 अप्रैल 2010 को फिरोजाबाद में मिला था। उन्होंने कहा, पड़ोसी देशों में अब भी पोलियो के मामले पाए जाने के कारण सावधानी जरूरी है। दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 2,750 ट्रांजिट और 1,746 मोबाइल टीमें लगाई जाएंगी। नेपाल सीमा पर विशेष सतर्कता के तहत 30 टीकाकरण पोस्ट भी बनाए गए हैं।

### इन जनपदों में चलेगा अभियान

आगरा, अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बदायूं, भदोही, बांदा, चंदौली, इटावा, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, हाथरस, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कासगंज, कुशीनगर, ललितपुर, लखनऊ, महोबा, मऊ, मथुरा, मिर्जापुर, पीलीभीत, सोनभद्र, उन्नाव और वाराणसी।

# मानवतावादी संविधान सही भावना से लागू हो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** देश की वर्तमान परिस्थितियों को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने चिंता जताते हुए केंद्र सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि एयरलाइंस संचालन में हो रही अव्यवस्था समेत गरीबी, बेरोजगारी, दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीरता और रुपये की गिरती कीमत जैसी समस्याओं से देश परेशान है। सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है, जब बाबा साहेब के मानवतावादी और कल्याणकारी संविधान को सही भावना से लागू किया जाए।

बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर डॉ.भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल और नोएडा के राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल एवं ग्रीन गार्डेन में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे लाखों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि वे व्यावसायिक दृष्टिकोण छोड़कर विशुद्ध जनहित और जनकल्याण की नीयत से नीति व कानून बनाएं।

# एसआईआर में गहनता से हो जांच : रिणवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव आयोग ने एसआईआर अभियान में लगे बीएलओ को अनुपस्थित, शिफ्टेड और मृत मतदाताओं का एक बार फिर से अपने स्तर पर गहन जांच कर लेने के निर्देश दिए हैं। इस कार्य में राजनीतिक दलों से नियुक्त बीएलए का भी सहयोग लेने के निर्देश हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर के कार्यों में प्रगति तेज है। उन्होंने अपील की है कि राजनीतिक दल भी बूथों पर नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से सहयोग करने के लिए निर्देशित करें, जिससे प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज हो सकें।

# मतदाता सूची की अनियमितताओं की हो जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न जिलों में मतदाता गणना प्रपत्रों में हो रही अनियमितताओं पर गंभीर चिंता जताई है। पार्टी की तरफ से उन्होंने मांग की है कि इन मामलों में तत्काल जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को निर्वाचन आयोग को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि अमेठी, गौरीगंज विधानसभा में कुल 389 मतदेय स्थलों में से 110 केंद्रों पर 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को बीएलओ द्वारा थर्ड ऑप्शन में सबमिट कर दिया गया है, जबकि अधिकांश मतदाताओं ने 2003 की मतदाता सूची से संबंधित विवरण सही ढंग से भरकर जमा किया था। इतना ही नहीं, मतदेय स्थल संख्या 322 पर एक मतदाता का विवरण किसी अन्य मतदाता के नाम से प्रदर्शित हो रहा है।

इसी प्रकार गोंडा, करनैलगंज विधानसभा में भी 50 से 79 प्रतिशत तक मतदाताओं के गणना प्रपत्र थर्ड ऑप्शन में भेज दिए गए हैं। पार्टी का कहना है कि सही विवरण जमा करने के बाद भी इन मतदाताओं को अनावश्यक नोटिस देकर दस्तावेजों की मांग की जा रही है, जिससे भ्रम और परेशानी बढ़ रही है। प्रयागराज, कोरांव विधानसभा तथा प्रयागराज, शहर पश्चिमी में भी इसी तरह की शिकायतें सामने आई हैं। जिसके कारण कई मतदाताओं के नाम सूची से गायब हो गए हैं। शामली, थानाभवन में वितरण कार्य अधूरा बताया गया है। कई मतदाताओं को गणना प्रपत्र नहीं मिला और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी इन मतदेय स्थलों की जानकारी बंद बताई गई है।

### नियमों के विपरीत हस्ताक्षर कराने का आरोप

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि मिर्जापुर, शहर विधानसभा के कुछ बीएलओ अपने क्षेत्र के बाहर लगभग पांच किलोमीटर दूर जाकर गणना प्रपत्र सबमिट कर रहे हैं और समाजवादी पार्टी के बीएलए को बुलाकर हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं, जो नियमों के विपरीत है। सबसे गंभीर मामले बागपत में बताये गये हैं। यहां 1288 मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची से लापता हो गए हैं। इससे मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। केके श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है और सभी जिलों में त्वरित जांच व आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

बढ़ते कदम | 1038.27 मेगावॉट क्षमता से बढ़ी ऊर्जा आत्मनिर्भरता

# यूपी में तीन लाख सोलर प्लांट लगाने का रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2074 करोड़ रुपये सब्सिडी से उपभोक्ताओं को मिली राहत

**अमृत विचार :** नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने बड़ा मुकाम हासिल करते हुए तीन लाख से अधिक सोलर प्लांट इंस्टॉल करने का रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व का परिणाम है कि राज्य सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अब देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, यूपी ने 3,00,654 सोलर इंस्टॉलेशन के साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में लंबी छलांग लगाई है। इस उपलब्धि ने ग्रामीण से लेकर शहरी उपभोक्ताओं तक ऊर्जा के नए विकल्प और आर्थिक राहत दोनों पहुंचाई हैं।

प्रदेश में अब तक 983,915 आवेदनों में से तीन लाख से अधिक इंस्टॉलेशन पूरे हो चुके हैं। राज्य की कुल सौर उत्पादन क्षमता बढ़कर 1038.27 मेगावॉट तक पहुंच गई है, जिससे लाखों परिवार स्वच्छ, किफायती और लगातार उपलब्ध रहने वाली ऊर्जा का लाभ उठा रहे हैं। योगी सरकार द्वारा अब तक 2074.53 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की जा चुकी है, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ काफी कम हुआ है और सोलर प्लांट लगाने की रुचि लगातार बढ़ती जा रही है। इस मामले में गुजरात और महाराष्ट्र ही यूपी से आगे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश का स्थान देश के शीर्ष सौर ऊर्जा राज्यों में पक्का हो गया है।



पिछले आठ वर्षों में योगी सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा को शासन की प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए डिजिटल मॉनिटरिंग, समयबद्ध इंस्टॉलेशन और पारदर्शी प्रक्रियाओं पर जोर दिया है। पीएम सूर्यघर योजना और राज्य की नई सौर नीति ने बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचा तैयार किया, जिससे सौर ऊर्जा उद्योग के प्रति उपभोक्ताओं और निवेशकों दोनों का भरोसा बढ़ा है।

इस उपलब्धि का सबसे बड़ा असर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। गांवों में बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी आई है और कई परिवार अतिरिक्त ऊर्जा ग्रिड को बेचकर अपनी आय में भी बढ़ोतरी कर रहे हैं।

# सीएचसी में खून की जांचों के लिए 25 करोड़ जारी, सेवाएं होंगी बेहतर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रियेजेंट और उपकरणों की उपलब्धता से ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) में खून संबंधी जांचों के लिए आवश्यक रियेजेंट और अन्य संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 25 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। इससे सरकारी अस्पतालों में पैथोलॉजी सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा मरीजों को जांचों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

संयुक्त सचिव आनंद कुमार राय द्वारा बजट से संबंधित शासनादेश जारी किए जाने के बाद स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि प्रदेश के 975 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों को गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर उपचार सुनिश्चित करने में पैथोलॉजी की अहम भूमिका होती है, जहां एक पैथोलॉजी में लगभग 150 से अधिक प्रकार की खून की जांचें उपलब्ध रहती हैं। यानी विभिन्न बीमारियों के अलग-अलग जांच करायी जाती हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि निजी कंपनियों द्वारा विभिन्न जांचों के लिए प्रयोग किए जाने वाले करीब 150 प्रकार के रियेजेंट उपलब्ध कराए जाते हैं, जिनकी खरीद अस्पताल प्रशासन को स्वयं करनी होती है। सरकार द्वारा जारी किए गए बजट से अब इन रियेजेंट और अन्य आवश्यक सामग्री की खरीद सुचारु रूप से होती रहेगी, जिससे मरीजों को सभी रक्त जांचें बिना किसी रुकावट के मिलती रहेंगी। इससे विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच समय पर हो सकेगी तथा उपचार प्रक्रिया में तेजी आएगी।



हम जितने ऊंचे स्थान पर हैं, हमें उतनी ही विनम्रता से चलना चाहिए।
–मार्कस टुलियस सिसरो, रोमन राजनीतिज्ञ



# संकट मोचन सरकार

इंडिगो के परिचालन संकट ने एक बार फिर भारतीय उड्डयन क्षेत्र की नियामकीय कमजोरियों, मानव संसाधन प्रबंधन की खामियों और कंपनियों की मनमानी के बीच आम यात्री की घंघोर उपेक्षा को उजागर कर दिया है। सरकार द्वारा जारी तात्कालिक उपाय-फ्लाइट कटौती, विशेष मॉनीटरिंग और पायलट ड्यूटी टाइम में सख्ती- निश्चित रूप से स्थिति को आंशिक राहत देते हैं, पर यह मान लेना जल्दबाज़ी होगी कि केवल इन कदमों से पूरा संकट समाप्त हो जाएगा। सरकार के नए एक्शन से, 'इलेक्टोरल बांड के जरिए इंडिगो से मोटा चंदा लेने के चलते वह इंडिगो पर कठोर नहीं है', आरोप बेअसर हो सकता है, हालांकि साफ है कि किसी भी नियामक हस्तक्षेप की समय सीमा और गंभीरता स्वयं बहुत कुछ कह देती है। वर्षों से जो समस्या जारी थी, उस पर नियामकों की निगरानी क्यों विफल रही? इससे संदेह उभरते हैं, मौजूदा कार्रवाई भर से इसे मिटाना मुश्किल है।

इंडिगो का मौलिक संकट पायलटों की भारी कमी, एफडीटीएल नियमों की अवहेलना और मानव संसाधन नीतियों में 'लीन स्टाफिंग' के अत्यधिक प्रयोग से उपजा है। पायलट संघों ने पिछले दो वर्षों में कई बार चेतावनी दी थी कि इंडिगो ने हायरिंग फ्रीज, नॉन-पोचिंग व्यवस्था और न्यूनतम क्रू मॉडल के कारण भविष्य के संकट को स्वयं आमंत्रित किया है। यह भी चौंकाने वाली बात है कि दो वर्ष के ट्रांजिशन पीरियड के दौरान कंपनी ने पायलटों की संख्या को नियमानुसार 14–16 प्रति विमान तक क्यों नहीं बढ़ाया? यदि यह मानक पूरा किया जाता तो आज फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को लागू करने में यह अव्यवस्था नहीं होती। सवाल है कि डीजीसीए और उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट को शुरुआती चरणों में ही क्यों नहीं रोका? एक एयरलाइन को 'लीन ऑपरेशन' की आड़ में अपनी क्षमता से कहीं अधिक फ्लाइट शेड्यूल चलाने देना न केवल यात्रियों के साथ अन्याय है, बल्कि उड्डयन सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। इस संकट का सबसे बड़ा बोझ यात्रियों पर पड़ा है। फ्लाइटें कैंसिल होने से किसी की नौकरी का मौका छूटा, किसी बीमार को उपचार नहीं मिल पाया, किसी का पारिवारिक या व्यावसायिक जीवन प्रभावित हुआ। ऐसे में केवल टिकट का पैसा वापस कर देना कोई समाधान नहीं। वास्तविक नुकसान आर्थिक, मानसिक और कई बार अपरिवर्तनीय होता है। भारत को 'पैसेंजर राइट्स' के स्पष्ट और बाध्यकारी नियमों की तात्कालिक आवश्यकता है, ताकि एयरलाइंस असुविधा नहीं, हानि की भरपाई करने के लिए बाध्य हों- जैसा कि कई विकसित देशों में व्यवस्था है। इंडिगो की छवि, गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। साथ ही भारतीय उड्डयन क्षेत्र की साख पर भी प्रश्न चिह्न लगा है। अंतर्राष्ट्रीय विमानन बाजार भारत को संभावनाओं की भूमि मानता है, पर इस प्रकार की अव्यवस्थित स्थितियां उसके भरोसे को कमजोर करती हैं।

सरकार के कदम संकट को तत्काल थामने की कोशिश प्रतीत होते हैं, परंतु यह तभी विश्वसनीय बनेंगे जब उड्डयन मंत्रालय दीर्घकालीन ढांचे में सुधार, भर्ती मानकों, कार्य-समय निगरानी, फ्लाइट स्वीकृति प्रक्रिया और यात्री अधिकारों को संस्थागत रूप से लागू करे। फौरी उपाय बेहतर हैं पर सरकार को वास्तव में स्थायी समाधान के प्रति गंभीर होना होगा।

## प्रसंगवश

# वो दिन जब सिद्धार्थ ने विश्व को नया प्रकाश दिया

हर साल 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है, यह दिन राजकुमार सिद्धार्थ गौतम को परम ज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में समर्पित है, जिसके बाद वे गौतम बुद्ध या जागृत व्यक्ति के रूप में जाने गए। दुनियाभर में यह पवित्र दिन विभिन्न नामों से मनाया जाता है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्म-ज्ञान और मानवीय करुणा का प्रतीक है, जो हमें जीवन के सार को समझने के लिए प्रेरित करता है। गौतम बुद्ध का जीवन एक असाधारण आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। लुंबिनी में 562 ईसा पूर्व में जन्म लेने वाले सिद्धार्थ गौतम राजा शुद्धोदन के पुत्र थे, जो शाक्य वंश के वंशज थे। वे राजकीय सुख-सुविधाओं में पले-बढ़े थे, लेकिन 29 वर्ष की आयु में उनकी सोच पूरी तरह बदल गई।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

एक बार राज्य भ्रमण के दौरान जब सिद्धार्थ ने आसपास की गरीबी, बीमारी और कष्ट को देखा, तो उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजसी जीवन उनके लिए अर्थहीन हो गया और उन्होंने सत्य की खोज के लिए सभी सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। एक रात चुपचाप राजमहल को छोड़कर सिद्धार्थ गौतम अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़े।

अगले छह वर्षों में सिद्धार्थ ने कठोर तपस्या की और गहन आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन किया। उन्हें बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई।

यह वह क्षण था, जब सिद्धार्थ गौतम को अपने भीतर और ब्रह्मांड के रहस्यों का ज्ञान प्राप्त हुआ और वे 'बुद्ध' अर्थात् प्रबुद्ध या जागृत व्यक्ति बन गए। 'बुद्ध' शब्द संस्कृत में एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो अपने आत्मबोध और अध्यात्मिक चेतना तक पहुंच गया हो। यह घटना करीब 2,500 वर्ष पहले घटी थी और इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष आठ दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है।

बोधि दिवस की मनाई जाने वाली परंपराएं और इसका सांस्कृतिक महत्व सारी दुनिया में समान हैं। इस दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और दूसरों के कल्याण के लिए अच्छे कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी आपस में जुड़े हुए हैं और हमारे कार्यों का प्रभाव समाज के प्रत्येक सदस्य पर पड़ता है। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एक सार्वभौमिक धर्म की स्थापना की, जो आयु, जाति, राष्ट्रीयता, पेशे, लिंग और अन्य सभी सामाजिक बाधाओं से परे है। उनका दर्शन यह है कि आत्मज्ञान और मुक्ति का मार्ग सभी के लिए खुला है, चाहे वह कोई भी हो।

बुद्ध ने मनुष्य को नैतिकता, ध्यान और ज्ञान के अभ्यास के माध्यम से आत्मज्ञान का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षा का केंद्र बिंदु मध्यम मार्ग है, जो अत्यधिक तपस्या और इंद्रिय भोग दोनों से बचता है। यह मार्ग सीधे निर्वाण की ओर ले जाता है, जो अज्ञानता, तृष्णा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति है। बुद्ध ने अपनी शिक्षा का सारांश आर्य अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दिया है, जिसमें सही दृष्टिकोण, सही संकल्प, सही भाषण, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही सचेतनता और सम्यक समाधि शामिल हैं। ये आठ सिद्धांत मन के प्रशिक्षण की एक व्यापक विधि प्रदान करते हैं। हजारों वर्षों बाद भी बुद्ध के उद्धरण और शिक्षाएं मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। बुद्ध ने कहा है, 'अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।'

# भारत-रूस साझेदारी से बढ़ेगा शक्ति संतुलन





योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पांच दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थायी प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं।

इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा दृष्टिकोण की दृढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं, बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है।

> भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति–दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत–रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया।

भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रुपये और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है, बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है।

शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढांचे को सुदृढ़ करेगा।

फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्टरी की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है। भारत आज दुनिया के लिए 'फार्मेसी ऑफ द ग्लोब' बन चुका है। कोविड काल में दुनिया ने यह देखा कि दवा निर्माण केवल उद्योग नहीं बल्कि सामरिक शक्ति भी है। रूस में दवा निर्माण भारत को न केवल बाजार देगा, बल्कि ऐसे समय में तकनीकी और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाएगा, जब पश्चिमी दवाइयों की आपूर्ति-राजनीति वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली पर नियंत्रण का उपकरण बन चुकी है। भारत-रूस संबंधों का सबसे ठोस और दीर्घकालिक आयाम ऊर्जा क्षेत्र है। रूस भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा-आपूर्तिकर्ता बन चुका है और उसने विश्व के ऊर्जा-संकट के मध्य भारत को अबाध आपूर्ति देकर यह साबित किया कि यह संबंध परिस्थितियों से संचालित नहीं बल्कि विश्वास पर आधारित है।

सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा पर हुई चर्चा और कुडनकुलम प्लांट के विस्तार की पुनर्पुष्टि भारत की स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा रणनीति को एक नई दिशा देती है। रूस द्वारा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव उस परिवर्तन की पूर्वपीठिका है, जहां भारत विकेंद्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से हर क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ सकेगा। यह भारत के नेट-जीरो संकल्प की व्यावहारिक यात्रा का महत्वपूर्ण चरण है। क्रिटिकल मिनरल्स का मुद्दा आने वाली औद्योगिक क्रांति की रीढ़ है। एआई, इलेक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, बैटरी निर्माण और रोबोटिक्स, इन सभी उद्योगों का अस्तित्व लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और रेयर-अर्थ मेटल्स पर निर्भर है। पश्चिमी देशों ने इन खनिजों पर एकाधिकारवादी नियंत्रण बनाने का प्रयास किया है, जबकि भारत-रूस इस समीकरण को बदल रहे हैं। रूस के पास विशाल खनिज संसाधन हैं और भारत के पास विकासशील तकनीक, अनुसंधान क्षमता और उत्पादन की औद्योगिक शक्ति। दोनों का मिलन वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा को नया आयाम प्रदान करेगा।

## आमने सामने



आज भारत की तेजी से ग्रोथ को देखते हुए, क्या आपने कभी कहीं पढ़ा है या किसी को इसे 'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' कहते सुना है? 'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' शब्द का इस्तेमाल तब किया गया था, जब भारत 2–3 प्रतिशत की ग्रोथ रेट के लिए संघर्ष कर रहा था।

–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' राज कृष्णन ने बोला था, जिन्हें जनता पार्टी सरकार ने प्लानिंग कमिशन में सदस्य बनाया था। जनता पार्टी में लाल कृष्ण अडवाणी, मोरारजी देसाई और अटल विहार वाजपेई थे। प्रधानमंत्री मोदी अपनी ही पार्टी पर हमला क्यों बोल रहे हैं?

–पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता



# मोनोपॉली, ऑटोक्रीसी और ठहरती अर्थव्यवस्था



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारत की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन इंडिगो के हालिया संकट ने देश के सामने एक गंभीर और असहज प्रश्न खड़ा कर दिया है। क्या आज एक बड़ी एयरलाइन सरकार और नियामक से भी बड़ी हो चुकी है? सिर्फ दो दिनों में सैकड़ों उड़ानों का रद्द होना, लाखों यात्रियों की योजनाओं का बिखरना और पूरे विमानन तंत्र का चरमरा जाना बताता है कि अगर किसी अहम सेक्टर में एक कंपनी पर अत्यधिक निर्भरता हो जाए, तो पूरी अर्थव्यवस्था कैसे कुछ घंटों में ठप पड़ सकती है। यह सिर्फ एक परिचालन विफलता नहीं थी, बल्कि भारत के 'मोनोपॉली मॉडल' की एक खतरनाक झलक थी।

इंडिगो आज भारत के घरेलू विमानन बाजार का लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा अकेले नियंत्रित करती है। यानी देश में उड़ने वाले हर तीन में से दो यात्री किसी न किसी रूप में इसी कंपनी पर निर्भर हैं। एयर इंडिया समूह लगभग 25–27 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। इसका मतलब साफ है कि देश का करीब 90 प्रतिशत हवाई यातायात केवल दो कंपनियों के हाथों में है। ऐसी स्थिति में अगर एक बड़ी एयरलाइन डगमगाती है, तो पूरा तंत्र हिल जाता है– ठीक वैसे ही जैसा हमने हाल में देखा।

> भारत की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन इंडिगो के हालिया संकट ने देश के सामने एक गंभीर और असहज प्रश्न खड़ा कर दिया है। क्या आज एक बड़ी एयरलाइन सरकार और नियामक से भी बड़ी हो चुकी है?

यह संकट नए पायलट ड्यूटी समय और विश्राम नियमों के लागू होने के बाद सामने आया। सुरक्षा की दृष्टि से बनाए गए इन नियमों में पायलटों को अधिक विश्राम, रात की सीमित लैंडिंग और तय ड्यूटी घंटे जैसी शर्तें रखी गई थीं, ताकि थकान के कारण होने वाले हादसों को रोका जा सके, लेकिन इंडिगो जैसी विशाल कंपनी ने समय रहते अपने पायलट स्टाफ और क्रू-प्लानिंग को इन नियमों के अनुरूप तैयार नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि नियम लागू होते ही कंपनी को बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। यहीं से दूसरा बड़ा सवाल खड़ा होता है। संकट गहराने पर सरकार ने रात की कुछ ड्यूटी सीमाओं में अस्थायी ढील दे दी, ताकि इंडिगो अपनी उड़ानों को फिर से पटरी पर ला सके, लेकिन यह सुविधा केवल एक बड़ी कंपनी के लिए क्यों? क्या नियम सिर्फ छोटे खिलाड़ियों पर लागू होते हैं और बड़े खिलाड़ियों के लिए लचीले बन जाते हैं? यह स्थिति न सिर्फ नियामक की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि यदि आप बहुत बड़े हैं, तो व्यवस्था भी आपके अनुसार ढल सकती है।

यात्रियों के लिए यह संकट किसी आपदा से कम नहीं रहा। एक ही दिन में हजार से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कई दिनों तक 300–400 उड़ानें प्रतिदिन या तो रद्द होती रहीं या घंटों की देरी से चलीं। हजारों लोग अपने इंटरव्यू, परीक्षाएं, मेडिकल अपॉइंटमेंट और जरूरी पारिवारिक कार्यक्रमों से चूक गए। किरायों का हाल और भी चौंकाने वाला रहा। जहां सामान्य दिनों में 5–6 हजार रुपये में मिलने वाली टिकटें 20–28 हजार रुपये तक पहुंच गईं। साफ था कि कम क्षमता और अधिक मांग का फायदा उठाकर किराये आसमान पर पहुंचा दिए गए। सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा, लेकिन तब तक यात्रियों की जेब से लाखों रुपये अतिरिक्त निकल चुके थे।

इस पूरे घटनाक्रम का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। भारतीय विमानन उद्योग देश की जीडीपी में करीब 1.5 प्रतिशत का योगदान देता है और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 77 लाख लोगों को रोज़गार देता है। जब हवाई यातायात लड़खड़ाता है, तो उसका असर केवल एयरलाइंस तक सीमित नहीं रहता– होटल, टैक्सी, पर्यटन, कॉर्पोरेट यात्रा, कार्गो सेवाएं, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबार सभी प्रभावित होते हैं। सिर्फ कुछ दिनों की अव्यवस्था से ही उद्योग को हजारों करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान हुआ माना जा रहा है। इसका बोझ अंततः आम नागरिक और करदाताओं पर ही आता है।

निवेशकों और शेयरधारकों के लिए भी यह झटका कम गंभीर नहीं था। संकट के दौरान इंडिगो की मूल कंपनी के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। कुछ ही दिनों में निवेशकों की हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति बाजार से मिट गई, जिन्हें अब तक लगता था कि विशाल बाजार हिस्सेदारी यानी सुरक्षा, उन्हें यह समझ में आ गया कि अत्यधिक एकाग्रता अपने साथ बड़ा जोखिम भी लाती है। यह संकट सिर्फ विमानन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक चेतावनी है कि अगर किसी भी आवश्यक सेवा– चाहे वह टेलीकॉम हो, यूपीआई पेमेंट सिस्टम हो, बिजली वितरण हो या बंदरगाह सेवाएं– पर कुछ गिनी-चुनी कंपनियों का अत्यधिक नियंत्रण हो जाए, तो एक छोटी सी चूक भी पूरे देश को ठप कर सकती है। यह 'कॉरपोरेट ऑटोक्रीसी' का खतरनाक रूप है, जहां निर्णय कुछ बोर्डरूम में होते हैं, लेकिन उसका असर करोड़ों लोगों की जिंदगी पर पड़ता है।


अंततः लोकतंत्र का मूल सिद्धांत यह है कि न तो कोई व्यक्ति और न ही कोई कंपनी कानून से ऊपर हो सकती है। इंडिगो संकट ने यह साफ दिखा दिया कि अगर मोनोपॉली और कमजोर नियमन को समय रहते नहीं रोका गया, तो एक निजी कंपनी दो दिनों में पूरे देश के हवाई यातायात को ठप कर सकती है, यात्रियों, करदाताओं और निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है और सरकार को रक्षात्मक मुद्रा में ला सकती है।

## सोशल फोरम

# रेगिस्तान का फूल वारिस



यह कहानी एक ऐसी लड़की की है, जिसे पांच साल की उम्र में पकड़कर ज़मीन पर लिटा दिया गया था। न कोई दवाई, न बेहोशी, न साफ़-सफ़ाई— सिर्फ़ एक कुंद, खून से सना उस्तरा और एक चीख, जिसने सोमालिया के रेगिस्तान की हवा को चीर दिया। उसका नाम था वारिस डीरी, जिसका मतलब होता है रेगिस्तान का फूल। एक घुमंतू परिवार में पैदा हुई बच्ची।



कलम रंगदार
ब्लॉगर

फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन (FGM) यानी महिला जननांग अंगभंग। सबसे भयानक रूप, टाइप 3। सब कुछ काट दिया गया। सब कुछ सिल दिया गया। सिर्फ एक माचिस की तीली जितना छोटा छेद उससे सांस चलती रहे, शायद। उसकी बहन मर गई थी। उसकी कई चचेरी बहनें भी। वारिस बच गई, लेकिन दर्द उसके हर दिन, हर कदम के साथ रहा। तेरह साल की उम्र में उसके पिता ने उसे बेचने की कोशिश की- एक 60 साल के बूढ़े आदमी को, पांच ऊंटों के बदले।

तो वो भाग गई। नंगे पांव। अकेली। रेगिस्तान को पार करती हुई— न नक्शा, न खाना, न सुरक्षा। सिर्फ एक जज़्बाः ज़िंदगी चुनना, परंपरा नहीं। वो किसी तरह मोगादिशू पहुंची। फिर लंदन— एक नौकरानी बनकर। न भाषा आती थी, न स्कूल की पढ़ाई, न पैसे। सिर्फ जीने की जद्दोजहद और फिर एक दिन एक फोटोग्राफर ने उसे देख लिया। मैकडॉनल्ड्स में फर्श साफ़ करने से लेकर पेरिस और न्यूयॉर्क की रनवे तक। Chanel. L'Oral. Vogue. James Bond हर जगह उसका नाम चमकने लगा। शोहरत के सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंचकर, वारिस ने वह किया जो शायद ही कोई मशहूर इंसान करने की हिम्मत करता। उसने सच बोल दिया।


उसने दुनिया को बताया कि उसके साथ क्या हुआ था और यह भी कि लाखों लड़कियों के साथ वही आज भी हो रहा है। उसकी आवाज़ ने दुनिया की चुप्पी तोड़ दी। यूएन ने उसे FGM खत्म करने के लिए स्पेशल एम्बेसडर बनाया। उसने Desert Flower लिखी- 1.1 करोड़ कॉपियां बिकीं। उसने Desert Flower Foundation शुरू किया। उसने यूरोप में सर्वाइवर क्लिनिक बनाए। उसने लाखों लड़कियों को बचाया। वह रेगिस्तान में पैदा हुई थी, लेकिन उसने सूखने से इनकार कर दिया। वह खिली और उसने यह सुनिश्चित किया कि लाखों और लड़कियां भी खिल सकें।

## सामयिकी

# मिट्टी में जहर से स्वास्थ्य पर मंडराता संकट

मृदा प्रदूषण तब होता है जब मनुष्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हानिकारक रसायन, भारी धातुएं या प्रदूषक पदार्थ मिट्टी में मिला देते हैं, जिससे न केवल मिट्टी की उर्वरता नष्ट होती है, बल्कि पूरा पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है।

भारत में मृदा प्रदूषण अब एक गंभीर राष्ट्रीय संकट बन चुका है। मिट्टी की बिगड़ती सेहत चुपचाप कृषि उत्पादन को खोखला कर रही है। जलवायु परिवर्तन इस समस्या को और भयावह बना रहा है। भारत आज अनाज में आत्मनिर्भर है, लेकिन अगर मिट्टी की गुणवत्ता इसी तरह घटती रही, तो आने वाले दशकों में हमें फिर से अनाज आयात करना पड़ सकता है। यदि अभी मिट्टी की सेहत सुधारने के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो खाद्य सुरक्षा पर संकट के साथ-साथ लाखों किसानों की आजीविका भी दांव पर लग जाएगी।



अंबिका कुशवाहा
लेखिका

मिट्टी की खराब गुणवत्ता का असर सिर्फ फसल पर नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा और सबसे बड़ी बात कि मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। आज देश की अधिकांश कृषि योग्य भूमि किसी-न-किसी रूप में मृदा प्रदूषण की चपेट में है और यह जहर अब हमारी थाली तक पहुंच चुका है। चावल में आर्सेनिक, गेहूं में कैडमियम, सब्जियों में सीसा (लेड) और कीटनाशकों के अवशेष लगातार बढ़ रहे हैं। इन्हें खाकर लोग बीमार हो रहे हैं, बच्चे कुपोषित पैदा हो रहे हैं और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

मृदा प्रदूषण केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर सीधा हमला है। अगर यही स्थिति रही तो एक दिन हमारी खेती की जमीन इतनी जहरीली हो जाएगी कि उसमें कुछ भी उगाना असंभव हो जाएगा। पंजाब का मालवा क्षेत्र (बठिंडा, फरीदकोट, संगरूर, मुक्तसर आदि) इसका जीता-जागता उदाहरण है। इसे 'भारत की कैंसर बेल्ट' कहा जाता है। यहां कैंसर के मामले राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक हैं। हर दूसरे-तीसरे घर में कोई न कोई कैंसर से जूझ रहा है। इसका मुख्य कारण जहरीली मिट्टी में उगा अनाज और सब्जियां हैं, जो रोज लोगों की थाली में परोसे जा रहे हैं।

सरकार जैविक खाद को बढ़ावा दे रही है, लेकिन आज भी लाखों किसान अधिक पैदावार के लालच में यूरिया और खतरनाक कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे हैं। लंबे समय तक इनका इस्तेमाल मिट्टी को बंजर बना रहा है। फैक्ट्रियां रात के अंधेरे में जहरीला पानी नदियों-नालों में छोड़ रही हैं, जो सीधे खेतों में पहुंच जाता है। शहरों में प्लास्टिक कचरा जलाने से निकलने वाला डाइऑक्सिन हवा के रास्ते मिट्टी में समा रहा है। सरकार ने 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' शुरू की है, जिसका उद्देश्य हर खेत की मिट्टी की जांच कर किसानों को उसकी सही स्थिति और सुधार के उपाय बताना है, लेकिन दुखद अधिकांश किसान इस योजना से अनजान हैं।

मृदा प्रदूषण रोकने के लिए अब कड़े और त्वरित कदम उठाने होंगे। रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद और जैविक खेती को बड़े पैमाने पर अपनाना होगा। पेड़-पौधे लगाकर मिट्टी का कटाव रोका जाए साथ ही हर किसान अपनी मिट्टी का नियमित परीक्षण करवाए और उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करे। कचरे के सही निपटान और प्लास्टिक जलाने पर सख्ती हो। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण के उपाय अपनाए जाएं। घरेलू जैविक कचरे से कंपोस्ट बनाकर खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाए। हर नागरिक को मिट्टी बचाने के लिए प्रेरित किया जाए। अगर हम आज मिट्टी नहीं बचाएंगे, तो कल हमारी थाली में सिर्फ जहर ही होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# लंदन में 30 साल बाद फिर दिखा DDLJ का जादू



साल 1995 में रिलीज हुई शाहरुख खान और काजोल की 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' आज भी बॉलीवुड की सबसे प्यारी और यादगार फिल्मों में गिनी जाती है। भारत ही नहीं, दुनियाभर के दर्शकों ने इस फिल्म को दिल से अपनाया। इसी जुड़ाव को सम्मान देते हुए फिल्म के 30 साल पूरे होने पर एक बेहद खास पल रचा गया। 4 दिसंबर को लंदन के लेस्टर स्क्वायर में राज और सिमरन की ब्रॉन्ज प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसे देखकर फैन्स पुरानी यादों में खो गए। यह मूर्ति Heart of London Business Alliance की "Scenes in the Square" पब्लिक आर्ट ट्रेल का हिस्सा है और खास बात यह है कि इस प्रतिष्ठित परियोजना में जगह पाने वाली DDLJ पहली भारतीय फिल्म बन गई है। प्रतिमा में शाहरुख और काजोल को फिल्म के एक लोकप्रिय पोज में दिखाया गया है, जो उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का प्रतीक बन चुका है। इस मौके ने न केवल बॉलीवुड की आइकॉनिक लव स्टोरी को फिर से जीवंत कर दिया, बल्कि भारतीय सिनेमाई संस्कृति को वैश्विक मंच पर एक बार फिर चमकाया। यह मूर्ति आने वाली पीढ़ियों को भी याद दिलाती रहेगी कि DDLJ सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भावनाओं, प्यार और यादों का एक अनमोल सफर है।





## बड़े-बड़े देशों में ऐसी छोटी-छोटी बातें होती रहती हैं

मूर्ति के अनावरण के साथ ही लंदन के लेस्टर स्क्वायर में एक यादगार पल बन गया, जब शाहरुख खान और काजोल ने अपने किरदार राज और सिमरन के आइकॉनिक पोज को फिर से दोहराया। काजोल हल्के नीले रंग की साड़ी में बिल्कुल फिल्म वाली सादगी और मोहकता लिए नजर आईं, जबकि शाहरुख एक स्टाइलिश ओवरकोट में राज के क्लासिक लुक को फिर से जीवंत कर रहे थे। दोनों को इस रूप में देख फैन्स एक बार फिर DDLJ के सुनहरे दौर में पहुंच गए। शाहरुख ने इस खास अवसर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अपने सदाबहार डायलॉग का जिक्र किया- "बड़े-बड़े देशों में ऐसी छोटी-छोटी बातें होती रहती हैं, सेनोरिटा।" उन्होंने लिखा कि DDLJ के 30 साल पूरे होने पर राज और सिमरन की मूर्ति का अनावरण करना उनके लिए सम्मान की बात है। यह भी खास है कि दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे पहली भारतीय फिल्म बन गई है, जिसे Heart of London Business Alliance की "Scenes in the Square" ट्रेल में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि न सिर्फ फिल्म की लोकप्रियता को दर्शाती है, बल्कि भारतीय सिनेमा की वैश्विक पहचान का भी प्रमाण है। तीन दशक बाद भी DDLJ का जादू उसी तरह बरकरार है और यह ब्रॉन्ज मूर्ति उस अमर प्रेम कहानी को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का खूबसूरत माध्यम बन गई है।

## लंबे समय तक चलने वाली फिल्म

यह ब्रॉन्ज स्टैच्यू लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में स्टैच्यू से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है और हैरी पॉटर, मैरी पॉपिंस, पैडिंगटन और सिंगिन इन द रेन जैसी ऐतिहासिक फिल्मों के मशहूर किरदारों के साथ-साथ बैटमैन और वंडर वुमन जैसे हीरो के साथ जुड़ गई है। इस फिल्म का डायरेक्शन आदित्य चोपड़ा ने किया था और ये हिंदी सिनेमा की थिएटर्स में सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्म है। अभी भी मुंबई के मराठा मंदिर सिनेमाघर में ये फिल्म चलती है। शाहरुख ने इस पिक्चर में राज और काजोल ने सिमरन का किरदार निभाया था। दोनों की जोड़ी और प्रेम कहानी फैंस को काफी पसंद आई थी।




## फिल्म की कमाई

DDLJ के लिए शाहरुख खान और काजोल को भारत के बाहर दूसरे देशों में भी जाना जाता है। इसमें इन दोनों के अलावा अमरीश पुरी, अनुपम खेर, फरीदा जलाल, मंदिरा बेदी और करण जौहर भी नजर आए थे। न सिर्फ लोगों के दिलों में बल्कि इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी राज किया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। सैकनिल्क के अनुसार इस पिक्चर का बजट सिर्फ 4 करोड़ रुपये था और वर्ल्डवाइड फिल्म ने 102.50 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था।

### ओटीटी प्लेटफार्म

## बीस्ट इन मी



"बीस्ट इन मी" एक अमेरिकन अपराध फिल्म है, जिसमें मानव मनोविज्ञान के बहुत क्लिष्ट पहलुओं को छुआ गया है। क्या वो आदमी अपराधी है, जो यह जानता या मानता ही नहीं कि उसका किया गया कर्म अपराध है? कोई कर्म समाज या किसी नियम के अंतर्गत ही तो अपराध होता है। यदि किसी को लगे ही नहीं कि उसके द्वारा किया गया कर्म अपराध होगा, तो उसका कितना दोष होगा? यदि कोई प्रेम वश आपको दुख मुक्त करने लिए कुछ करे, तो क्या उस अपराध में आप दोषमुक्त रह जाएंगे?

एक लेखिका अपने पड़ोस में रहने आए एक व्यक्ति, जिसको सारा शहर उसकी पत्नी का हत्यारा मानता है, परंतु पत्नी की लाश न मिलने के कारण उसे कानूनन हत्यारा नहीं माना जा सका है, के बारे में एक पुस्तक लिखने का कॉन्ट्रैक्ट लेती है, जो उस आदमी से लिए गए इंटरव्यूज पर आधारित होगी। वह व्यक्ति सोचता है कि वह अपनी बातों और व्यक्तित्व से लेखिका को प्रभावित करके स्वयं को निर्दोष सिद्ध करवा लेगा। लेखिका सोचती है इस प्रकार सभी संबंधित लोगों और पुलिस/एफबीआई से बात करके उसे वास्तविकता का पता चल ही जाएगा। कहानी के और भी कई पात्र हैं, जैसे उस व्यक्ति का भाई, पिता, दूसरी जीवित पत्नी, लेखिका की महिला पत्नी, FBI के एजेंट्स इत्यादि और सबकी अपनी-अपनी कहानियां हैं, जो उस व्यक्ति की कहानी से कहीं न कहीं जुड़ती हैं। वह व्यक्ति कातिल है या नहीं और कहानी किस तरह चलती है, इसके लिए आपको आठ एपिसोड्स देखने पड़ेंगे। अंत में लेखिका का प्रतिवेदन, जिसकी एकाध लाइन मैंने ऊपर उद्धृत की है, मनोविज्ञान का पाठ है।

पात्रों में मुख्य पात्र यानी संभावित कातिल व्यक्ति के चरित्र को बहुत अच्छी तरह जिया है मैथ्यू रिस ने,लेखिका के रोल में क्लेयर डेंस ने अच्छा अभिनय किया है, परंतु उसके हाव-भाव भारतीयों से मेल नहीं खाते इसलिए कई बार समझ में नहीं आते।

कहानी लेटस्टार्ट होती है, पर फिर गति पकड़ लेती है, संगीत बहुत सहायक है, हिंदी डबिंग अच्छी हुई है। कुछ भी हो पर साधारण परिस्थितियों का मनोवैज्ञानिक पक्ष दुरूह हो सकता है, यह बात "बीस्ट इन मी" बड़ी स्टाइल से कहती है।

**समीक्षकः**
**ब्रज राज नारायण सक्सेना**

### जिंदगी का सफर

## 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी



फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी, जिन्हें अक्सर 'ड्रीम गर्ल' के खूबसूरत नाम से भी जाना जाता है, भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक बहुमुखी और स्थायी हस्ती हैं। वह सिर्फ एक अभिनेत्री नहीं, बल्कि एक निपुण भरतनाट्यम नृत्यांगना, फिल्म निर्माता, निर्देशक और एक सक्रिय राजनीतिज्ञ भी हैं। उनका जीवन कला, सुंदरता, दृढ़ संकल्प और सार्वजनिक सेवा का एक उत्कृष्ट मिश्रण है। हेमा मालिनी का जन्म 16 अक्टूबर 1948 को तमिलनाडु के अम्मानकुडी में हुआ था। उनकी मां, जया चक्रवर्ती फिल्म निर्माता थीं और पिता वीएसआर चक्रवर्ती थे।



माता-पिता के मार्गदर्शन ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेमा ने बहुत कम उम्र से ही शास्त्रीय नृत्य, विशेषकर भरतनाट्यम, सीखना शुरू कर दिया था और जल्द ही एक कुशल नृत्यांगना बन गईं।

एक तमिल फिल्म में अस्वीकार किए जाने के शुरुआती असफलताओं के बावजूद, हेमा ने हार नहीं मानी। उन्होंने 1968 में राज कपूर के साथ हिंदी फिल्म 'सपनों का सौदागर' से मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपनी शुरुआत की। उनकी सफलता 'जॉनी मेरा नाम' (1970) जैसी फिल्मों से शुरू हुई और 1970 का दशक, उनके स्टारडम का गवाह बना। उन्होंने 'सीता और गीता' (1972) जैसी फिल्मों में दोहरी भूमिकाओं के साथ साबित किया कि उनकी अभिनय की रेंज कितनी ज्यादा है। इसके लिए उन्होंने अपना पहला फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

रमेश सिप्पी की क्लासिक कल्ट 'शोले' (1975) में 'बसंती' के रूप में उनका किरदार आज भी भारतीय सिनेमा के यादगार किरदारों में से एक माना जाता है। उन्होंने धर्मेंद्र, राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन सहित उस समय के सभी प्रमुख अभिनेताओं के साथ काम किया। फिल्मों में अपने सह-कलाकार धर्मेंद्र के साथ उनका रिश्ता परवान चढ़ा। कई चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने 1980 में शादी की। उनकी दो बेटियां, ईशा देओल और आहना देओल हैं। हेमा फिल्म निर्माता भी बनीं। उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म 'दिल आशना है' (1992) का निर्देशन किया। 2000 के दशक में हेमा मालिनी ने सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया।

भारतीय सिनेमा में उनके अपार योगदान के लिए उन्हें 2000 में भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित 'पद्म श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सुंदरता, प्रतिभा और गरिमा के साथ, हेमा मालिनी भारतीय मनोरंजन जगत में एक सच्ची और स्थायी किंवदंती बनी हुई हैं।

## मॉडल आफ द वीक



नामः पद्मिनी शर्मा
टाउनः कानपुर
एजुकेशनः 12वीं की छात्रा
अचीवमेंटः मिस टैलेंटेड मिस कानपुर 2025
ड्रीमः नेशनल मॉडलिंग स्टेज पर UP का प्रतिनिधित्व करना

अमृत विचार
मुरादाबाद, सोमवार, 8 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com

## बीओएम ने खुदरा ऋण दरों में की कटौती

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रविवार को रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) से जुड़े ऋणों में 0.25% की कटौती की घोषणा की है। रिजर्व बैंक के रेपो दर में 0.25% की कटौती के बाद यह फैसला लिया गया। बीओएम ने कहा कि संशोधन के साथ बैंक का आवास ऋण 7.10% ब्याज दर से और कार ऋण 7.45 प्रतिशत से शुरू होगा, जो बैंकिंग उद्योग में सबसे कम है।

## बिजनेस ब्रीफ

### नाल्को जल्द शुरू करेगा पोटांगी बॉक्साइट खदान

नई दिल्ली। नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) अगले साल जून तक ओडिशा में अपनी पोटांगी बॉक्साइट खदान शुरू करने की योजना बना रही है। इससे कंपनी को खनन क्षमता बढ़ाने और एकीकृत एल्यूमिनियम कारोबार के विस्तार का लक्ष्य पूरा करने में मदद मिलेगी। पोटांगी बॉक्साइट खदान के विकास और संचालन के लिए दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड एल-1 बोलीदाता चुनी गई है। नाल्को के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अगले साल जून तक खदान शुरू हो जाएगी।

### वित्तपोषण रोकने को कोई परामर्श नहीं हुआ जारी : एमएनआरई

नई दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने रविवार को साफ किया कि उसने वित्तीय संस्थानों को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं या नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण इकाइयों को ऋण देना रोकने के लिए कोई परामर्श जारी नहीं किया है। मंत्रालय ने रविवार को यह कहा। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बीच आया, जिनमें कहा जा रहा था कि एमएनआरई ने अत्यधिक क्षमता की चिंताओं के मद्देनजर ऋणदाताओं को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए नई वित्त सहायता रोकने की सलाह जारी की है।

### सीएट की वैश्विक बाजार पर नजर, बना रहा विशेष टायर

नई दिल्ली। टायर बनाने वाली कंपनी सीएट विभिन्न वैश्विक बाजारों के लिए खास तौर से टायर बना रही है, ताकि यूरोप और अमेरिका जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाया और खुद को वैश्विक ब्रांड बनाया जा सके। आरपीजी समूह के वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका ने यह बात कही। आरपीजी समूह की इस कंपनी की कुल आय में निर्यात की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी है और आने वाले कुछ सालों में ये हिस्सा बढ़ने की उम्मीद है। गोयनका ने कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय वृद्धि पर बहुत ध्यान दे रहे हैं- अमेरिका में वृद्धि, यूरोप में वृद्धि। हमारा लक्ष्य वैश्विक ब्रांड बनना है।

# फेड-एफआईआई डालेंगे बाजार पर असर

## भारत के सीपीआई आंकड़ों पर और रुपये की चाल पर बारीकी से नजर रखेंगे निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दर संबंधी फैसला इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के रूझान तय करने वाला प्रमुख कारक होगा। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक गतिविधियां और विदेशी निवेशकों का रुख भी बाजार की भावना को प्रभावित करेगा। पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में सुस्ती रही, जहां प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिना किसी खास बदलाव के बंद हुए।



रिलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार 12 दिसंबर को आने वाले भारत के सीपीआई आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर ध्यान रहेगा, जो उभरते बाजारों की जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकता है। निवेशक रुपये की चाल पर भी नजर रखेंगे, जो पिछले सप्ताह डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर से नीचे चली गई थी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ शोध विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अब पूरी तरह 9-10 दिसंबर 2025 को होने वाली अमेरिकन फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक पर है।

उन्होंने कहा कि एफओएमसी के फैसले के साथ ही प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। नौ दिसंबर को जारी होने वाले अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों से अमेरिकी श्रम बाजार के बारे में पता चलेगा। पि

### पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने 11,820 करोड़ निकाले

नई दिल्ली। पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 11,820 करोड़ रुपये निकाले। इसका मुख्य कारण रुपये का तेज अवमूल्यन है। नवंबर में 3,765 करोड़ की निकासी के बाद ये तेज बिकवाली हुई है और इससे बाजार पर दबाव बढ़ा है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में 14,610 करोड़ की लिवाली की थी, जिससे तीन महीने की भारी बिकवाली का क्रम टूटा। सितंबर में 23,885 करोड़, अगस्त में 34,990 करोड़ और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले गए थे। एनएसडीएल के अनुसार इस महीने के पहले हफ्ते में एफपीआई ने इक्विटी से 11,820 करोड़ की शुद्ध निकासी की। इससे 2025 में कुल निकासी 1.55 लाख करोड़ हो गई। विश्लेषकों के अनुसार ताजा बिकवाली का मुख्य कारण मुद्रा संबंधी चिंताएं हैं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि इस साल रुपया 5% कमजोर हुआ है, जिससे एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। एफपीआई की निकासी के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 19,783 करोड़ की खरीदारी की।

### शीर्ष 10 में पांच कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 72,285 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में पांच का कुल बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 72,284.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ। इस दौरान भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन बढ़ा, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो और एलआईसी में गिरावट हुई।

# आवास ऋण नौ लाख करोड़ के पार, ऋण वृद्धि 14% रहने की उम्मीद : एसबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई में तेजी से कुल ऋण वृद्धि मजबूत

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है और उन्हें भरोसा है कि खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्र में जारी तेजी से चालू वित्त वर्ष में कुल ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहेगी। आरएएम खंड सितंबर में ही 25 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुका है।

आर्थिक वृद्धि में सुधार को देखते हुए एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए ऋण वृद्धि लक्ष्य को पहले के 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। शेट्टी ने कहा कि हमने ऋण वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया है। अब यह 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत है। हमें मजबूत ऋण वृद्धि दिख रही है, खासकर आरएएम खंड में। एमएसएमई क्षेत्र में 17-18 प्रतिशत और कृषि तथा खुदरा में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण ऋण में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है, जबकि असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण में दो अंकों की वृद्धि होगी। कुछ समय से सुस्त चल रहा कॉर्पोरेट ऋण खंड भी दूसरी तिमाही में पुनः गति पकड़ता दिखा और 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। शेट्टी ने कहा कि कॉर्पोरेट ऋण के लिए हमारा अनुमान निचले दो अंकों में है। इस तरह कुल मिलाकर 12-14 प्रतिशत ऋण वृद्धि हासिल करना पूरी तरह संभव है। रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में 25 आधार अंक की और कटौती से ऋण सस्ते होंगे और नई मांग को बल मिलेगा।

# शीतकालीन पुनर्भंडारण के कारण कोकिंग कोयले का आयात बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्टूबर में कोयला आयात में मिश्रित रुझान देखा गया, जिसमें सामान्य कोयले के आयात में गिरावट आई जबकि कोकिंग कोयले के आयात में वृद्धि हुई। कुल कोयला आयात में गिरावट का मुख्य कारण घरेलू बाजार में कोयले की अधिक उपलब्धता रही। वहीं, कोकिंग कोयले के आयात में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह अक्टूबर में 45 लाख टन से बढ़कर पांच लाख टन हो गया। यह बढ़ोतरी मुख्यतः इस्पात उद्योग द्वारा सर्दियों में भंडारण बढ़ाने की गतिविधियों के कारण हुई।

कोकिंग कोयला इस्पात उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में कुल कोयला आयात 3.9 प्रतिशत घटकर 2.09 करोड़ टन रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 2.18 करोड़ टन था। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, इस्पात निर्माता आमतौर पर सर्दियों से पहले कोकिंग कोयले की खरीद बढ़ाते हैं, ताकि सर्दियों में उत्पादन निर्बाध रूप से जारी रह सके, जब परिवहन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में संभावित बाधाएं रहती हैं। इसी मौसमी मांग के कारण, सामान्य कोयले के आयात में धीमापन के बावजूद कोकिंग कोयले के आयात में वृद्धि देखी गई। कुल कोयला आयात में गिरावट का मुख्य कारण घरेलू बाजार में कोयले की अधिक उपलब्धता रहा। कोकिंग कोयले के आयात में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह अक्टूबर में 45 करोड़ टन से बढ़कर 50.4 लाख टन हो गया। इस वृद्धि का मुख्य कारण इस्पात मिलों द्वारा सर्दियों में भंडारण करने की गतिविधियां रही।



- बाजार में अधिक उपलब्धता बनी कुल कोयला में गिरावट का मुख्य कारण

# सोने की चमक बरकरार, इस साल दिया 67 % रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में सोने की चमक बरकरार है और इस साल घरेलू बाजार में इसने अबतक लगभग 67 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये-डॉलर की दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो 2026 में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 16 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम और चढ़ सकती हैं। उनका यह भी कहना है कि चूंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं, इसलिए अनुशासित और सोच-विचार कर निवेश करना जरूरी है।

दिल्ली सर्राफा संघ के आंकड़ों अनुसार, इस साल एक जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी जो बीते शुक्रवार पांच दिसंबर को 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा कि चालू वर्ष में सोने ने असाधारण रूप से मजबूत रिटर्न दिए हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें इस साल अब तक 60 प्रतिशत (लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) तक चढ़ चुकी हैं। इसका मुख्य कारण सुरक्षित निवेश की मांग, भू-राजनीतिक तनाव और दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर घटाने की उम्मीद है। वहीं भारत में रिटर्न इससे भी ज्यादा है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत इस साल अब तक करीब 67 प्रतिशत चढ़ चुकी है। इसका अन्य कारण डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना और मजबूत वैश्विक संकेत है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, 2025 में सोने ने अधिकांश निवेश उत्पादों (इक्विटी शेयर और बॉण्ड) की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और साबित किया है कि अनिश्चितता और अस्थिर समय में यह सबसे भरोसेमंद साधन है। अगर इक्विटी शेयर पर रिटर्न देखा जाए तो निफ्टी 50 टीआरआई (कुल रिटर्न सूचकांक) और निफ्टी 500 टीआरआई ने तीन दिसंबर तक क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।



- रुपया कमजोर हुआ तो 2026 में सोने की कीमत पांच से 16% चढ़ सकती हैं

### रुपये की कमजोरी ने सोने की कीमतों में और इजाफा किया

सोने की कीमत में आई तेजी के कारणों पर कलंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता, डॉलर सूचकांक में कमजोर रुख, मुद्रास्फीति की चिंता और इसके खिलाफ सुरक्षा की आवश्यकता ने निवेशकों के लिए सोने में निवेश को आकर्षक विकल्प बनाया है। वैश्विक केंद्रीय बैंकों और संस्थागत निवेशकों द्वारा बड़े पैमाने पर खरीद के अलावा अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अनुकूल मौद्रिक नीति की संभावनाएं भी सोने की बढ़ती कीमतों का महत्वपूर्ण कारक रही हैं। साथ ही, डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने भारत में सोने की कीमतों में और इजाफा किया है। अगले साल के परिदृश्य के बारे में कलंत्री ने कहा कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये-डॉलर दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो भारत में सोने की कीमत 1.45 लाख से 1.55 लाख रुपये को पार कर सकती है।

## राष्ट्रीय

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने बरता संयम

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन की 125 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया

लेह, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बल और भी बहुत कुछ कर सकते थे लेकिन उन्होंने जानबूझकर संयमित और संतुलित प्रतिक्रिया का विकल्प चुना। सिंह ने कहा कि मई में हुए ऑपरेशन ने भारतीय सेना की क्षमता और अनुशासन को रेखांकित किया, जिन्होंने बिना तनाव बढ़ाये आतंकी खतरों को बेअसर कर दिया।

रक्षामंत्री सिंह ने देश के विभिन्न हिस्सों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पूरी की गई 125 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमने अपने सशस्त्र बलों, नागरिक प्रशासन और सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के बीच जो समन्वय देखा, वह अविश्वसनीय था। मैं लद्दाख और सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रत्येक नागरिक के प्रति हमारे सशस्त्र बलों को अपना समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।



लेह में परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य लोग

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि अगर हम चाहते तो और भी बहुत कुछ कर सकते थे, लेकिन हमारे बलों ने ना केवल वीरता, बल्कि संयम का भी परिचय दिया और केवल वही किया जो जरूरी था। इतना बड़ा ऑपरेशन मजबूत कनेक्टिविटी से ही संभव हो पाया। इसलिए, कनेक्टिविटी को केवल नेटवर्क, ऑप्टिकल फाइबर, ड्रोन और रडार तक सीमित नहीं, बल्कि सुरक्षा की रीढ़ माना जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर वह देश के किसी भी कोने में सशस्त्र बलों से मिल पाते हैं, तो यह मजबूत संचार नेटवर्क और कनेक्टिविटी की वजह से ही संभव है। उन्होंने कहा कि संचार को सिर्फ बुनियादी ढांचे के लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिए। यह एक बहुत व्यापक शब्द है। शांति, सद्भाव और समाज की समझ के लिए संचार जरूरी है।'' उन्होंने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास लद्दाख समेत सभी सीमावर्ती इलाकों के साथ संचार और कनेक्टिविटी को मज़बूत करना रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सीमावर्ती इलाकों के समग्र विकास के लिए पूरे उत्साह से काम कर रही है।

### बेहतर कनेक्टिविटी सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के साथ आर्थिक विकास को भी दे रही गति

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार, हमारे सशस्त्र बल और बीआरओ जैसे संगठन आपके साथ खड़े हैं। हमें बस इस संबंध को मजबूत करते रहना है ताकि हमारे संबंध किसी बाहरी तत्व से प्रभावित ना हो। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी ना सिर्फ सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि आर्थिक विकास को भी गति दे रही है। वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि मजबूत संचार और कनेक्टिविटी नेटवर्क एक प्रमुख कारक रहे हैं, जिसे सरकार की विकास-समर्थक नीतियों और राष्ट्रव्यापी सुधारों का समर्थन प्राप्त है।

### 5,000 करोड़ से हुआ परियोजनाओं का निर्माण

रक्षामंत्री ने भारत के सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इन परियोजनाओं का निर्माण 5,000 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और ये परियोजनाएं लद्दाख और जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेशों तथा अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम सहित सात राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और चार अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।

# विशाल गीता पाठ में लाखों लोग शामिल

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से साधुओं एवं साध्वियों सहित लाखों श्रद्धालुओं ने कोलकाता के ''ब्रिगेड परेड ग्राउंड'' में आयोजित भागवत गीता पाठ समारोह में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि भगवा वस्त्र पहने भिक्षुओं ने कार्यक्रम स्थल पर गीता की प्रतियों से एक स्वर में श्लोक पढ़ा। इस कार्यक्रम में भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व प्रमुख सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्र पॉल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। स्वामी प्रदीप्तानंद तथा धीरेंद्र शास्त्री सहित प्रमुख हस्तियां भी समारोह में शामिल हुई।

''पंच लाखो कोंठे गीता पाठ'' (एक साथ पांच लाख गीता पाठ) नामक इस कार्यक्रम का आयोजन सनातन संस्कृति संसद द्वारा किया गया जो विभिन्न मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों के भिक्षुओं और आध्यात्मिक नेताओं का समूह है। बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं सहित उत्साही भीड़ ने शंखनाद और जयघोष के बीच भगवान कृष्ण का नाम जपते हुए जयकारे लगाए। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सभा को संबोधित करते हुए भागवत गीता का पाठ किया तथा शांति और अहिंसा की बात की। प्रदीप्तानंद ने कहा कि लाखों लोगों का एकत्रित होना स्वतःस्फूर्त था और इसमें किसी राजनीतिक दल की कोई भूमिका नहीं थी।



कोलकाता में आयोजित गीता पाठ में शामिल साधु-संत।

### कबीर करेंगे एक लाख लोगों संग कुरान ख्वानी

टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को कहा कि वह फरवरी में एक लाख लोगों के साथ 'कुरान ख्वानी' (कुरान पढ़ना) का आयोजन करेंगे। मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद की नींव रखने वाले कबीर ने कहा कि वह सभी प्रतिभागियों को मांस और चावल का भोज देंगे। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में कहा कि मैं फरवरी में एक लाख लोगों के साथ 'कुरान ख्वानी' करूंगा। इसके बाद मस्जिद का निर्माण होगा।

# लोकसभा में चर्चा के दौरान नेहरू की असलियत आएगी सामने : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा- कांग्रेस ने पटेल, आंबेडकर, बोस की विरासत को समाप्त करने की कोशिश की

भाजपा ने रविवार को कहा कि राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की वर्षगांठ पर लोकसभा में होने वाली चर्चा के दौरान जवाहरलाल नेहरू की ''असलियत'' सामने आ जाएगी। पार्टी ने सोनिया गांधी के इस आरोप को लेकर उन पर निशाना साधा कि सत्तारूढ़ गठबंधन का मुख्य उद्देश्य नेहरू को बदनाम करना है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सिर्फ नेहरू की विरासत को जीवित रखने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. भीम राव आंबेडकर और सुभाष चंद्र बोस जैसे नेताओं की विरासत को समाप्त करने का प्रयास किया। उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष से नेहरू-गांधी परिवार को बढ़ावा देना बंद करने को कहा। पुरी से भाजपा सांसद ने दिल्ली में कहा कि जहां तक नेहरू की विरासत को खत्म करने का सवाल है, तो 'नेशनल हेराल्ड' मामले में जमानत पर बाहर आए तथाकथित वर्तमान गांधी परिवार के अलावा उनकी विरासत को सबसे बेहतर तरीके से कौन खत्म कर सकता है। उनका इशारा सोनिया और उनके बेटे राहुल गांधी की ओर था। गांधी परिवार का नाम लिए बिना पात्रा ने कहा कि हाल में उनके खिलाफ 'नेशनल हेराल्ड' पर कथित रूप से कब्जा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। 'नेशनल हेराल्ड' की शुरुआत नेहरू ने की थी।

पात्रा ने कहा कि अगर वे नेहरू की विरासत को कलंकित नहीं कर रहे हैं, तो फिर ऐसा करने की कोशिश कौन कर रहा है? जब कल संसद में 'वंदे मातरम' पर चर्चा होगी, तो मुझे लगता है कि नेहरू जी की असलियत सभी के सामने आ जाएगी, वह फिर से बेनकाब हो जाएंगे।

# वांगचुक की पत्नी की याचिका पर आज होगी शीर्ष सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनके पति को हिरासत में लिए जाने को अवैध और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाली मनमानी कार्रवाई बताया गया है। इस मामले की सुनवाई संभवतः न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ करेगी।

पीठ ने 24 नवंबर को मामले की सुनवाई उस वक्त टाल दी थी जब केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वांगचुक की पत्नी के जवाब पर अपना पक्ष रखने (रिज्वाइंडर) के लिए मोहलत मांगी। शीर्ष अदालत ने 29 अक्टूबर को वांगचुक की पत्नी की संशोधित अर्जी पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था। संशोधित अर्जी के मुताबिक, हिरासत का आदेश पुरानी प्राथमिकी, अस्पष्ट आरोपों और अनुमानों पर आधारित है, इसका हिरासत के कथित आधारों से कोई सीधा या करीबी संबंध नहीं है और इसलिए इसका कोई कानूनी या तथ्यात्मक औचित्य नहीं है...।

# जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को नकारा : शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने किया कई परियोजनाओं का शिलान्यास

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के हर कोने में जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को खारिज कर दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में जनता के समर्थन से बड़ी जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा की कि 2029 विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों और 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद, अहमदाबाद 2036 ओलंपिक की भी मेजबानी करेगा।

1,500 करोड़ में बने तीन खेल परिसर सहित कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अहमदाबाद नगर निगम के कार्यक्रम में शाह ने कहा कि भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों ने बिहार में हाल के विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत हासिल करके अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा तथा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी बड़ी जीत दर्ज करेंगे, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। शाह ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव से लेकर 2025 तक...यह भाजपा के लिए लगातार जीत का समय रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारे नेता नरेन्द्र भाई लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और कई दशकों के बाद एक रिकॉर्ड बनाया।



अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों से मिलते केंद्रीय मंत्री अमित शाह।

### 2030 में राष्ट्रमंडल और 36 में ओलंपिक की करेंगे मेजबानी

अहमदाबाद के लोगों से शाह ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार रहने की अपील की। शाह ने कहा कि खेल सुविधाओं, कोचिंग व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, शहर के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और आवास सुविधाओं को देखते हुए, 2030 राष्ट्रमंडल खेल अहमदाबाद में होंगे।" उन्होंने कहा, "यह भी तय हो गया है कि 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल शहर में आयोजित किए जाएंगे। अहमदाबाद में 13 अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन होने हैं। और तैयार हो जाइए, क्योंकि 2036 ओलंपिक भी अहमदाबाद में ही आयोजित होंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### हवाई के किलाउआ ज्वालामुखी से निकले लावा के तीन फव्वारे

**होनोलुलु।** अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने रविवार को कहा कि हवाई के किलाउआ ज्वालामुखी में 38वें विस्फोट के दौरान लावे के तीन फव्वारे फूटे हैं जिनमें से एक फव्वारा 1,200 फीट की ऊंचाई तक जा रहा है। मौजूदा विस्फोट के दौरान पहली बार लगभग बराबर आकार के तीन फव्वारे फूट निकले हैं। यूएसजीएस ने कहा, वर्तमान में तीनों छिद्रों से फव्वारे निकल रहे हैं। दक्षिणी फव्वारा लगभग 1200 फीट ऊंचा है जबकि दो फव्वारे 500 फीट के आस पास हैं। इन फव्वारों में से दो उत्तरी छिद्र से और एक दक्षिणी छिद्र से है। यह तिहरा फव्वारा एक अत्यंत दुर्लभ घटना है और इस विस्फोट के दौरान ऐसा पहली बार देखा गया है। किलाउआ विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। यह हवाई द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है।

### अमेरिका का नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान ढोंग: क्यूबा

**हवाना।** क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने कहा कि होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को दी गई माफी यह दर्शाती है कि अमेरिकी सरकार की ओर से घोषित नशीले पदार्थों के विरुद्ध युद्ध एक ढोंग है। नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य आरोपों में संयुक्त राज्य अमेरिका में 45 साल जेल की सजा पाने वाले हर्नांडेज को ट्रंप प्रशासन से आधिकारिक माफ़ी मिलने के बाद सोमवार को रिहा कर दिया गया था। रोड्रिगेज ने शनिवार को कहा कि अमेरिका का तथाकथित ड्रग-विरोधी अभियान वेनेजुएला की वैध सरकार को उखाड़ फेंकने का एक बहाना है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह माफी अमेरिकी सरकार और उसकी एजेंसियों की नशीले पदार्थों के एक विशाल बाजार के साथ मिलीभगत को उजागर करती है, जो उनके ही अपने ही देश में लाखों लोगों की जान ले रहा है।

### अमेरिका से 32 एफ-35 लाइटनिंग-2 खरीदेगा रोमानिया

**चिसिनाउ।** रोमानिया अमेरिका से 6.5 अरब डॉलर में 32 एफ-35 लाइटनिंग-2 विमान खरीदने जा रहा है। रोमानियाई रक्षा मंत्रालय की डिफेंस रोमानिया न्यूज वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में कहा कि यह देश के इतिहास का सबसे महंगा समझौता होगा। एफ-35 खरीद कार्यक्रम को पूरी तरह रक्षा मंत्रालय के बजट से फंड दिया जाएगा। इसे पहले ही राष्ट्रीय रक्षा की सर्वोच्च परिषद से मंज़ूरी मिल चुकी है। अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के बाद यह सौदा दस्तावेज़ीकरण के आखिरी चरण में है। इससे पूर्व, रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि रोमानियाई सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण दो चरणों में किया जाएगा।

# भारत हमास को आतंकी संगठन घोषित करे तो पड़ेगा बड़ा प्रभाव

**यरुशलम, एजेंसी**

- **इजराइली विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा- दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर**

इजराइली अधिकारी ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को बेहतरीन करार दिया और कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर मौजूद हैं।

इजराइली विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, इजराइल भारत के साथ-साथ बाकी दुनिया पर भी हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए दबाव डाल रहा है। अधिकारी ने कहा कि भारत अगर हमास को सूचीबद्ध करता है तो इसका एक मजबूत वैश्विक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, इजराइल और भारत के बीच संबंध बहुत मजबूत है और ये और भी मजबूत होते जा रहे हैं, नागरिक के साथ ही सैन्य और रक्षा सहयोग के संदर्भ में भी।

विदेश मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के पास साथ मिलकर काम करने के अनंत अवसर हैं। आईएमईसी परियोजना के बारे में अधिकारी ने कहा, इजराइल के लिए यह एक बहुत ही अच्छी पहल। हम इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। फिलहाल, दो देश ऐसे हैं जो हस्ताक्षरकर्ता नहीं हैं - जॉर्डन और इजराइल।

## इंडिगो संकट के कौन जिम्मेदार

भारतीय विमानन क्षेत्र के इतिहास में 2 दिसंबर 2025 का दिन काले अध्याय के रूप में जुड़ गया। इसी दिन से देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो की उड़ानें रद्द होनी शुरू हुईं और यह सिलसिला अब तक बरकरार है। इस बीच हर दिन सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से देश-विदेश के हजारों यात्री देश के अलग-अलग हवाई अड्डों पर फंस गए। कुछ यात्रियों को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई असंभव थी। इस पूरे घटनाक्रम से पूरी दुनिया में भारतीय विमानन की साख धराशायी हो गई, हैरतअंगेज यह भी रहा कि कोई जिम्मेदारी लेने आगे नहीं आया। इस घटनाक्रम ने भारत में हवाई यात्रा के नए जोखिमों की ओर भी इशारा किया है। सरकार ने अपने कुछ उन फैसलों को रद्द किया है जिन्हें संकट का प्रमुख कारण कहा गया, लेकिन इसे भविष्य में दोबारा ऐसा संकट खड़ा न होने की गारंटी नहीं माना जा रहा है।

## हवाई यात्रा के नए जोखिम



### संकट के प्रमुख कारण

- डीजीसीए की ओर से पायलटों के आराम के घंटे बढ़ाने और उड़ान के घंटों को सीमित करने के सख्त नियमों से एयरलाइन के रोस्टर पर प्रभाव पड़ा।
- इंडिगो ने महीनों बाद भी पर्याप्त पायलटों और चालक दल की भर्ती नहीं की, जिसके चलते नियमों के लागू होते ही कर्मचारियों की भारी कमी हो गई।
- एयरलाइन ने लागत कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी रखने में रुचि नहीं दिखाई और नए नियमों के अनुसार परिचालन में विफल हो गई।

### जिम्मेदारी और सवाल

- डीजीसीए ने सीधे तौर पर इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को योजना, निरीक्षण और संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण चूक के लिए जिम्मेदार ठहराया है।
- एयरलाइन अपने मौजूदा नेटवर्क के लिए नए मानदंडों के तहत जरूरी चालक दल की संख्या का सही अनुमान लगाने और प्रबंधन करने में विफल रही।
- विशेषज्ञों का यह भी तर्क है कि डीजीसीए को नियमों को चरणबद्ध तरीके से लागू करते समय एयरलाइंस की तैयारियों पर बेहतर निगरानी रखनी चाहिए थी।
- भारतीय विमानन बाजार में गहरी संरचनात्मक विफलता, जहां तीव्र विकास के साथ बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन में निवेश तालमेल नहीं बैठा पाए हैं।

### भविष्य के जोखिम

- भारत के घरेलू यात्री यातायात में इंडिगो की 60% से अधिक हिस्सेदारी है, इस एयरलाइन में कोई भी व्यवधान बड़े प्रभाव छोड़ सकता है।
- यह एकाधिकार और प्रणालीगत विफलता का उदाहरण है, एक एयरलाइन पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य में फिर संकट खड़ा कर सकती है।
- ताजा संकट के दौरान छोटे मार्गों पर भी टिकट की कीमतें 1.5 लाख रुपये से अधिक हो गईं, इससे यात्रियों के शोषण की मंशा उजागर हुई।
- पायलट यूनियनों और पूर्व नियामकों ने आरोप लगाया है कि एयरलाइन प्रबंधन ने परिचालन व्यवस्था की कीमत पर स्टाफ के हित की अनदेखी की।

### अंतर्राष्ट्रीय छवि पर प्रभाव

- हवाई अड्डों पर फंसे यात्रियों और अव्यवस्था के वीडियो सोशल मीडिया के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वायरल हुए।
- भारतीय विमानन पारिस्थितिकी तंत्र की कमजोरी उजागर हुई जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए किस्म की चिंताएं पैदा हुईं।
- विदेशी यात्रियों और एयरलाइनों के बीच भारतीय घरेलू बाजार की विश्वसनीयता पर सवाल उठने की आशंका भी पैदा हुई।

# बेनिन में सैनिक विद्रोह, तख्तापलट करने की कोशिश विफल, गोलीबारी

## सरकारी टीवी पर राष्ट्रपति को हटाने का एलान, सशस्त्र बलों ने पाया नियंत्रण

**कॉन्टोनू, एजेंसी**

पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र बेनिन में रविवार को घोषित तख्तापलट को विफल कर दिया गया है। सैनिकों के एक समूह ने इससे पहले विद्रोह शुरू करते हुए सरकारी टीवी पर आकर राष्ट्रपति और सभी सरकारी संस्थाओं को बर्खास्त करने का एलान किया। इस बीच राष्ट्रपति आवास के पास गोलीबारी भी हुई लेकिन बाद में गृहमंत्री ने घोषणा की कि तख्तापलट की कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है।

गृह मंत्री अलास्साने सेइदोउ ने कहा, रविवार, सात दिसंबर, 2025 की सुबह, सैनिकों के एक छोटे समूह ने देश और उसकी संस्थाओं को अस्थिर करने के उद्देश्य से विद्रोह शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, बेनिनी के सशस्त्र बल और उनका नेतृत्व गणतंत्र के प्रति प्रतिबद्ध रहे और इस स्थिति का सामना किया। उन्होंने तख्तापलट की कोशिशों को विफल कर दिया है। पश्चिम अफ्रीकी देशों में सिलसिलेवार तरीके से तख्तापलट होते रहे हैं। इस सिलसिले में यह सबसे ताजा मामला है।

इससे पहले बेनिन में सैनिकों के एक समूह ने सरकारी टीवी पर संबोधन के जरिए सरकार के तख्तापलट की घोषणा की थी। खुद को 'मिलिट्री कमेटी फॉर रीफाउंडेशन' कहने वाले सैनिकों के समूह ने राष्ट्रपति और सभी सरकारी संस्थाओं को हटाए जाने की घोषणा की। समूह ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल तिगरी को सैन्य समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



सरकारी टीवी पर तख्तापलट का एलान करते बेनिन की सेना के अधिकारी।

### आजादी मिलने के बाद कई बार हो चुके हैं तख्तापलट

वर्ष 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र बेनिन ने तख्तापलट की कई घटनाओं को देखा है। ताजा घटनाक्रम में राष्ट्रपति पैट्रिस टैलोन 2016 से सत्ता में थे और अगले साल अप्रैल में राष्ट्रपति चुनाव के बाद उन्हें पद छोड़ना था। टैलोन की ही पार्टी के उम्मीदवार, पूर्व वित्त मंत्री रोमुआल्ड वडाग्नि को चुनाव जीतने की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। देश में तेज होती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच विपक्षी उम्मीदवार रेनॉड अगबोडजो की उम्मीदवारी को निर्वाचन आयोग ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि उनके पास पर्याप्त प्रायोजक नहीं थे। इस घटना के बाद से बेनिन में राजनीतिक उथलपुथल बढ़ने लगी थी। पिछले महीने देश की विधायिका ने राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच वर्ष से बढ़ाकर सात वर्ष कर दिया था तथा कार्यकाल सीमा दो ही रखी थी। इससे राजनीतिक उथलपुथल ने और जोर पकड़ा। इसी के बाद नतीजा अचानक तख्तापलट की कोशिशों के रूप में सामने आया।

- अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय और अफ्रीकी संघ, इस घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। यह प्रयास ऐसे समय में हुआ है जब राष्ट्रपति टैलोन अगले साल अप्रैल में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बाद पद छोड़ने वाले थे। इस घटना से बेनिन में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

### राष्ट्रपति आवास पर तड़के हमला, राष्ट्रीय चैनल पर किया कब्जा

तख्तापलट के प्रयास की शुरुआत राजधानी पोर्टो-नोवो में राष्ट्रपति तालोन के आधिकारिक आवास पर तड़के हुए हमले से हुई। इसके तुरंत बाद, खुद को 'पुनर्निर्माण के लिए सैन्य समिति' कहने वाले सैनिकों ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कब्ज़ा कर लिया और राष्ट्रपति तालोन को सत्ता से बेदखल करने की घोषणा कर दी। साल 2016 से सत्ता में शीर्ष पर रहे राष्ट्रपति तालोन के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। इससे देश के शासक की वास्तविक स्थिति को लेकर भ्रम बना हुआ है। हालांकि, इन्हीं खबरों के बीच राष्ट्रपति पैट्रिस तालोन के कार्यालय की ओर से एक बयान में रविवार को दावा किया गया कि वे सुरक्षित हैं और सरकारी बलों ने स्थिति पर काबू पाने के साथ तख्तापलट की कोशिशों को नाकाम कर दिया है। बेनिन के गृह मंत्रालय ने कहा कि देश में तख्तापलट का प्रयास किया गया था लेकिन सेना की मदद से इसे नाकाम कर दिया गया। इस बीच, राजधानी में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। कुछ खबरों में कहा गया है कि राष्ट्रपति आवास के पास स्थित 'कैंप गेज़ो' में गोलीबारी हुई है। पूरे दिन स्थिति साफ नहीं हो सकी। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से इस स्थिति पर चिंता जताई गई है।

## शंघाई में अत्याधुनिक भवन में पहुंचा भारत का वाणिज्य दूतावास

**बीजिंग।** भारत ने शंघाई स्थित अपने वाणिज्य दूतावास के नए अत्याधुनिक भवन का रविवार को उद्घाटन किया। भारत ने चीन के मुख्य व्यापारिक केंद्र स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को 32 साल में पहली बार दूसरे भवन में स्थानांतरित किया है।

शंघाई वाणिज्य दूतावास चीन के पूर्वी क्षेत्र में भारत के तेजी से बढ़ते व्यापारिक समुदाय की सेवा करता है, जहां यिवू जैसे शीर्ष व्यापार और व्यवसाय केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में भारतीय व्यवसाय मौजूद हैं। चांगनिंग जिले के प्रमुख डॉनिंग सेंटर में 1,436.63 वर्ग मीटर में फैले विशाल नए वाणिज्य दूतावास भवन का उद्घाटन चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने किया। यह भवन पिछले भवन के आकार की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। वाणिज्य दूतावास 8 दिसंबर को नए परिसर से काम शुरू कर देगा। रावत ने 1992 के बाद पहली बार वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह वर्ष विशेष है क्योंकि भारत और चीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

# चीनी सैन्य विमान ने जापानी लड़ाकू विमानों को निशाने पर लिया, तनाव और बढ़ा

**टोक्यो, एजेंसी**

- **जापान ने चीन के समक्ष जताया विरोध, खतरनाक कृत्य बताया**

चीनी विमानवाहक पोत लिया ओनिंग से उड़ान भरने वाले सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया, इस पर जापान ने चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस घटना से दोनों देशों के बीच पहले से चल रहा तनाव और गहराता दिखने लगा है।

रडार लॉक का मतलब है कि किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया।

मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर रडार लॉक किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ उड़ान भरी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि रडार लॉक करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं।

जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने रविवार की सुबह पत्रकारों से कहा कि जापान ने चीन के समक्ष विरोध जताया है और इसे एक खतरनाक कृत्य करार देते हुए कहा कि यह सुरक्षित विमान संचालन के नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा, ऐसी घटना का होना अत्यंत निंदनीय है। हमने चीनी पक्ष के समक्ष सख्त विरोध जताया है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने मांग की है।

# अमूर्त विरासत संस्कृति की सबसे ज्यादा लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति : जयशंकर

## लाल किला परिसर में यूनेस्को की बैठक में बोले विदेश मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि परंपराएं, भाषाएं, संगीत, शिल्प कौशल और अमूर्त विरासत के अन्य रूप कई मायनों में संस्कृति की सबसे लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति हैं, जो सभी की साझा संपत्ति होती हैं और कई लोग इसका संरक्षण करते हैं।

यहां लाल किला परिसर में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण पर यूनेस्को की एक महत्वपूर्ण बैठक के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन के दौरान जयशंकर ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से कहा कि शांति और समृद्धि की साझा खोज में विरासत को पोषित करना और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना आवश्यक है। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतर-सरकारी समिति (आईसीएच) का 20वां सत्र आठ से 13 दिसंबर तक लाल किले में आयोजित होगा।

यह पहली बार है कि भारत यूनेस्को पैनल के किसी सत्र की मेजबानी कर रहा है। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के महानिदेशक खालिद अल-एनानी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी. शर्मा उपस्थित थे। मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा निर्मित लाल किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और एएसआई द्वारा संरक्षित एक स्मारक है।




दिल्ली में यूनेस्को की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर।

# शांति वार्ता के बीच रूस ने यूक्रेन की रोवनोये बस्ती पर भी किया कब्जा

**मॉस्को, एजेंसी**

रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसके त्सेन्ट्र बैटलग्रुप ने यूक्रेन की रोवनोये बस्ती पर कब्जा कर लिया है। यह समूह दिमित्रोव में यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई कर रहा है और डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक में ग्रिशिनो क्षेत्र को सैनिकों से मुक्त करा रहा है।

मंत्रालय ने कहा कि त्सेन्ट्र बैटलग्रुप की इकाइयों ने 'डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक की रोवनोये बस्ती को आजाद कराने का काम पूरा कर लिया है। रूसी सेना ने इस क्षेत्र के एक और गांव को घेर लिया है। बैटलग्रुप ने दावा किया है कि शनिवार को विभिन्न मोर्चों पर उसके अभियान में 480 यूक्रेनी सैन्यकर्मी मारे गए हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है, जबकि युद्ध खत्म करने के लिए शांति वार्ता तेज हो गई है, जिसमें मियामी में यूक्रेन-अमेरिका के बीच विस्तृत बातचीत भी शामिल है।

**रूसी हमलों में एक की मौत:** रविवार रात रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में यूक्रेन में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच तीसरे दिन की वार्ता समाप्त हो गई है।

# बंकरों-चौकियों के निर्माण में सेना ने शुरू किया थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल

**गंगटोक, एजेंसी**

- **भूभाग डिजाइन ,उन्नत छलावरण जरूरतों के अनुरूप है ये तकनीक**

भारतीय सेना ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद के सहयोग से सिक्किम के अग्रिम इलाकों में बंकरों, संतरी चौकियों और सुरक्षात्मक संरचनाओं के त्वरित निर्माण के लिए 'ऑन-साइट थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। रक्षा विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई।

रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि यह क्षमता पहले ही अन्य अभियानगत क्षेत्रों में अपनी उपयोगिता साबित कर चुकी है और अब सिक्किम के 'त्रिशक्ति कोर' ने इसका प्रभावी उपयोग शुरू किया है। बयान में कहा गया, स्वदेशी 'रोबोटिक थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटर' रोबोटिक आर्म, सर्कुलर मिक्सर, पिस्टन पंप और जनरेटर से लैस है। इसे वाहनों से पहाड़ी इलाकों में तीव्र गति से लाया-ले जाया जा सकता है।

बयान में कहा गया है कि थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग अनुकूलित डिजाइन, विस्फोट और बैलिस्टिक प्रतिरोध में वृद्धि, अधिक दाब-सहनशीलता, बेहतर गुणवत्ता नियंत्रण, स्थानीय सामग्री के प्रभावी उपयोग और सामरिक रूप से स्वीकार्य समय-सीमा के भीतर तेज निर्माण सहित कई परिचालन लाभ प्रदान करती है। यह भू-भाग-विशिष्ट डिजाइन और उन्नत छलावरण आवश्यकताओं के भी अनुरूप है।


कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण इलाकों में तेज, टिकाऊ और मिशन-केंद्रित आधारभूत संरचना विकसित करने में सक्षम 'ऑन-साइट 3डी प्रिंटिंग' का निरंतर उपयोग सेना की इंजीनियरिंग और परिचालन क्षमता में एक महत्वपूर्ण प्रगति दर्शाता है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 दिसंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 16.03 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- पुष्य 09 दिसंबर 02.52 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** - आज दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वो आपको काफी परेशान कर सकता है। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें।

**वृष** - आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**मिथुन** - आज आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**कर्क** - आज प्रेम संबंधों को विवाह का स्वरूप दे सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा।

**सिंह** - आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।

**कन्या** - आज फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके खर्चों में कमी आएगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है।

**तुला** - आज सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय अधिक व्यर्थ करेंगे।

**धनु** - आज आप कोई नया कार्य आरंभ करने से बचें। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है।

**मकर** - आज तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। आपके प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी।

**कुंभ** - आज आपका दिन अत्यंत व्यस्त रहेगा। एक साथ अनेक कार्य संभालने पड़ेंगे। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**मीन** - आज प्रेमी जन को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ट व मधुर होंगे। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें।

## सुडोकू -184

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 3 | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 1 | | | | | |
| | | | | 9 | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | 5 | 8 | | | | | |

### सुडोकू - 183 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 2 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 9 |



> जरूरत से ज्यादा अभ्यास करना इंग्लैंड को भारी पड़ा। टीम के लिए एशेज की ऐतिहासिक ट्रॉफी को हासिल करने के लिए सीरीज के बचे हुए तीनों टेस्ट मैचों को जीतना जरूरी है।
>
> –ब्रेंडन मैकुलम, इंग्लैंड के मुख्य कोच


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, सोमवार, 8 दिसंबर 2025


## हाईलाइट

### निशानेबाजी विश्व कप में सिमरनप्रीत ने जीता स्वर्ण पदक

**दोहा :** युवा सिमरनप्रीत कौर बरार ने रविवार को यहां मुश्किल मुकाबले में जीत हासिल करके महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अपने पदार्पण में रजत पदक अपने नाम किया। ऐश्वर्य ने इस तरह इस खेल में सभी संभावित विश्व और महाद्वीपीय चैंपियनशिप में पदकों का सेट पूरा कर लिया। इस साल की शुरुआत में लीमा में विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली सिमरनप्रीत के पिता ने अपनी बेटी के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। इस निशानेबाज ने फाइनल में 41 का शानदार स्कोर बनाकर अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की और अपने माता-पिता को फक्र महसूस कराया।

### टेनिस से संन्यास लेंगी सोराना सिर्स्टिया

**बुखारेस्ट (रोमानिया) :** रोमानिया की महिला टेनिस खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया ने सोशल मीडिया मंच पर कहा है कि वह 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी। 35 साल की रोमानियाई खिलाड़ी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि डब्लयूटीए टूर पर उनका 20वां सीजन का आखिरी साल होगा। सिर्स्टिया ने लिखा मुझे टेनिस बहुत पसंद है। मुझे इसका अनुशासन, रूटीन, कड़ी मेहनत पसंद है। मुकाबला और एड्रेनालाईन मेरी आत्मा को एनर्जी देते हैं। लेकिन जिदगी में हर चीज की तरह, इसका भी अंत होना है।

### सारस्वत ने जीता पहला सुपर 100 खिताब

**गुवाहाटी :** राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने रविवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में मिथुन मंजूनाथ को तीन गेम में हराकर अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। जोधपुर के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने स्मैश की बौछार करके पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ को 21-11, 17-21, 21-13 से हराया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच यह फाइनल 50 मिनट तक चला। हालांकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को महिला एकल फाइनल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से 18-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह उप विजेता रहीं।



मेहंदी की रस्म के दौरान की तस्वीर। फाइल फोटो

## मंधाना और पलाश ने रिश्ता खत्म करने की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को घोषणा की कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है। उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से अटकलों पर विराम लगाने का आग्रह किया, जबकि संगीतकार पलाश मुच्छल ने पुष्टि की कि उन्होंने रिश्ते से आगे बढ़ने का फैसला किया है। मुच्छल ने अपमानजनक अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

भारत की सबसे प्रमुख महिला क्रिकेटरों में से एक मंधाना ने पिछले महीने अपनी निजी जिंदगी को लेकर अफवाहें तेज होने के बाद



- निजता बनाए रखने की अपील की, 23 नवंबर को होनी थी शादी

सोशल मीडिया पर अपना पहला सार्वजनिक बयान जारी किया। मंधाना ने लिखा मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा करने का अनुरोध करती हूं।

### मैंने आगे बढ़ने का फैसला किया है : मुच्छल

मंधाना की पोस्ट के तुरंत बाद पलाश मुच्छल ने भी बयान जारी किया, जिसमें पुष्टि की गई कि उन्होंने आगे बढ़ने का फैसला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा को आधारहीन करार देते हुए इस पर दुख भी व्यक्त किया। मुच्छल ने कहा मैंने अपने जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है। मेरे लिए यह देखना बहुत मुश्किल रहा है कि जो चीज मेरे लिए सबसे पवित्र है उसको लेकर लोग निराधार अफवाहों पर इतनी सहजता से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने लिखा यह मेरे जीवन का सबसे मुश्किल दौर है और मैं अपने विश्वास पर कायम रहते हुए इसका सामना करूंगा। मुछाल ने लोगों से आग्रह किया कि वे असत्यापित दावों को बढ़ावा देने से पहले विचार करें।

मंधाना की 23 नवंबर को मुच्छल से शादी होने वाली थी, लेकिन इस स्टार क्रिकेटर के पिता श्रीनिवास को दिल से जुड़ी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था जिसके कारण शादी स्थगित कर दी गई थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा पिछले कुछ सप्ताह से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर अपनी बात रखना महत्वपूर्ण है। खुद को एक बेहद निजी इंसान करार देते हुए मंधाना ने कहा कि चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत के कारण उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने प्रशंसकों और जनता से अनुरोध किया कि वे दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें और उन्हें इससे निपटने और आगे बढ़ने के लिए जगह दें। भारत के आगामी अंतर्राष्ट्रीय सत्र की तैयारी कर रही मंधाना ने कहा कि उनका ध्यान पूरी तरह से क्रिकेट पर है।

उन्होंने कहा मेरा मानना है कि हम सभी का (जीवन में) एक बड़ा उद्देश्य होता है और मेरे लिए वह उद्देश्य हमेशा अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करना रहा है। मुझे उम्मीद है मैं लंबे समय तक भारत के लिए खेलती रहूंगी।

## युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन अविश्वसनीय

### मुख्य कोच गौतम गंभीर बोले- सीनियर खिलाड़ियों के अलावा अन्य की भी प्रशंसा जरूरी

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है, लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

गंभीर ने उम्मीद जताई कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत की नौ विकेट से जीत के बाद पत्रकारों से कहा वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने कई बार कहा है कि वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। वे इस प्रारूप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ड्रेसिंग रूम में उनका अनुभव वास्तव में बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा वे वही कर रहे हैं जो वे करते रहे हैं। वे भारतीय क्रिकेट के लिए इतने लंबे समय से ऐसा प्रदर्शन करते



टी-20 क्रिकेट मैच से पहले भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचे कोच गौतम गंभीर। एजेंसी

आ रहे हैं। उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को विश्राम दिए जाने तथा शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की चोट के कारण अनुपस्थिति ने भारत को कुछ युवा खिलाड़ियों के कौशल को परखने का मौका दिया।

गंभीर हर्षित राणा के गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरने से विशेष रूप से प्रसन्न थे। उन्होंने कहा हम हर्षित जैसे खिलाड़ी को इस तरह से तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो वास्तव में नंबर आठ पर बल्लेबाजी करते हुए अपना योगदान दे सके। हमें इसी तरह संतुलन बनाना होगा, क्योंकि दो साल बाद (2027 वनडे विश्व कप के लिए) दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हमें तीन अच्छे तेज गेंदबाजों की भी ज़रूरत होगी। अगर वह एक गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में खुद को स्थापित करता है तो यह हमारे लिए अच्छा होगा। गंभीर भी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन से प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा इस श्रृंखला में अर्शदीप, प्रसिद्ध और हर्षित का प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा।

### रोहित और कोहली के साथ अलग तरह से व्यवहार करना होगा : बांगड़

**विशाखापत्तनम :** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का पिछले कुछ वर्षों में प्रदर्शन को देखते हुए उनके साथ अलग तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए और वनडे टीम में उनकी जगह को लेकर कभी भी बहस नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर इस सीनियर जोड़ी के 2027 विश्व कप तक फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने को लेकर भले ही संशय में हो सकते हैं, लेकिन दोनों बल्लेबाजों ने पिछले छह वनडे मैचों में तीन शतक (कोहली के दो) और पांच अर्धशतक (रोहित के तीन) लगाकर बतला दिया है कि उनका कोई सानी नहीं है।

### रोहित से मजाकिया बातचीत के बाद कुलदीप ने कहा, 'डीआरएस लेने में गलत रहता हूं'

**विशाखापत्तनम :** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे। कुलदीप ने बीसीसीआई के वीडियो में कहा साफ जाहिर है कि डीआरएस लेने के मामले में मेरा आकलन सही नहीं रहता। मुझे लगता है कि एक डीआरएस मेरे लिए आरक्षित रहता है। उन्होंने कहा एक गेंदबाज होने के कारण आपको हमेशा यह लगता है कि यह आपका विकेट है, यह आउट है। लेकिन रोहित भाई, केएल भाई, वे विकेट के पीछे खड़े होते हैं इसलिए उन्हें बेहतर अंदाजा होता है कि गेंद स्टंप्स को छोड़कर जा रही है या नहीं। गेंद की ऊंचाई और प्रभाव के बारे में उन्हें बेहतर जानकारी होती है।



ब्रिस्बेन टेस्ट मैच जीतने के बाद जश्न मनाते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी। एजेंसी

## ऑस्ट्रेलिया की दूसरे टेस्ट में भी शानदार जीत

**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

**ब्रिस्बेन टेस्ट**

- एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ 2-0 की बढ़त हासिल की

ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली।

चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000 टेस्ट रन पूरे किए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए। इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी।

### हम दबाव का सामना नहीं कर पाए हैं: स्टोक्स



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली आठ विकेट से करारी हार पर कहा कि हम दबाव का सामना नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि हम कमजोर नहीं है और वापसी के लिए जरूरत पड़ने पर जोश दिखाना होगा। मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि हम मैच में दबाव का सामना नहीं कर पाये। इंग्लैंड को सीरीज में बने रहे के लिए और अधिक संघर्ष करना होगा।



ट्रॉफी के साथ इंटर मियामी की टीम। एजेंसी

## मेसी ने इंटर मियामी को पहला एमएलएस कप खिताब दिलाया

**फोर्ट लॉडरडेल, एजेंसी**

- थॉमस मुलर के साथ प्रतिद्वंद्विता में लियोनेल ने बाजी मारी

थॉमस मुलर ने लियोनेल मेसी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है, लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के शनिवार को खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली।

मुलर और मेसी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेस्सी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन शनिवार को अर्जेन्टीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को एमएलएस कप फाइनल में मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

मेसी ने मैच के बाद कहा तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

मेसी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रैंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं।

**साक्षात्कार**

**एफआईएच अध्यक्ष बोले- ओलंपिक की मेजबानी दूर की बात नहीं**

## भारत सरकार का फोकस खेलों पर : तैयब इकराम

**चेन्नई, एजेंसी**

भारत की मेजबानी में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2030 में हॉकी की मजबूती से वापसी का दावा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा कि खेलों पर भारत सरकार के फोकस को देखते हुए ओलंपिक की मेजबानी अब दूर की बात नहीं है। भारत को दो दशक बाद राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली है जो 2030 में अहमदाबाद में आयोजित होंगे जिसे 2036 ओलंपिक की भारत की दावेदारी पुख्ता करने के लिये एक अहम कदम माना जा रहा है। यहां जूनियर हॉकी विश्व कप से इतर भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में भारत की ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के बारे में पूछने पर इकराम ने कहा, "हमें इस तरह की उम्मीदवारी पसंद है और यह अच्छा भी है क्योंकि इसमे अलग हितधारक और प्रतिस्पर्धी होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2030 भी भारत में हो रहे है।

उन्होंने कहा इस समय भारत सरकार का फोकस खेलों और खेलों की मेजबानी पर है लिहाजा ओलंपिक की मेजबानी बहुत दूर की बात नहीं है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में बजट में कटौती के लिये कई खेलों को रोस्टर से हटाया गया है जिनमे हॉकी भी शामिल है लेकिन एफआईएच अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि 2030 में हॉकी की मजबूती से वापसी होगी। उन्होंने कहा अगले साल होने वाले खेल राष्ट्रमंडल खेल के लिये काफी कठिन और चुनौतीपूर्ण हैं। लेकिन हॉकी राष्ट्रमंडल का हिस्सा रही है और हमेशा रहेगी। हमारी राष्ट्रमंडल खेल से लगातार अच्छी बातचीत हो रही है और 2030 में हॉकी की और मजबूती से वापसी होगी। व्यावसायिक दृष्टि से भारत को वैश्विक हॉकी का महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए एफआईएच अध्यक्ष ने कहा कि खेल को क्रिकेट या बाकी खेलों की तरह लोकप्रिय बनाने के लिये भारत बड़ा मंच है और यही वजह है कि यहां पिछले एक दशक में काफी वैश्विक हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किये गए हैं। भारत में 2016 पुरुष जूनियर विश्व कप (लखनऊ), 2014 चैम्पियंस ट्रॉफी (भुवनेश्वर), 2018 सीनियर पुरूष विश्व कप (भुवनेश्वर), 2023 सीनियर पुरुष विश्व कप (भुवनेश्वर और राउरकेला) के अलावा महिला और पुरूष एशिया कप और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी का भी आयोजन किया गया है।

इकराम ने कहा यह भारत ही नहीं बल्कि विश्व हॉकी के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा एफआईएच समानता, विविधता और समावेशिता का पक्षधर रहा है। यह हमारा प्रोजेक्ट और थीम है जो सिर्फ समान संख्या में अधिकारियों या खिलाड़ियों को लेकर नहीं है बल्कि सामर्थ्य निर्माण के बारे में भी है ताकि भविष्य में मजबूत महिला अधिकारी, खिलाड़ी और नायक निकल सके। यह एफआईएच की सशक्तिकरण और जुड़ाव की नीति के काफी करीब है।

### भारत हॉकी का घर, यहां लोग खेलों से करते हैं प्यार



अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा भारत हॉकी का घर हैं और यहां लोग खेलों से प्यार करते हैं। क्रिकेट यहां काफी लोकप्रिय है लेकिन भारत में एफआईएच और अन्य एशियाई टूर्नामेंटों की मेजबानी से दर्शक हॉकी की ओर भी आ रहे हैं। मेरे लिये यह बहुत अहम है कि हॉकी उस स्तर पर पहुंचे जहां क्रिकेट जैसे दूसरे खेल हैं। उन्होंने कहा भारत यह साबित करने के लिये सबसे बड़ा मंच है और यह हो रहा है। हमे सबसे ज्यादा दर्शक संख्या भारत से मिल रही है जो यह अपने आप में सब कुछ कहता है। जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पहली बार महिला अंपायरों की नियुक्ति की गई है और इकराम ने इसे लैंगिक समानता की एफआईएच की मुहिम का अहम कदम बताया। उन्होंने कहा यह खेलों में महिला सशक्तिकरण की अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और संयुक्त राष्ट्र की मुहिम का हिस्सा है।

## अर्जेंटीना पर रोमांचक जीत से स्पेन पहली बार फाइनल में

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

**चेन्नई, एजेंसी**

स्पेन ने रविवार को यहां एक कड़े मुकाबले में दो बार के चैंपियन अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर पहली बार एफआईएच जूनियर विश्व कप फाइनल में जगह बनाई।

स्पेन ने मैच की शुरुआत में ही दबदबा बनाते होते हुए पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और मारियो मेना ने रिबाउंड पर गोल करके बढ़त बना ली। एक मिनट बाद अर्जेंटीना को भी अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे इस मौके का फायदा नहीं उठा पाए। स्पेन ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और 17वें मिनट में एक शॉर्ट कॉर्नर हासिल किया जिसे अर्जेंटीना के गोलकीपर जोकिन एस रुइज ने शानदार तरीके से बचा लिया। अर्जेंटीना ने आखिरकार 21वें मिनट में पेनल्टी पर जुआन फर्नांडीज के गोल से बराबरी कर ली। स्पेन ने 56वें मिनट में अल्बर्ट सेराहिमा के गोल से मैच जीत लिया। वहीं, बेल्जियम ने पिछले चरण की उप विजेता टीम फ्रांस को 3-2 से हराकर पांचवें-छठे स्थान के लिए होने वाले क्लासिफिकेशन मैच में जगह बनाई। बेल्जियम के लिए मैथिस लॉवर्स, मैक्सिमिलियन लैंगर और ह्यूगो लाबुचेरे ने गोल किए।



अर्जेंटीना के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते स्पेन के खिलाड़ी। एजेंसी

### जर्मनी से नहीं जीत पाई भारतीय टीम

भारतीय हॉकी टीम जूनियर विश्व कप के सेमीफाइनल में जर्मनी से 1-5 से हार गई। कांस्य पदक के लिए अर्जेंटीना से मुकाबला होगा।